माघ शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 13 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 19, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सूर्य के समाप्त होने के बाद भी सुरक्षित रहेगा बृहस्पति 16

राजामौली की फिल्म में महेश संग विदेशी अदाकारा 15

## एक नजर

### खुदरा महंगाई तीन महीने के निचले स्तर 5.1% पर आई

**नई दिल्ली।** खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी आने के कारण इस वर्ष जनवरी में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई तीन महीने के निचले स्तर 5.10 प्रतिशत पर आ गई। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2023 में खुदरा महंगाई 5.69 प्रतिशत रही है, जबकि जनवरी 2023 में यह 6.52 प्रतिशत पर रही थी। अगस्त 2023 में यह महंगाई 6.83 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर रही थी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2024 में खाद्य पदार्थों की महंगाई 8.3 प्रतिशत रही, जबकि दिसंबर 2023 में यह 9.53 प्रतिशत और जनवरी 2023 में यह 6.0 प्रतिशत रही थी।

### सिसोदिया को तीन दिन की अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को तीन दिन की जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने क्रमश: केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में 13 से 15 फरवरी तक सिसोदिया को राहत दी। सीबीआई ने अब निरस्त की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को बनाने एवं क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार को लेकर 26 फरवरी, 2023 को पूर्व उपमुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया था। ईडी ने सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद उन्हें संबंधित धनशोधन मामले में नौ मार्च, 2023 को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार कर लिया था।

### अब एम्स में स्मार्ट कार्ड से होंगे सभी भुगतान

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अब मरीज या उनके तीमारदारों के साथ लूटपाट की घटनाएं नहीं हो पाएंगी। दरअसल, एम्स ने स्टेट बैंक की सहायता से एम्स ने एक स्मार्ट कार्ड विकसित किया है, जिससे सभी तरह का भुगतान किया जा सकेगा। इस स्मार्ट कार्ड के जरिए न सिर्फ मरीज और उनके तीमारदार किसी भी मद में भुगतान कर सकेंगे, बल्कि दूर दराज से पैसा भी ऑनलाइन मंगवा सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने स्टेट बैंक द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड जारी किया। इस अवसर पर उनके साथ एम्स निदेशक डॉ. एम. श्रीनिवास और स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक मनजीत सिंह सहित कई अधिकारी एवं मरीज के तीमारदार भी थे।

### एल्गार मामला: नवलखा की जमानत पर रोक बढ़ी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में कार्यकर्ता गौतम नवलखा को जमानत देने के अपने आदेश के क्रियान्वयन पर बंबई उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक को सोमवार को बढ़ा दिया। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने मामले की सुनवाई को मार्च के पहले सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दिया। पीठ ने कहा, 'इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि उच्च न्यायालय ने जमानत आदेश पर पहले ही रोक लगा दी है, इसे सुनवाई की अगली तारीख तक बढ़ा दिया गया है।'

# राज्यों में उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति असंवैधानिक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह बस एक ओहदा, अतिरिक्त लाभ नहीं मिलता

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों में उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति की परंपरा पर सवाल उठाने वाली एक जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 'पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी' की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि उप-मुख्यमंत्री सिर्फ एक पदवी है, जो किसी भी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं करती है।

पीठ ने याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वकील से कहा कि उपमुख्यमंत्रियों को केवल दूसरे मंत्रियों से वरिष्ठ माना जाता, लेकिन वे उनसे अधिक वेतन नहीं लेते हैं। इसके बाद वकील ने दलील दी कि उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति सरकारी विभाग में अन्य अधिकारियों के लिए गलत उदाहरण स्थापित कर रही है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, 'उनकी नियुक्ति का आधार क्या है। आधार केवल धर्म और समाज का विशेष संप्रदाय है। ऐसे उप मुख्यमंत्री के पद पर नियुक्ति का कोई अन्य आधार नहीं है।' पीठ ने हालांकि कहा कि एक उप मुख्यमंत्री एक विधायक और एक मंत्री होता है।

# कतर की जेल में बंद भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारी रिहा

नई दिल्ली, एजेंसी

कतर ने जेल में बंद भारतीय नौसेना के उन आठ पूर्व कर्मियों को रिहा कर दिया है, जिन्हें कथित रूप से जासूसी के एक मामले में पिछले साल अक्टूबर में मौत की सजा सुनाई गई थी। इनमें से सात भारत लौट आए हैं। रिहाई से 46 दिन पहले उनकी मौत की सजा को अलग अलग अवधि की कारावास सजा में तब्दील किया गया था।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई की अपनी यात्रा के बाद 14 फरवरी को कतर की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि रिहा किए गए आठ भारतीय नागरिकों में से सात भारत लौट आए हैं और देश अपने नागरिकों की रिहाई तथा उनकी घर वापसी को संभव बनाने के लिए कतर के अमीर के फैसले की सराहना करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'भारत सरकार कतर में हिरासत में लिए गए दहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम करने वाले आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई का स्वागत करती है।'

मंत्रालय ने कहा, 'रिहा किए गए आठ भारतीयों में से सात भारत लौट आए हैं। हम इनकी रिहाई और घर वापसी को संभव बनाने के लिए कतर के अमीर के फैसले की सराहना करते हैं।' कैप्टन (सेवानिवृत्त) नवतेज गिल और सौरभ वशिष्ठ, कमांडर (सेवानिवृत्त) पूर्णेंदु तिवारी, अमित नागपाल, एसके गुप्ता, बीके वर्मा, और सुगुनाकर पकाला और नाविक (सेवानिवृत्त) रागेश को सजा सुनाई गई थी। तिवारी दोहा में ही रुके हैं।



▸▸ सात भारत लौटे, अगस्त 2022 में जासूसी के आरोप में किया गया था गिरफ्तार

### रिहाई में डोभाल ने निभाई अहम भूमिका

नौसेना के पूर्व कर्मियों को 26 अक्टूबर को कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। अपीलीय अदालत ने 28 दिसंबर को मृत्युदंड को कम कर दिया था और पूर्व नौसैन्य कर्मियों को अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई थी। भारतीय नागरिकों को जासूसी के एक कथित मामले में अगस्त 2022 में गिरफ्तार किया गया था। अपीलीय अदालत ने मौत की सजा को कम करने के बाद उन्हें उनकी जेल की सजा के आदेश के खिलाफ अपील करने के लिए 60 दिन का समय दिया था। यह पता चला है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भारतीय नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित करने में कतर के अधिकारियों के साथ बातचीत में भूमिका निभाई थी।

### केंद्रीय मंत्रियों ने बताया कूटनीतिक जीत

पूर्व नौसैनिकों की रिहाई को केंद्रीय मंत्रियों ने भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत बताया। स्मृति ईरानी ने पूर्व नौसैनिकों का स्वागत करते हुए कहा, 'जैसे ही हमारे नौसेना के दिग्गज भारतीय धरती पर लौटे तो उन्होंने इसे संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उनके शब्द प्रधानमंत्री के प्रभावशाली नेतृत्व में वैश्विक मंच पर भारत के राजनयिक कौशल को रेखांकित करते हैं।' अनुराग ठाकुर ने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मतलब दुनिया भर में भारत के लोगों के जीवन और स्वतंत्रता की गारंटी है।'

# नीतीश सरकार शक्ति परीक्षण में पास, विपक्ष ने किया वॉकआउट

## समर्थन में 129 वोट पड़े, राजद में टूट, तीन सदस्यों ने सरकार के पक्ष में की वोटिंग

पटना, एजेंसी

बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने विधानसभा में मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तीन सदस्यों के साथ से विश्वास मत शून्य के मुकाबले 129 से जीत लिया।

विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने करीब डेढ़ बजे विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया, जिस पर 2 घंटे से अधिक हुई चर्चा के बाद मतदान कराया गया, लेकिन मतदान से पहले ही राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए। प्रस्ताव के पक्ष समर्थन में 129 मत पड़े। इससे पहले सभाध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 125 के मुकाबले 112 मत से पारित हो जाने के कारण आसन पर उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी बैठे थे। इसलिए वह मतदान नहीं कर सके। हजारी जदयू के विधायक हैं। सरकार के पक्ष में राजद के तीन विधायक चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव ने भी मतदान किया। वहीं सत्ता पक्ष के एक विधायक दिलीप राय सदन में अनुपस्थित थे। 243 सदस्यीय बिहार विधान सभा में राजग के 128 विधायक हैं। इनमें भाजपा के 78, जदयू के 45, हम के 04 और 01 निर्दलीय शामिल हैं।



शक्ति परीक्षण से पहले विधानसभा पहुंचे नीतीश कुमार अभिवादन स्वीकारते हुए।

### राजद के लोग सत्ता में रहकर कमाई कर रहे थे: नीतीश

विश्वास मत पर हुई चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश ने उनके मंत्रिमंडल में रहे राजद कोटे से रहे मंत्रियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा, "जब राजद के साथ हम सरकार बनाए थे तो शुरू में सब ठीक था, लेकिन बाद में पता चला कि वो लोग सरकार में रहकर कमाई कर रहे हैं। आज तक मेरी सरकार में ऐसा कभी नहीं हुआ।" उन्होंने कहा कि राजद ने सरकार में बहुत गलत काम किया। वह इसकी जांच कराएंगे।

### तेजस्वी का नीतीश पर तंज, बोले- ना पलटने की गारंटी मोदी जी लेंगे



बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार ने विश्वास प्रस्ताव पेश किया तो तेजस्वी यादव ने भाजपा और जदयू को निशाने पर लिया। विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत में तेजस्वी ने कहा, 'मोदी जी की गारंटी तो बहुत मजबूत गारंटी है। ऐ मोदी की गारंटी वालो, क्या मोदी जी गारंटी लेंगे कि ये फिर से पलटेंगे या नहीं। बताइए। मोदी जी की गारंटी वालों बताओ। खैर हमको इसकी चिंता नहीं है।' नीतीश कुमार से तेजस्वी यादव ने कहा, 'कम से कम एक बार बता तो देते। आप तो कुछ बताए भी नहीं। हम आपको कुछ कहे हैं। आप हमसे कहे होते तो हम बाहर से समर्थन दे दिए होते।'

# अब न दंगा होता है, न सरकारी नौकरी में वसूली: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ भाजपा की ग्राम परिक्रमा यात्रा का मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ बांगर से मुख्यमंत्री ने की शुरुआत

▸▸ कहा, 119 चीनी मिलों में 105 मिलें 10 दिन से कम समय में कर रहीं बकाया भुगतान

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मुजफ्फरनगर जिले के शुकतीर्थ बांगर से भाजपा की ग्राम परिक्रमा यात्रा शुरू करते हुए कहा कि पहले की सरकारों में आए दिन दंगा होते थे। सरकारी नौकरियों में डाका डाला जाता था। मगर अब न कहीं दंगा होता है, न ही सरकारी नौकरी में वसूली।

मुख्यमंत्री ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और धनराशि का चेक देते हुए कहा कि पिछले वर्ष का 99 प्रतिशत से ज्यादा गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। प्रदेश में क्रियाशील 119 चीनी मिल में से 105 चीनी मिलें 10 दिन से कम समय में गन्ना किसानों का भुगतान कर रही हैं। बाकी बची मिलों पर दबाव बनाया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार अन्नदाता किसान की मेहनत का पैसा दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने की बड़ी वजह अन्नदाता किसान हैं। हमारे एजेंडे में किसान सबसे पहले हैं।



मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुजफ्फरनगर का दंगा कई महीनों तक चला था। उसे कोई नहीं भूल सकता है। 2017 में हमने आपसे सुरक्षा वादा किया था। आज पूरा प्रदेश सुरक्षित है और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। कहा कि पहले की सरकारें सरकारी नौकरियों में डाका डालती थी। अपने भाई, भतीजों और परिवार के लोगों को सरकारी नौकरियों में भरते थे। प्रदेश का नौजवान ठगा रह जाता था। आज प्रदेश में लगभग 60 हजार नागरिक पुलिस आरक्षियों की बिना भेदभाव के भर्ती हो रही है।

### नौ संकल्पों को लेकर चल रही ग्राम परिक्रमा यात्रा

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा द्वारा निकाली जा रही ग्राम परिक्रमा यात्रा 9 संकल्पों को लेकर चल रही है। ये संकल्प जल संरक्षण, डिजीटल भुगतान, स्वच्छता अभियान, वोकल फॉर लोकल, घरेलू पर्यटन, जैविक खेती, मिलेट्स, ग्रामीण खेल, स्वास्थ्य और आर्थिक रूप से वंचित किसानों की मदद है। यात्रा के माध्यम से किसानों और ग्रामीणों को सभी 9 संकल्पों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री संजीव कुमार बलियान, प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल, फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर, विधान परिषद सदस्य वंदना वर्मा आदि शामिल रहे।

# पूर्व सीएम अशोक चह्वाण ने कांग्रेस छोड़ी

मुंबई, एजेंसी

▸▸ महाराष्ट्र के कई नेताओं के साथ भाजपा में हो सकते हैं शामिल



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की संभावना है। चव्हाण ने इस संबंध में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को एक पत्र लिखा है और राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को विधानसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा भी भेजा है।

हाल के वर्षों में महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस पार्टी को एक के बाद एक कई झटके लगे हैं, क्योंकि पार्टी के प्रमुख नेताओं मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी और उल्हास पाटिल सहित कई प्रमुख नेता पार्टी छोड़कर भाजपा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल हो गए। सूत्रों के मुताबिक चव्हाण वर्तमान विधायकों समेत कुछ बड़े नेताओं के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने उनके अगले राजनीतिक कदम के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह अगले दो दिनों में इस पर फैसला करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भाजपा में शामिल होंगे, चव्हाण ने कहा, "मैंने भाजपा में शामिल होने पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है, भाजपा की कार्य प्रणाली के बारे में नहीं जानता।"

### नेशनल कॉन्फ्रेंस की पूर्व एमएलसी शहनाज गनई भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) की पूर्व नेता और विधान परिषद की पूर्व सदस्य शहनाज गनई सोमवार को भाजपा में शामिल हो गईं। केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह और भाजपा महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में गनई ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा नेताओं ने इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति और क्षेत्र में महिलाओं के लिए गनई के काम की सराहना की। गनई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने लोगों के लिए काफी अच्छे काम किए हैं और 'सबका साथ, सबका विकास' के उनके दर्शन से वह प्रभावित हैं।

# राजस्थान से भाजपा ने गरासिया और मदन राठौर को बनाया रास उम्मीदवार

**जयपुर।** भाजपा ने राज्यसभा के लिए राजस्थान से दो उम्मीदवारों के नाम के ऐलान किया है। पार्टी ने चुन्नी लाल गरासिया और मदन राठौर को उम्मीदवार बनाया है। केंद्रीय चुनाव समिति ने दोनों के नामों पर मुहर लगाई है। राज्यसभा की सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव होने हैं। आदिवासी समुदाय से आने वाले गरासिया राज्य सरकार के पूर्व मंत्री हैं, जबकि राठौड़ पूर्व विधायक हैं। मदन राठौड़ पाली की सुमेरपुर विधानसभा सीट से दो बार विधायक रहे हैं। वह 2003 में पहली बार विधायक बने थे। वहीं 2013 में दूसरी बार विधायक बनकर विधानसभा पहुंचे थे। चुन्नीलाल गरासिया पूर्व मंत्री और संगठन में कई पदों पर रहे है। गरासिया वर्तमान में भाजपा में प्रदेश उपाध्यक्ष है। राज्यसभा की तीन सीटों के लिए राजस्थान विधानसभा में 27 फरवरी को मतदान होना है। भाजपा, कांग्रेस, निर्दलीय और अन्य दलों के प्रत्याशियों की संख्या के हिसाब से राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के दो और कांग्रेस के एक प्रत्याशी की जीत तय मानी जा रही है।

# रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने राजग में शामिल होने का किया ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बदलेंगे चुनावी समीकरण



राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी ने सोमवार को भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन राजग में शामिल होने का ऐलान कर दिया। हालांकि जयंत का एनडीए में शामिल होना कई दिनों से तय माना रहा था, लेकिन आधिकारिक पुष्टि का इंतजार था। अब जयंत के राजग में जाने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनावी समीकरण भी पूरी तरह बदल जाएंगे।

जयंत चौधरी ने राजग में जाने के सवाल पर पत्रकारों से बात भी की। जब उनसे पूछा गया कि खबर आ रही है कि आप राजग में जा रहे हैं, लेकिन खबर ये भी आ रही हैं कि आपके विधायक नाराज हैं। इस सवाल के जवाब में जयंत चौधरी ने कहा कि मैंने दल के सभी विधायकों, कार्यकर्ताओं से बात की है और फिर यह फैसला लिया है। इस फैसले के पीछे कोई बड़ी प्लानिंग नहीं रही है या बहुत समय से हम यही सोचे बैठे हों। बहुत कम समय में यह फैसला हमें लेना पड़ा। परिस्थितियों के कारण हमें यह फैसला लेना पड़ा।

बता दें कि बीते दिनों चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देने का केंद्र सरकार ने ऐलान किया था। इसका जिक्र करते हुए जयंत चौधरी ने कहा, ''जब भारत रत्न से नवाजा गया है तो यह सिर्फ मेरे परिवार के लिए नहीं, देश के किसानों, गरीबों के लिए सम्मान की बात है।''

# पत्नी-बच्ची की हत्या की, खुद को चाकू मारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ कानपुर की चकेरी कांशीराम कॉलोनी फेज-1 में हुई घटना

▸▸ सूदखोरों से परेशान होने की बात एक नोट में लिखी

**अमृत विचार:** चकेरी कांशीराम कालोनी स्थित फेज-1 में सोमवार दोपहर पत्नी और बेटी की गला दबाकर हत्या करने के बाद पति ने खुद को चाकू मार लिया। उसे गंभीर हालत में हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हत्यारोपी जीवन और मौत से संघर्ष कर रहा है। वारदात को अंजाम देने से पहले लिखे नोट में उसने सूदखोरों से परेशान होने की बात कही है।

कांशीराम कालोनी स्थित फेज-1 में 40 वर्षीय अर्जुन जायसवाल अपनी 36 वर्षीय पत्नी निशा और इकलौती 4 वर्षीया बेटी आशवी के साथ रहता थे। चकेरी पुलिस के अनुसार वह पहले मेडिकल रिप्रजेंटेटिव थे। कर्जा होने के कारण उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी। इसके बाद कॉलोनी के पास आशवी जनरल स्टोर खोल लिया था। कई लोगों से कर्जा लेने के कारण वह काफी परेशान था। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि अर्जुन रविवार रात घर के बाहर बैठकर दहाड़ मारकर रो रहा था। फिर घर के अंदर चला गया।

सोमवार दोपहर बाद तक जब परिवार का कोई सदस्य नहीं दिखा तो लोगों को शंका हुई। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोला तो घर के अंदर अर्जुन हाथ में चाकू लिए खून से लथपथ पड़ा था। पास में ही निशा और आशवी का शव जमीन पर गद्दे पर पड़ा था। आरोपी अर्जुन की हालत हैलट में बेहद गंभीर बताई गई है। पुलिस अर्जुन के परिजनों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस को मौके से चाकू मिला है। वहीं पंखे में दुपट्टा लटका मिला है। पुलिस ने बताया कि मां-बेटी की हत्या गला दबाकर करने की आशंका है।

### नोट में लिखा- कर्ज ने जीने नहीं दिया...

अर्जुन ने घटना को अंजाम देने से पहले एक नोट में लिखा कि मैं जीना चाहता था, पर कर्ज ने जीने नहीं दिया। कर्जा था, पर इतना नहीं कि मैं दे ना पाऊं पर सूदखोरों ने समय नहीं दिया। मैं मजबूर होकर परिवार के साथ आत्महत्या कर रहा हूं। इसमें किसी कि गलती नहीं। भगवान सबको खुश रखे। मैं सिर्फ अपनी पत्नी और बेटी का दोषी हूं।

# किसानों का प्रदर्शन आज, देखते ही गिरफ्तारी का आदेश

नई दिल्ली, ब्यूरो

▸▸ ट्रैक्टर, टेंपो एवं बाहरी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

**अमृत विचार:** न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून एवं स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग को लेकर कई राज्यों के किसान दिल्ली की तरफ बढ़ चुके हैं। उनका प्रदर्शन 13 फरवरी को प्रस्तावित है, लेकिन दिल्ली पुलिस ने सभी तरह के धरना, प्रदर्शन, जुलूस व जनसभा पर रोक लगा दी है। सभी सीमाएं सील कर दी गई है और किसानों को देखते ही गिरफ्तार करने का आदेश भी जारी किया गया है।

दूसरी तरफ कुछ किसान नेताओं से चंडीगढ़ में केंद्र सरकार के मंत्री बातचीत कर रहे हैं, लेकिन पंजाब सरकार के मुख्यमंत्री सहित किसी भी नुमाइंदे ने इस बातचीत से अपने आप को अलग रखा हुआ है। किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वर्ष 2021 की तर्ज पर पुनः आंदोलन करने की धमकी दी थी और 13 फरवरी को संसद का घेराव करने का नोटिस दिया था। उन्होंने देशव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाई है जिसके तहत इस बार न सिर्फ उत्तर प्रदेश हरियाणा पंजाब मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के किसान दिल्ली में प्रदर्शन करने के लिए चल चुके हैं, बल्कि दक्षिण भारत के तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र के किसान भी दिल्ली पहुंच रहे हैं। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने देर शाम बताया कि किसान आंदोलन सहित सभी तरह की आंदोलनकारी गतिविधियों जैसे धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रेलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और धारा 144 पूरी दिल्ली में लागू कर दी गई है। ट्रैक्टर, टेंपो सहित बाहरी वाहनों पर रोक लगा दी गई है। दिल्ली भर में यदि किसानों का कहीं भी हुजूम नजर आएगा तो उन्हें देखते ही गिरफ्तार करने के भी आदेश दिए गए हैं।



'दिल्ली कूच' के तहत अपने वाहन से हरियाणा के फतेहाबाद पहुंचे किसान ● एजेंसी

### पुलिस ने बॉर्डर पर बैरिकेड्स और सड़कों पर कीलें ठुकवाईं

किसान आंदोलन को रोकने के लिए गृह मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली राज्यों को लेकर एक रणनीति बनाई है, जिसके तहत किसानों को दिल्ली आने से पहले ही उनको उनके गृह राज्य में ही रोका जाएगा ताकि दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का जमावड़ा न लग सके। गुरुग्राम, फरीदाबाद, पानीपत, गाजियाबाद, नोएडा, गाजीपुर, सिंधु बॉर्डर पर भी पुलिस ने कंक्रीट के बैरिकेड्स एवं सड़कों पर कीलें ठुकवा दी है।

## एक नजर

### कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का आज से डाउनलोड कर सकेंगे एडमिट कार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के एडमिट कार्ड का बेसब्री से इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। अभ्यर्थी उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की वेबसाइट पर जाकर मंगलवार 13 फरवरी से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इससे पहले, बोर्ड ने 10 फरवरी को विभिन्न जिलों के परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी की थी। परीक्षा 17 और 18 फरवरी को आयोजित कराई जाएगी। उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट uppbpb.gov.in पर जाकर 13 फरवरी से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। अब तक की सबसे बड़ी भर्ती के लिए लगभग 50 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। परीक्षा के लिए विभिन्न जिलों में 6484 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 35 लाख से अधिक अभ्यर्थी अपनी परीक्षा देंगे।

# मुआवजे से छूटे साढ़े तीन लाख से अधिक किसानों के बीच 177 करोड़ बांटेगी सरकार

## तकनीकी कारणों की वजह से किसानों को नहीं मिल पाया था मुआवजे का लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के साढ़े तीन लाख से अधिक किसानों के बीच 1 अरब 77 करोड़ से अधिक धनराशि जल्द बांट दी जाएगी। धनराशि उन किसानों के सीधे खातों में ट्रांसफर होगी जो वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में मुआवजे से वंचित रह गए थे। इन किसानों को पिछले दो सालों में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों के नुकसान का मुआवजा किन्हीं तकनीकी कारणों से नहीं मिल सका था। हालांकि, मौजूदा वित्तीय वर्ष में जनवरी तक 1,87,845 से अधिक किसानों को 80,88,68,299 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि दी जा चुकी है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 में मुआवजे से सबसे अधिक सीतापुर के 27,836 किसान छूट गये थे, जिन्हें 10,72,51,397 रुपये की धनराशि का भुगतान किया जा रहा है। वहीं, दूसरे नंबर पर बरेली के 22,661 किसानों और तीसरे नंबर पर ललितपुर के 19,420 किसानों को मुआवजे का भुगतान किया जा रहा है।

इसी तरह, वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुआवजे से सबसे अधिक सिद्धार्थनगर के 21,002 किसान छूट गये थे, जिन्हें 10,07,53,392 रुपये की धनराशि का भुगतान किया जा रहा है। वहीं, दूसरे नंबर पर झांसी के 17,296 किसानों और तीसरे नंबर पर बलरामपुर के 12,933 किसानों को मुआवजे का भुगतान किया जा रहा है। बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाता है।



- लापरवाही पर योगी ने जताई थी नाराजगी, लगाई थी फटकार
- सबसे अधिक सीतापुर के 27,836 किसानों को होगा मुआवजे का भुगतान

### मुख्यमंत्री ने दिखायी थी सख्ती

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में आपदाओं से क्षतिग्रस्त हुई फसलों के मुआवजे और अन्य राहत को लेकर समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने त्रुटियों के कारण फसलों के नुकसान के दोबारा सत्यापन में लापरवाही और मुआवजा जारी नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए 17 जिलों के एडीएम एफआर से जवाब तलब किया था। साथ ही, अधिकारियों को ऐसे मामलों में तत्काल सत्यापन कराकर किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश दिये थे।

"मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुआवजे से छूटे किसानों को सहायता धनराशि देने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में दोबारा सर्वे कराया गया है।"
–सुधीर गर्ग, अपर मुख्य सचिव

"आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित बड़ी तादाद में किसानों के डाटा फिडिंग के दौरान आधार, खाता संख्या में गलती और डुप्लीकेसी के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं हो पाया। जिलास्तर पर पिछले दो साल में लापरवाही हुई।"
–जीएस नवीन, राहत आयुक्त

# ...वे-इन-मोशन के सामने आया ओवरलोड ट्रक तो समझो पकड़ा गया

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** करोड़ों रुपये खर्च कर बनवाए जा रहे मार्ग और पुलों को बर्बाद कर रहे ओवरलोड ट्रकों पर शासन अब सीधी चोट करने की तैयारी में है। बालू, मौरंग, गिट्टी, मिट्टी समेत नदियों से निकाले गए विभिन्न तरह के खनिज और अन्य चीजें लेकर चलने वाले ओवरलोड वाहनों को 'इंट्री प्वाइंट' पर ही रोका जाएगा। इसके लिए परिवहन विभाग यूपी डेस्को के माध्यम से विभिन्न जिलों में बने चेकगेट पर 'वे-इन-मोशन' लगाने जा रहा है।

आधा दर्जन जिलों का चयन किया गया है जहां आगामी तीन माह के अंदर इन्हें स्थापित कर दिया जाएगा। इस पर 496.77 लाख रुपये का व्यय होगा। रोड सेफ्टी फंड से इन्हें लगवाया जा रहा है। धनराशि इसी माह मिल जाएगी।

### ये होगी मशीन की खूबी

जैसे ही कोई ओवरलोड ट्रक चेकगेट पर लगे 'वे-इन-मोशन' से गुजरेंगे, वाहनों का स्वत: ही वजन हो जाएगा। मानकों से ज्यादा माल या भार लदा होने पर ओवरलोड गाड़ी का ऑटोमेटिक चालान हो जाएगा। इसके बाद वाहन रोक लिया जाएगा और उसे आगे नहीं जाने दिया जाएगा।

### इन जिलों में लगाए जाएंगे 'वे-इन-मोशन'

- जालौन (कालपी)
- आगरा (सैंया)
- महोबा (सुनैचा)
- बांदा (गिरवा चौक और नरैनी करतल रोड)
- सोनभद्र (कालपी)
- प्रयागराज (नैनी)

"क्षमता से अधिक माल लेकर चलने वाले वाहनों को प्रदेश के जिलों में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। चेक गेट पर लगे 'वे-इन-मोशन' इन्हें न केवल रोक देगा बल्कि भारी ऑटोमेटिक चालान करेगा। मशीनों के स्थापित करने के लिए सड़क सुरक्षा फंड से तय की गई धनराशि इसी माह मिल जाएगी।"
–पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

"ओवरलोड वाहनों को रोकने के लिए चिह्नित छह जिलों के चेकगेट पर 'वे-इन-मोशन' लगाए जा रहे हैं। मंशा है कि जहां से तय मानकों से अधिक माल लेकर ट्रक निकल रहे हैं उन्हें मौके पर ही रोक लिया जाए और ठोस कार्रवाई की जाए। यूपी डेस्को इन मशीनों को इंस्टाल कराएगा। अधिकतम दो से तीन माह में इन्हें शुरू करा दिया जाएगा।"
–चंद्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश

### भारत जोड़ो यात्रा के साथ नजर आएंगी प्रियंका

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में अगले सप्ताह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रवेश करेगी। उप्र. में कांग्रेस की महासचिव और राहुल गांधी की बहन प्रियंका गांधी भी इस यात्रा में नजर आएंगी। राहुल की यात्रा अब लखनऊ और वहां से कानपुर होते हुए झांसी के रास्ते मध्य प्रवेश में प्रवेश करेगी। कांग्रेस की उप्र. इकाई के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं और छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए राज्य में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समय घटा दिया है। प्रवक्ता ने बताया कि यात्रा 22 फरवरी से शुरू हो रही है।

## कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की राजनीति से किया देश को खोखला : केशव मौर्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित युवा संवाद सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा परिवारवाद व भ्रष्टाचार की राजनीति करके देश को खोखला करती रही है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था और विकास को चरम पर पहुंचाया है।

विश्वेश्वरैया हॉल में आयोजित युवा संवाद में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए पिछड़े वर्ग के नौजवानों का आह्वान किया कि 2027 तक विकसित भारत बनाने के लिए मोदी की सरकार बनाएं।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि लोकसभा चुनावों में प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने के लिए मोर्चा सामाजिक सम्मेलन करेगा। सभी 18 मंडलों में मंडल स्तरीय सामाजिक सम्मेलन और 17 नगर निगमों में महासम्मेलन होगा। समाज के युवाओं को भाजपा के समर्थन में जोड़ने के लिए सभी 75 जिलों में युवा संवाद कार्यक्रम होगा। सम्मेलन में मोर्चे के प्रदेश महामंत्री रामचन्द्र प्रधान, युवा संवाद कार्यक्रम के सह-संचालक ऋषि चौरसिया, प्रदेश महामंत्री विनोद यादव, संजय भाई पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवनायक वर्मा, विजय गुप्ता आदि अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।


भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के युवा संवाद सम्मेलन को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।

## एलाइड एंड हेल्थ केयर काउंसिल के अध्यक्ष पद के लिए मांगे गए आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में उप्र. एलाइड एंड हेल्थ केयर काउंसिल के अध्यक्ष के सोमवार को दोबारा आवेदन मांगे गए हैं। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने दोबारा आवेदन मांगते हुए स्पष्ट किया कि कि पूर्व में 30 अक्टूबर 2023 को मांगे गए आवेदन के सापेक्ष आवेदक संख्या बहुत कम थी, जिसकी वजह से पूर्व का विज्ञापन रद्द कर दिया गया है। पूर्व के आवेदन करने वालों को पुन: आवेदन करना होगा।

## सार-संक्षेप

### राज्यसभा के लिए अलोक रंजन का नाम सबसे आगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यसभा चुनाव के लिए सपा की तरफ से जिन दो प्रत्याशियों का नाम सामने आ रहा है, उसमें मौजूदा राज्यसभा सदस्य जया बच्चन और सपा मुखिया अखिलेश यादव के करीबी व सेवानिवृत आईएएस अफसर, पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन का नाम सबसे आगे है। जया बच्चन पहली बार 2004 में राज्यसभा गई थीं। तब से अब तक वह कुल चार बार राज्यसभा की सदस्य रह चुकी हैं और अब उम्मीद है की पांचवीं बार फिर से पार्टी उन्हें राज्यसभा भेज सकती है। वहीं उप्र. के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन को भी राज्यसभा भेजने की चर्चा सपा खेमे में ही चल रही है। अखिलेश सरकार के दौरान आलोक रंजन मुख्य सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बतौर मुख्य सलाहकार भी कार्य कर चुके हैं।

### मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की कार्यकारिणी का गठन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव की तैयारियां करते हुए समाजवादी पार्टी ने अपने युवा संगठनों में पदाधिकारियों की नियुक्ति शुरु कर दी है। सोमवार को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। सपा के सोशल मीडिया अकाउंट पर जानकारी देते हुए कहा गया है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से मुलायम सिंह यूथ ब्रिग्रेड, उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी में निम्नलिखित प्रमुख महासचिव, उपाध्यक्ष, सचिव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किए जाते हैं। पदाधिकारियों की सूची उनके जिले और मोबाइल नंबर के साथ जारी की गई है।

### रालोद के अलग हो जाने के बाद कांग्रेस का लालच बढ़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में विपक्षी दलों के गठबंधन से रालोद के अलग हो जाने के बाद कांग्रेस का लालच बढ़ा दिख रहा है। दरअसल, उप्र. में विपक्षी दलों की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते सपा ने निर्णायक भूमिका में आते हुए रालोद के लिए जहां सात सीटें तय कीं वहीं कांग्रेस को 11 सीटें प्रस्तावित कीं। रालोद के अलग होने के बाद कांग्रेस को और सीटें मिलने की संभावना नजर आ रही है। इस बीच उप्र. में लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के तहत सपा और कांग्रेस के बीच बातचीत जारी है। कांग्रेस के ओर से उप्र. में 20 लोकसभा सीटों की मांग सपा के सामने रखी गई है। सूत्रों के मुताबिक, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उप्र. पहुंचने से पहले इस गठबंधन की घोषणा हो सकती है।

### बरेली में जिला अस्पताल का होगा कायाकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** बरेली में जिला अस्पताल और मानसिक रोग अस्पताल का जीर्णोद्धार होगा। भवन मरम्मत के साथ ही मरीजों के लिए उपयोगी संसाधन जुटाएं जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी ने स्वास्थ्य महानिदेशक को 3.12 करोड़ का बजट जारी करते हुए, अस्पतालों के मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने बताया कि बरेली के महिला व पुरुष जिला अस्पतालों के साथ ही मानसिक रोग अस्पताल में नए वार्डो के निर्माण का प्रस्ताव आया था। जिसके लिए शासन द्वारा बजट प्राप्त हो चुका है, शीघ्र ही निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। निर्माण कार्य के बाद मरीजों की सुविधाओं के लिए संसाधन जुटाएं जाएंगे।

### आवास विकास मुख्यालय में बनेगी चार मंजिला इमारत

**अमृत विचार, लखनऊ :** महात्मा गांधी मार्ग स्थित आवास विकास मुख्यालय में खाली जमीन पर चार मंजिला नई बिल्डिंग बनेगी। इसमें परिषद के कई अधिकारियों और स्टाफ के बैठने के लिए कार्यालय बनाया जाएगा। यह बिल्डिंग पीछे की ओर खाली लगभग 4,000 वर्ग फिट भूमि पर बनाई जाएगी। इस प्रस्ताव को पिछली बोर्ड बैठक में मंजूरी मिल चुकी है।



NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर: 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## एक नजर

### मंदिर के स्थापना दिवस पर रामचरितमानस पाठ आज

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** वसंत पंचमी त्योहार एवं शिव मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर के भटखेरा वार्ड में जय महाकालेश्वर शिव मंदिर पर मंगलवार से रामचरितमानस पाठ आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर के प्रबंधक एवं व्यापारी नेता योगेश द्विवेदी ने बताया कि मंगलवार को महाकालेश्वर शिव मंदिर पर रामचरितमानस पाठ का आयोजन होगा। बुधवार को मानस पाठ के समापन पर हवन किया जाएगा। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### चिश्ती अब्बासी के उर्स का आयोजन 16 से

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सैयद शाह अब्दुर्रहमान साबरी चिश्ती अब्बासी अल-अलवी का 355वां वार्षिक दो दिवसीय उर्स 16 और 17 फ़रवरी को कस्बा तीरगांव में मनाया जाएगा। 16 फरवरी को सूफ़ियाना मुशायरा और जश्न रहमान आयोजित किया जाएगा। 17 फरवरी को चादरपोशी, रस्म गुलपोशी और महफ़िल शमां के बाद कुल शरीफ़ का आयोजन किया जाएगा।

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद राममय हुआ देश: स्वतंत्रदेव

## जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के दौलतपुर गांव में जलशक्ति मंत्री ने किया प्रवास

**गांव चलो अभियान**

- घर-घर संपर्क कर गिनायीं मोदी व योगी सरकार की उपलब्धियां
- प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व में बढ़ाया भारत का मान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


दौलतपुर में ग्रामीणों से बातचीत करते जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने के बाद देश राममय हो गया है। देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु रोजाना रामलला के दर्शन को आ रहे हैं।

जलशक्ति मंत्री सोमवार को जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के दौलतपुर में चलो गांव की ओर अभियान के दौरान आयोजित चौपाल में बतौर प्रवासी बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रमत्रण अस्वीकार करके करोड़ों सनातनियों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि सनातन का विरोध कांग्रेस की खानदानी बीमारी है। पंडित नेहरू ने भी सोमनाथ मंदिर का बहिष्कार किया था। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी सरकार की नीतियों को घर-घर पहुंचाने व लाभार्थियों से संपर्क करने के लिए भाजपा ने गांव चलो अभियान की शुरुआत की है। जलशक्ति मंत्री ने इसके पूर्व बूथ संख्या 163 के बूथ अध्यक्ष सोनू वर्मा व समस्त बूथ कार्यकारिणी के साथ चर्चा की। लोकसभा चुनाव को लेकर पन्ना प्रमुखों की भूमिका पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसके बाद घर-घर संपर्क किया। लाभार्थियों से उनका हालचाल पूछा। पहली बार वोट डालने जा रहे युवा मतदाताओं से भी भेंट की। उन्होंने गांव के आठ लाभार्थियों को पंप सेट वितरित किये। जल शक्ति मंत्री ने बूथ अध्यक्ष के घर पर चाय तथा रामशरण वर्मा के घर पर भोजन किया। इस मौके पर सपा के इमरान एवं कांग्रेस के विश्वनाथ वर्मा के नेतृत्व में कई लोगों को उन्होंने भाजपा की सदस्यता दिलाई। भाजपा के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि जलशक्ति मंत्री ने सोमवार को रात्रि विश्राम गांव में ही किया। वह मंगलवार की सुबह धार्मिक स्थलों की सफाई अभियान में हिस्सा लेंगे।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से अवधेश श्रीवास्तव, शशांक कुसुमेश, हर्षित वर्मा, ब्रजेश रावत, रवि रावत, संजय अवस्थी समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हादसों में वृद्ध समेत दो की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी




**रफ्तार की मार**

- ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की गयी जान
- तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर

**अमृत विचार :** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सोमवार को हुईं सड़क दुर्घटनाओं में एक वृद्ध समेत दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक युवक घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिवारवालों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची संबंधित थानों की पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**सिद्धौर:** कोठी थाना क्षेत्र के हैदरगढ़-बाराबंकी मार्ग पर भटपुरा गांव स्थित सावित्री ब्रिक फील्ड के पास इसी ईंट भट्ठे पर कारेदेवन मजरे इब्राहिमाबाद निवासी राजकिशोर का ट्रैक्टर कच्ची ईंटों की ढुलाई करता है। सोमवार सुबह मुबारकपुर गांव निवासी रोहित वर्मा (22) पुत्र दृगपाल वर्मा अपनी बाइक से जैदपुर थाना क्षेत्र निवासी अपने साथी प्रदीप रावत के साथ भट्ठे के समीप से गुजर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण रोहित वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके साथी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। टैक्टर ट्रॉली को सीज कर दिया गया है।

वैवाहिक समारोह में आए साइकिल सवार बुजुर्ग को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसें में उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसा सोमवार की सुबह करीब नौ बजे सफदरगंज थाना क्षेत्र में रसौली के पास हुआ। फतेहपुर थाना क्षेत्र के दानिश नगर, बसारा निवासी खलील मोहम्मद अंसारी (80) सोमवार को साइकिल से एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने आए थे। लखनऊ-अयोध्या हाईव पर रसौली के समीप तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध सड़क पर गिर गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### हादसे में घायल लखनऊ की महिला ने तोड़ा दम

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाइक से दामाद व बेटे के साथ जा रही सड़क हादसे में घायल महिला की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। हादसा रविवार की शाम बाराबंकी-गोंडा बहराइच हाईवे पर रामनगर थाना क्षेत्र में हुआ था। लखनऊ के लालकुआं निवासी माया देवी (50) अपने बेटे और दामाद के साथ बाइक से गोंडा के गोजई कला गांव जा रही थीं। इसी दौरान रामनगर थाना क्षेत्र में एक ढाबे के पास अचानक वह बाइक से गिरकर घायल हो गई। उसे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां सोमवार की भोर में इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया


उदासीन आश्रम हजरतपुर में दुरदुरिया पूजन में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

## व्रत रख महिलाओं ने किया पूजन

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार:** उदासीन आश्रम हजरतपुर में मातृशक्तियों के व्रत दुरदुरिया पूजन का आयोजन महन्त जनार्दन दास के संयोजन में हुआ। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना कर व्रत का पारण किया।

इस आयोजन में हजरतपुर, कटोरवा, कैरातिनपुरवा, हसनापुर, आदि करीब आधा दर्जन गांवों की दर्जनों महिलाओं ने दुर्दुरिया व्रत रखकर आश्रम पर ही पूजन कर व्रत का पारण कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर शैलकुमारी, रामलली क्रांति, अनीता, रन्नो, लाजवंती, राजरानी, मालती, शीला,विमला, सीमा सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रहीं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी

**अमृत विचार :** एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। अचानक उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया था। हालत गम्भीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया। जिला मुख्यालय पर पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम सहनीमऊ निवासी 22 वर्षीय उत्तम कुमार पुत्र राम अधार रविवार की रात किसी से बात करने के बाद लेट गया। इसके बाद अचानक उसकी हालत बिगड़ी और वह बेहोश हो गया। परिजनों ने उसे संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। डॉक्टर ने हालत नाज़ुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया । अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही उसकी मौत हो गई। बताते हैं कि उत्तम की शादी भी होने वाली थी। रविवार की रात रात उत्तम ने किसी से मोबाइल फोन पर बात की थी । उसके कुछ देर बाद ही अचानक उसकी हालत बिगड़ गयी। थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है। इस मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### 15 बड़े बकाएदारों के काटे गए बिजली कनेक्शन


देवा क्षेत्र के सलारपुर गांव में लगे बिजली विभाग के शिविर में मौजूद कर्मचारी।

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा क्षेत्र के सलारपुर गांव में सोमवार को विद्युत विभाग द्वारा कैंप लगाया गया। इसमें बकाया बिजली बिल जमा करने के साथ ही बड़े बकायेदारों के बिजली कनेक्शन भी काटे गए। बिजली उपकेंद्र देवा के अवर अभियंता शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि सलारपुर गांव में आयोजित विद्युत कैंप में लोगों के गलत बिल के संशोधन करने के अलावा 15 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए है और 10 बकायेदारों ने अपना बिल भी जमा किया है। जेई ने बताया कि उपभोक्ताओं को समय से बिल जमा करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर राकेश कुमार, दिलीप, धनीराम, ओम प्रकाश मौर्य, सुरेंद्र कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### सत्य के मार्ग पर चलने को राजा हरिश्चंद्र ने त्याग दिया था राजपाट


श्रीमद्भागवत कथा सुनातीं गौरी किशोरी।

**मसौली,बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम गोढवा ग्वारी स्थित आदिशक्ति दुर्गा माता मन्दिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन सीतापुर से पधारीं कथावाचिका गौरी किशोरी ने सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि सत्य और दान की चर्चा में राजा हरिश्चंद्र का नाम लिया जाना स्वाभाविक है। सच बोलने और दान देने के लिए उनकी मिसाल आज भी दी जाती है। इसलिए भी उन्हें सत्यवादी और दानवीर राजा हरिश्चंद्र कहा जाता है। वो ऐसे दानी थे, जो अगर सपने में भी किसी को दान देते हुए देख ले तो उसे पूरा जरूर करते थे। उन्होंने सत्य के मार्ग पर चलने के लिए अपने राजपाट से लेकर पत्नी तारामती और पुत्र रोहिताश्व का भी त्याग कर दिया। इस मौके पर कथा आयोजन पुजारी रामपाल, संतोष, सागर, देवकी नंदन, पवन कुमार, पंकज कुमार, शेष कुमार, अजय मिश्रा, रंजीत कुमार, ऋषि कुमार, वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### मुशायरे में शायरों ने कलाम पेश कर लूटी वाहवाही

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर के नबीगंज में मुशायरे का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता अख्तर जमाल उस्मानी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सीतापुर से आए नफ़ीस सीतापुरी तथा सेवानिवृत्त शिक्षक मोहसिन क़िदवई मौजूद रहे। हुज़ैल लालपुरी के संचालन में हुउ मुशायरे में शायरों ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए। हाजी नासिर अंसारी ने पढ़ा समझे न कोई बस यूंही आए हुए हैं हम, महफ़िल है जिसकी उसके बुलाए हुए हैं हम। मोहसिन क़िदवई ने पढ़ा- ऐसा नहीं कि ख़ुद को छुपाए हुए हैं हम, आईना अपने सामने लाए हुए हैं हम। नफ़ीस सीतापुरी का शेर था इस तरह तेरे शहर में आए हुए हैं हम जैसे किसी खजूर के साए हुए हैं हम। ज़मीर फ़ैज़ी ने पढ़ा- माना कि आबरू-ए ग़ज़ल हम नहीं ज़मीर। हां आबरू ग़ज़ल को बचाए हुए हैं हम। हुज़ैल लालपुरी ने शेर पढ़ा कि लालच के बेईमानी के बुग्जो हसद के बूते अपने दिलों में अब भी बसाए हुए हैं हम। डॉ. रेहान अलवी ने पढ़ा- दीवारो दर ख़ुशी से सजाए हुए हैं हम आ जाइए कि आंखें बिछाए हुए हैं हम। इसी तरह आदर्श बाराबंकवी, मिस्टर अमेठवी समेत कई शायरों ने अपने कलाम पेश कर श्रोताओं की वाहवाही लूटी।

### स्वच्छता और पर्यावरण पर दिया जोर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा क्षेत्र के सैहारा ग्राम पंचायत में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छता के साथ पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए युवाओं को भागीदारी का प्रमाण पत्र भी संस्था द्वारा दिया गया। लक्ष्य क्रियान्वयन टीम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गंगा सेवक उपाधि से नवाजे गए कृष्णा नंद राय से प्रेरणा मिली। युवाओं की भागीदारी को लेकर उन्हें भागीदारी का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस मौके पर पौधरोपण किया गया और पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रामीणों को पौधे वितरित किये गये। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक, प्रवीण दुबे, मोइन खान, संजय मिश्रा, मनोज गुप्ता, सालिग्राम समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**फॉलोअप**

रामनगर,बाराबंकी

**अमृत विचार:** विवाहिता को घर में बंधक बनाकर गैंगरेप करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दूसरे आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र रामनगर के एक गांव में मायके में रह रही एक विवाहिता गत 4 फरवरी को जब बाजार जा रही थी तो रास्ते में अनवारुल उर्फ बाबा खान व अरमान ने रास्ते में बहला फुसला कर उसे अपने घर ले गए। जहां पर बंधक बनाकर छह दिनों तक उससे सामूहिक दुराचार किया। किसी तरह 10 फरवरी की शाम दरिंदों की चंगुल से निकल कर पीड़ित विवाहिता अपने घर पहुंची और अपनी मां से आपबीती बतायी। पीड़िता की मां द्वारा दी गई तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तत्परता दिखाते हुए एक आरोपी अनवारुल उर्फ बाबा खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दूसरे फरार आरोपी अरमान की पुलिस तलाश कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय ने बताया कि शीघ्र ही फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## सिंचाई के विवाद में दंपति को पीटा

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वाजिदपुर में खेत की सिंचाई के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गयी। संजू देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके पति खेत की सिंचाई कर रहे थे। इसी बीच गांव के ही रीकू व अम्बरीष गालियां देते हुए आए और इंजन बन्द कर दिया। इसके बाद पाइप को बहा दिया। साथ ही धमकी दी कि यदि दुबारा जीन पाइप से सिंचाई की तो जान से मार देंगे। उसका आरोप है कि पति इंजन लेकर घर पहुंचे ही थे कि विपक्षीजन आ गये तो वे दोनों घर में घुस गये। विपक्षियों ने घर में घुसकर दोनों को लात-घूंसों से मारा पीटा। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# आंगनबाड़ी केंद्र से हटा अतिक्रमण

**खबर का असर**

दरियाबाद, बाराबंकी



अमृत विचार में प्रकाशित समाचार



जारमऊ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र।

**अमृत विचार :** जारमऊ में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र से विभाग ने अतिक्रमण हटवा दिया है। इस संबंध में अमृत विचार ने रविवार के अंक में तबेले में तब्दील आंगनबाड़ी केंद्र शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। इस समाचार का संज्ञान लेते हुए विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्र को अतिक्रमण मुक्त करा दिया है।

दरियाबाद विकास खंड के जारमऊ ग्राम पंचायत स्थित नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र के कमरे में ग्रामीणों द्वारा कब्जा कर कटी पुआल रखी गयी थी। वहीं केंद्र के सामने पशु बांधने का अड्डा व उपले बनाने का काम किया जा रहा था।

अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग आंगनबाड़ी केंद्र को खाली कराकर साफ सफाई करवा दी गई है। वहीं जमीना ग्राम पंचायत में दो केंद्र संचालित हैं। जबकि जारमऊ केंद्र पर कोई संचालिका तैनात नहीं है। वहीं कार्यवाहक सीडीपीओ प्रेम शीला ने बताया कि केंद्र का निर्माण करने के दौरान स्थान का चुनाव गलत किया गया है। जिससे केंद्र को संचालित करने में दिक्कत आ रही है। पूर्व प्रधान राम फेर ने बताया कि राजस्व गांव जारमऊ है। जबकि दोनों गांव की दूरी जारमऊ से लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर है।

**चाय पर चर्चा** | सिरौली गौसपुर ब्लाक परिसर में शक्ति वंदन अभियान के तहत किया गया कार्यक्रम का आयोजन, समूह की महिलाओं को किया गया सम्मानित

# महिलाओं का जीवन स्तर सुधारने को सरकार प्रयासरत :गुप्त

सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी


समूह की महिला को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश गुप्ता।

**अमृत विचार :** भाजपा के शक्ति वंदन अभियान के तहत चाय पर चर्चा का आयोजन सोमवार को ब्लॉक परिसर सिरौलीगौसपुर में ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि नगर पंचायत टिकैतनगर के चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हमारी केन्द्र व प्रदेश की सरकारें किसानों, नौजवानों के साथ महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाने को अनेक कार्यक्रम चला रही हैं।

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, बीएमएम इमरान, अंजली यादव, बद्री प्रसाद ने भी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने समूहों द्वारा उत्पादित आकर्षक वस्तुओं से सजे स्टॉलों को देखा और खरीदारी की। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत आनन्द सिंह, आईएसबी विनोद कुमार, आशीष, सुधांशु, अंकित, असीम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### 5 करोड़ का बकाया बिजली बिल जमा कराने वाली विद्युत सखी पुरस्कृत


समूह की महिला को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी।

**रामनगर,बाराबंकी, अमृत विचार :** चाय पर चर्चा कार्यक्रम के तहत शक्ति संवाद कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार ने समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। समूह की विद्युत सखी राजश्री शुक्ला ने 5 करोड़ से अधिक बकाया विद्युत बिल जमा कराया था। जिन्हें कमीशन के रूप में 5 लाख 44 हजार प्रतिफल मिला है। उन्हें ब्लॉक प्रमुख ने सम्मानित किया। इस मौके पर एबीडीओ नंदकुमार पांडेय, एडीओ आईएसबी जयराम वाल्मीकि, मनोज मिश्रा, ऋषभ पांडेय, ब्लॉक मिशन मैनेजर रजनी व समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

## एक नजर

### उप निरीक्षक के पद पर मिली प्रोन्नति

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाने में तैनात मुख्य आरक्षी अब्दुल हुसैन खां को उप निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति दी गई है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने सोमवार को अब्दुल हुसैन खां को उप निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति होने पर स्टार लगाए।

### पुलिस ने आठ जुआरियों को किया गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बदोसराय और घुंघटेर थाना पुलिस टीम ने आठ जुआरियों को दबोचा। फड़ से पुलिस टीम ने 2160 रुपये बरामद किये। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। बदोसराय पुलिस ने बरदरी निवासी रजनीश कुमार, संजय यादव, पुत्तन कुमार और रामसागर तथा घुंघटेर पुलिस ने बजगहनी निवासी शिवराज, बलवंत सिंह, रणबीर चौहान व बालक राम को गिरफ्तार किया।

### पुलिस ने 17 वांछित व छह वारंटियों को दबोचा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न थानों की पुलिस ने अभियान चलाकर छह वारंटी और 17 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने अदालत में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। वहीं विभिन्न मामलों में जिले के अलग-अलग थाने लाए गए 27 आरोपियों पर पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई की।

### तमंचा के साथ आरोपी बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कुर्सी पुलिस टीम ने सोमवार को एक तमंचा के साथ चमरहीया निवासी गोलू को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# महिला की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

## विशेष न्यायाधीश ने सुनाया फैसला, अभियुक्त पर लगाया 25 हजार रुपये का अर्थदंड



कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार:** एक दशक पहले महिला की कुदाल से हमला कर हत्या करने के दोषी को विशेष न्यायाधीश ईसीएक्ट की अदालत ने आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

मामला देवा कोतवाली क्षेत्र के देवकलिया बंशी का है। यहां के निवासी अमित वर्मा ने 25 फरवरी 2013 को थाने में दी तहरीर में बताया कि गांव के ही राम सिंह वर्मा ने उसकी मां की कुदाल से हमला कर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा। उसके बाद वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन कर अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त राम सिंह को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

### दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला एवं सत्र न्यायालय ने सोमवार को दुष्कर्म के आरोप में दोषी पाए गए एक अभियुक्त को 10 साल की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 15 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। 5 जुलाई 2013 को बड्डूपुर थाने में पिता ने अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने तथा दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में अभियुक्त राजकुमार निवासी ग्राम बोहारा मजरे खिझना थाना बड्डूपुर को नामजद किया गया था। विवेचना के दौरान मुकदमे में दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट की बढोतरी की गयी।

### गैंगरेप में दो अभियुक्तों को 20-20 वर्ष की कठोर कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** युवती से सामूहिक दुष्कर्म के दो अभियुक्तों को दोषी मानते हुए विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट की अदालत ने 20-20 वर्ष के कठोर कारावास और पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला बदोसराय थाना क्षेत्र के एक गांव का है। करीब दो वर्ष पहले 21 सितंबर 2022 को थाना क्षेत्र की निवासिनी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके साथ सहरी गांव निवासी देवीदीन उर्फ चर्रा, वासिद जमशेद उर्फ फारेस्टर, श्यामू और बाबूलाल ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इस पर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म और एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया। मामले की विवेचना तत्कालीन सीओ रामनगर डा. बीनू सिंह ने करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं साक्ष्यों को संकलित कर अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया। इस मामले की सुनवाई कर रही विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्टी की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर देवीदीन उर्फ चर्रा तथा वासिद जमशेद उर्फ फारेस्टर को सामूहिक दुष्कर्म का दोषी मानते हुए 20-20 वर्ष का कठोर कारावास और पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अभियुक्त श्यामू और बाबूलाल को दोष मुक्त कर दिया।

# लोगों को बताया स्वच्छता का महत्व

हैदरगढ़, बाराबंकी

**जागरूकता**

- सभासद ने वार्डवासियों को बांटे डस्टबिन
- अपने आसपास के स्थान को स्वच्छ बनाए रखने का करें प्रयास

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी अभियान स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के अभियान में जुटे ब्रह्मनान वार्ड के सभासद शिवा वर्मा द्वारा सोमवार को वार्डवासियों के बीच डस्टबिन का वितरण किया गया और लोगों से वार्ड को स्वच्छ और साफ सुथरा बनाए रखने के लिए डस्टबिन के इस्तेमाल की अपील की गई।

उन्होंने स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जहां पर स्वच्छता होती है वहां पर व्यक्ति, परिवार और समाज स्वस्थ होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और स्वस्थ व्यक्ति ही समाज और देश के लिए बेहतर काम कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा यह दायित्व बनता है कि हम सफाई कर्मियों के भरोसे न रहकर स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूक हों और अपने आसपास के स्थान को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रयास करें तभी वार्ड के साथ-साथ नगर, क्षेत्र और पूरे देश को स्वच्छ रखा जा सकता है।



व्यक्ति को डस्टबिन देकर स्वच्छता का महत्व समझाते सभासद।

# दीक्षांतोत्सव में मेधावियों का किया गया सम्मान

फतेहपुर बाराबंकी

**अमृत विचार :** सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में दीक्षांतोत्सव मनाया गया। मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह का उद्घाटन प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने मां शारदे के चरणों में दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन कर किया।

प्रधानाचार्य ने मानस के कई प्रकरण से जीवन को संकल्प से सिद्धि की ओर ले जाने को कहा। समारोह में कक्षा 11 वा 12 के छात्र अर्पित मिश्रा, श्रेयंक यादव छात्रा रिया वर्मा, अंकिता वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, मरियम हमीद, आरती, साक्षी, महक वर्मा, अलका वर्मा, अर्चना वर्मा, सुबुही खातून, शिखा, ने अपने अनुभव साझा किए। इसके पश्चात बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पूर्वानुमानित परीक्षा (एक और दो में) 12 और 10 के सभी वर्गो से पांच-पांच मेधावियों को प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ पुरस्कृत कर उन्हें बोर्ड परीक्षा में इसी तरह प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी।दिनेश वीर विक्रम, प्रबंधक लाल बहादुर, उपाध्यक्ष अहिबरन सिंह, विजय जैन आदि मौजूद रहे। संचालन अनिल कुमार ने किया।

## सार-संक्षेप

### अंत्येष्टि स्थल निर्माण के लिए चिह्नित की गयी भूमि



चिह्नित जमीन की सफाई करती जेसीबी।

**हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत द्वारा कस्बा स्थित दीवानी न्यायालय के पीछे स्थित सरकारी भूमि पर अंत्येष्टि स्थल का निर्माण किया जाएगा। रविवार को इस भूमि पर निर्माण कार्य के लिए जेसीबी से साफ सफाई एवं समतलीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में अंत्येष्टि स्थल न होने से अंतिम संस्कार के लिए बहुत दूरी तय करनी पड़ती थी। अंत्येष्टि स्थल के लिए भूमि उपलब्ध होने के साथ ही शासन से लगभग 29 लाख रुपए का बजट भी नगर पंचायत को प्राप्त हो चुका है। इसी क्रम में रविवार को अंत्येष्टि स्थल निर्माण के लिए भूमि की साफ सफाई का कार्य जेसीबी के माध्यम से शुरू किया गया है। जल्दी ही इस पर निर्माण कार्य शुरू होगा।

### 89 किलो पोस्ता के छिलके के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी अमृत विचार :** हैदरगढ़ थाने की पुलिस ने सोमवार को मादक पदार्थ के दो तस्करों को गिरफ्तार कर,उनके पास से कुल 89 किलो 33 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा व परिवहन में प्रयुक्त एक अदद वाहन बरामद किया है। बरामद डोडा (पोस्ता छिलका) बिहार से खरीद कर हरियाणा ले जाया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना हैदरगढ़ पुलिस टीम ने सोमवार को मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में सुखचैन सिंह व गोपी सिंह पु निवासीगण अरकवास थाना लहरा गंगा जिला संगरुर (पंजाब) को बड़ा गांव कस्बा व थाना हैदरगढ़ से गिरफ्तार किया। परिवहन में प्रयुक्त एक कार, दो मोबाइल फोन, एक ड्राइविंग लाइसेंस व 1905 रुपये नकद बरामद किये गये। पूछताछ से प्रकाश में आया कि आरोपियों द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी की जाती है।

### घरवालों के जगने की सुगबुगाहट पाकर भागे चोर

**हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत तारागंज गांव में रविवार की रात चोरी करने आए चोर घर में लोगों के जगे होने की सुगबुगाहट पर अपने मंसूबों में सफल नहीं हुए। जिससे चोरी की वारदात होने से बच गई। गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद मिश्र व उनके परिजन सुबह छत पर गए तो देखा कि आंगन में पहुंचने के लिए बदमाशों ने छत के ऊपर रखा कई कुंतल का लोहे का जाल खिसका दिया है।छत पर ही जाल के पास एक गमछा भी पड़ा मिला। इसके साथ ही छत की रेलिंग पर लगा लोहे का राड काटकर अलग कर दिया गया था। कयास लगाया जा रहा है कि यह चोरी करने आए चोरों की ही करतूत है। पता चला कि श्री मिश्र के परिवार में हाल ही में जन्मे बच्चे की तबीयत ठीक न होने के कारण परिवारीजन रात में जग रहे थे। इसी जगहट के चलते बदमाशों के मंसूबे फेल हो गए। पीड़ित राजेंद्र मिश्र ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी दबोचा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा कोतवाली की पुलिस टीम ने दुष्कर्म के मामले में फरार कचेहरान मोहल्ला निवासी दिनेश कश्यप को सोमवार को गिरफ्तार किया। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

# 15 व 25 को होंगे सामूहिक विवाह

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी



**तैयारियों में तेजी**

- आवेदनों की जांच में जुटा समाज कल्याण विभाग
- 15 को फतेहपुर व 25 को शहर के ऑडिटोरियम में होगा आयोजन

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कराने के लिए समाज कल्याण विभाग तेजी से लगा हुआ है। आचार संहिता लागू होने से पहले दो बार सामूहिक विवाह का आयोजन कराने की तैयारी की गई है। प्राप्त आवेदनों की जांच कराते हुए वर-वधूओं को चिह्नित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 15 फरवरी को फतेहपुर तो 25 फरवरी को शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजन की तैयारी की गई है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को लेकर समाज कल्याण विभाग तैयारियों में लगा है। बोर्ड परीक्षा के बाद कभी भी लोकसभा चुनाव का बिगुल बज सकता है। इस बात का ध्यान रखते हुए विभाग दो बार विवाह का आयोजन कर अधिक से अधिक मिलने वाले पात्रों को लाभान्वित करने की योजना बनाई है। इसी कड़ी में फतेहपुर ब्लॉक क्षेत्र के साईं इंटर कॉलेज में 15 फरवरी को विवाह कराया जाएगा। हालांकि लाभार्थियों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि प्राप्त आवेदनों की बारीकी से जांच की जा रही है। ताकि पात्रों को ही इसका लाभ मिल सके। वहीं दूसरा व अंतिम आयोजन 25 फरवरी को शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम में कराने की तैयारी की गई है। इस आयोजन में सांसद समेत जिले के कई अन्य जनप्रतिनिधि हिस्सा लेंगे और वर-वधूओं को आशीर्वाद देंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि दोनों आयोजनों को लेकर तैयारियां चल रहीं हैं। आवेदनों की जांच पूरी होने के बाद पात्रों का विवाह- व निकाह कराया जाएगा।

# महिलाओं ने बताए सफलता के अनुभव

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विकास खंड हैदरगढ़ के ब्लॉक सभागार में चाय पर चर्चा कार्यक्रम हुआ। इसके मुख्य अतिथि रामदेव सिंह रहे। कार्यक्रम में मौजूद एनजीओ और स्वयं सहायता समूह में काम करने वाली महिलाओं ने अपनी सफलता के अनुभव साझा किए। रामदेव सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक करोड़ स्वयं सहायता समूहों और एनजीओ से संपर्क कर 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को जोड़ा जाएगा और इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के उस वर्ग तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। जो सामाजिक कार्यों से जुड़कर लोगों की सहायता कर रहे हैं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार, मुन्नू प्रधान, अलगू सिंह तथा भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



महिला को प्रमाण पत्र प्रदान करते रामदेव सिंह। अमृत विचार

# अधूरा ही छोड़ दिया मार्ग, राहगीर परेशान

देवा,बाराबंकी:

**अमृत विचार :** देवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सफीपुर में देव स्थान तक जाने वाली एक इंटरलाकिंग मार्ग को अधूरा ही छोड़ दिया गया है। इससे वहां पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। इसके चलते देव स्थान को आने जाने वाले लोगों काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी फतेहपुर को शिकायती पत्र दिया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

देवा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सफीपुर में नकरसेन नाम से प्रसिद्ध देव स्थान है। सफीपुर गांव के डीह मजरे से चार माह पहले मेन रोड से नकरसेन पूजा स्थल तक इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण होना था। ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए इंटरलॉकिंग निर्माण को करीब 15 मीटर पहले ही अधूरा छोड़ दिया गया। इस 15 मीटर के दायरे में घरों का पानी भरा रहता है। जिससे श्रद्धालुओं को देवस्थान तक आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण अनुज, साबित्री, दिलीप, काशीराम, सुनीता सहित करीब दो दर्जन ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त शिकायती पत्र बीडीओ को दिया था लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण कुमार ने बताया कि नाप करने वाले मुंशी की गलती है। इसके चलते इंटरलॉकिंग मार्ग अधूरा रह गया है । दोबारा एस्टीमेट भेज कर मार्च के बाद इसे बनवाया जाएगा।



सफीपुर के डीह मजरे में अधूरा पड़ा मार्ग। अमृत विचार

# गायत्री महामंत्र का अखंड जप आज से

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** नगर पंचायत रामसनेहीघाट में गायत्री शक्तिपीठ मंदिर पर वसन्त पंचमी के उपलक्ष्य में गायत्री परिवार ट्रस्ट, प्रज्ञा मंडल, महिला मंडल की सदस्यों द्वारा 13 फरवरी को प्रातः 8 बजे से गायत्री महामंत्र का 24 घण्टे का अखण्ड जप किया जाएगा। जप के समाप्ति के बाद 14 फरवरी को प्रातः 8 बजे पांच कुण्डीय हवन होगा । गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी शिवाकांत त्रिपाठी ने सभी परिजनों को सदृसंकल्प के साथ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के बताए मार्ग पर चलने की बात कही । कहा कि गुरुदेव के आध्यात्मिक जन्मदिवस होने के कारण विशेष महत्व का है। गुरुदेव के विचार क्रांति अभियान में सभी को अपनी सहभागिता देनी चाहिए तभी हम मनुष्य में देवत्व का उदय और पृथ्वी पर स्वर्ग का अवतरण की संकल्पना को साकार कर सकते हैं।इसके अलावा वसंत पंचमी को ही प्रातः गुरुदेव की चरणपादुका की स्थापना भी की जाएगी।

**सहूलियत** 1962 डॉयल करते ही पशुपालकों के घर पहुंचेगी एंबुलेंस, रोज निर्धारित रूट पर तीन गांव में दी जा रही सुविधा

# 10 माह में वेटनरी एंबुलेंस ने 17917 पशुओं का किया इलाज

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में चल रहीं 108 व 102 एंबुलेंस सेवा की तरह 1962 एम्बुलेंस सेवा पशुपालकों के लिए वरदान साबित हो रही है। जिले में बीते वर्ष अप्रैल से अब तक 17 हजार 917 पशुओं को चिकित्सा सेवा इस एम्बुलेंस के माध्यम से उपलब्ध कराई जा चुकी है। इस एंबुलेंस सेवा का उपयोग अब लंपी बीमारी के टीकाकरण के लिए भी किया जा रहा है। शासन द्वारा जिले के पशुपालन विभाग को आठ हाईटेक वेटनरी एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई हैं।

प्रदेश सरकार की ओर से पशुपालकों के पशुओं की उनके घर पर ही चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रारंभ की गई 1962 एंबुलेंस सेवा जिले में पशुपालकों के लिए लाभकारी साबित हो रही है । 1962 एंबुलेंस सेवा अप्रैल माह में जब से जिले में प्रारंभ हुई है तब से अब तक 17 हजार 917 पशुओं को मोबाइल टीम ने पालक के घरों पर जाकर उपचार कर जान बचायी। पशुओं में लंपी बीमारी से बचाव के को 1962 एंबुलेंस से अभियान चलाकर टीकाकरण किया गया है। दस माह पहले शासन ने पशुपालन विभाग को आठ हाईटेक वेटनरी एंबुलेंस दी थी। बीमार पशु के इलाज के लिए पशुपालक इस टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करता है। जो सीधे लखनऊ कमांड सेंटर पर पहुंचने के बाद संबंधित एंबुलेंस को निर्देशित कर भेजा जाता है और चिकित्सक पशु का इलाज करते हैं। इसके लिए शासनस्तर से निर्धारित पांच रुपये पशुपालक को देना होता है।



टिकरिया गांव में मवेशी का इलाज करता कर्मचारी। अमृत विचार

### इन पशु अस्पतालों में अलर्ट मोड पर रखी गईं एंबुलेंस

सदर, फतेहपुर, सिरौलीगौसपुर और हैदरगढ़ पशु अस्पतालों में दो की संख्या में 1962 एंबुलेंस को अलर्ट मोड पर रखा गया है। इनमें एक-एक एंबुलेंस जहां टोल फ्री नंबर पर कॉल आने के बाद अपने क्षेत्र के पशुपालक के घर पहुंच पशु का इलाज करती है। वहीं दूसरी एंबुलेंस निर्धारित रूट पर प्रतिदिन तीन गांवों में पहुंचकर पशुओं का इलाज करती है। यह एंबुलेंस जीपीएस तकनीक से लैस हैं। जिसकी मॉनीटरिंग सीधे कमांड सेंटर से हो रही है।

### प्राथमिकता पर होता है बीमार पशुओं का इलाज

वेटनरी वैन केवल गंभीर रूप से बीमार या घायल पशुओं के इलाज को प्राथमिकता से करती है। गांवों में पशुओं का नि :शुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। एक वैन पर एक चिकित्सक, एक सहायक टेक्नीशियन व ड्राइवर मौजूद रहता है। दवाएं भी शासन की ओर से नि :शुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

–डॉ .अतुल अवस्थी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

# 48 लीटर शराब के साथ 5 बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार:** अलग-अलग थानों की पुलिस ने 48 लीटर शराब के साथ पांच आरोपियों को दबोचा।

असंद्रा पुलिस ने दीनपनाह निवासी सतीश कुमार वर्मा, कोठी पुलिस ने खानापुर निवासी बजरंग केवट, सुबेहा पुलिस ने रामपुर मजरे जमीन हुसैनाबाद निवासी माधुरी तथा बदोसराय थाने की पुलिस ने शहगढ़ मजरे खजूरिहा निवासी प्रकाश को 10-10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। वहीं आठ लीटर शराब के साथ कुर्सी पुलिस ने बड्डूपुर थाने के भैरमपुर निवासी संजय को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।


बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है शादी से पहले मेरा नाम ममता भुजवानी था। अब मेरा नाम रिधी मंगलानी हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायें। **रिधी मंगलानी A-1, कृष्णानगर, कानपुर रोड, लखनऊ**

**सूचना**
मैंने अपना नाम जिन्नत बीबी से बदलकर जिन्नत रख लिया है। अब मुझे जिन्नत के नाम से जाना पहचाना जाये। **जिन्नत पत्नी निजामुद्दीन निवासी ग्राम पोस्ट – कम्हरिया, तहसील मौदहा, जिला हमीरपुर।**

**सूचना**
सूचित हो कि AWADHESH KUMAR BHARTI पुत्र RAM BRICHHA निवासी निबिहाँ गोंठा, पोस्ट गोंठा, जिला मऊ का रहने वाला हूँ। अब मैंने अपना नाम बदलकर AWDHESH KUMAR रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र विकास की बेजा हरकतों व गतिविधियों से तंग एवं परेशान होकर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उक्त पुत्र से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **राकेश रावत पुत्र राम प्रसाद निवासी–141, चन्द्रिका देवी रोड, ग्राम रामपुर, जिला लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश इसरा पत्नी कालेन्द्र कुमार अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही नाम उषा पत्नी कालेन्द्र कुमार है। यही सही व वास्तविक नाम है। – **उषा पत्नी कालेन्द्र कुमार, निवासी बेलसर, परगना डिक्सिर, तहसील–तरबगंज , जिला गोंडा**

**सूचना**
मेरी हाईस्कूल यू.पी. बोर्ड वर्ष 2018 अनुक्रमांक 2146896 व इंटरमीडिएट 2020 अनुक्रमांक 1576918 अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गया है। **गुड़िया पुत्री विनोद कुमार निवासी तारापुर गुमान थाना व तहसील रामनगर जिला बाराबंकी।**

**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भवन सं0 6AKH No- 11,62,78 लखनऊ का मूल विक्रय विलेख जो कि पूर्णागिरी, सहकारी आवास समिति लखनऊ द्वारा श्रीरामबली कश्यप के पक्ष में किया गया, जो की पुस्तक संख्या 1031 के पृष्ठ संख्या 239/254 क्रम संख्या 2897 को उपनिबन्धक लखनऊ के यहाँ दिनाँक – 11/02/2003 के यहाँ पंजीकृत है, कहीं खो गया है, जो किसी सज्जन को प्राप्त हो, या कोई अपना दावा करें, तो मेरे से सम्पर्क करें। अन्यथा उचित कार्यवाही की जाएगी ।–(**श्रीमती बबिता श्रीवास्तव**), **पता – भवन सं0– 6AKH No- 11,62,78 नौबस्ता खुर्द, मेला मैदान, जानकीपुरम, लखनऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं आर्मी मेडिकल कोर विभाग में हवलदार रैंक के पद पर कार्यरत हूँ। मेरी सर्विस बुक में मेरी माता का नाम उर्मिला पाण्डेय पत्नी रामकेवल पाण्डेय अंकित है। जबकि उनके आधार कार्ड सं. 788826972809 में सुरति देवी पत्नी स्व0 रामकेवल पाण्डेय जन्मतिथि 01/01/1961 अंकित है। अतः मेरे सर्विस बुक में सही नाम सुरति देवी पत्नी स्व0 रामकेवल पाण्डेय जन्मतिथि 01/01/1961 दर्ज किया जाये। **प्रभात कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 रामकेवल पाण्डेय ग्राम पछियाना परगना पश्चिम राठ तहसील बीकापुर जनपद फैजाबाद/अयोध्या**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं **मो. इसरार पुत्र मो. आरिफ, नि. ग्राम जेठू मवई पो. धनीजलालपुर, थाना व तह. गौरीगंज, जनपद–अमेठी** का निवासी हूं। मेरे पिता मो. आरिफ पुत्र वली मोहम्मद 21.5.2015 को बहराइच मेले से गायब हो गए थे काफी खोजबीन के बाद भी उनका आज तक कहीं पता नहीं चल सका है।

# सपनों को लगे पंख, आजादी के बाद पक्की सड़क से जुड़ेंगे 20 गांव

▸▸ सड़क बनने से करीब एक लाख आबादी की मुश्किल होगी आसान, लोगों में खुशी की लहर

राघवेंद्र शुक्ल, जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचार:** सड़कें किसी भी क्षेत्र के लिए विकास के द्वार खोलती हैं। इन्हीं सड़कों के माध्यम से तमाम मुश्किलें दूर होती हैं। व्यापारिक फायदा हो या फिर स्थानीय लोगों का आवागमन। यही वजह है कि गांव के आसपास से सड़क का कोई बड़ा प्रोजेक्ट शुरू होता हो विकास की एक नई उम्मीद जगने लगती है। इसी कारण सड़कों को अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी कहा जाता है।

आजादी के 75 साल बीत चुके हैं आज भी क्षेत्र के करीब 20 ऐसे छोटे-बड़े गांव हैं, जहां पर यह सुविधा नहीं है। कच्ची सड़क से ही लोगों को आवागमन करन पड़ रहा है। कई बार स्थानीय लोगों ने आवाज उठाई, लेकिन किसी ने नहीं सुना। हालांकि उन्हें उम्मीद जरूर थी कि आज नहीं तो कल कोई जरूर समस्या को देखेगा। आखिरकार वह घड़ी आ गई, जब आजादी के बाद पहली ये गांव पक्की सड़क से जुड़ेंगे। जगतपुर विकास क्षेत्र के कई गांव शारदा सहायक नहर के किनारे बसे हुए हैं। इनके आवागमन का एकमात्र रास्ता नहर पटरी ही है। बरसात के समय इन गांवों में पहुंचना दुर्लभ हो जाता है। जगह-जगह गहरे गड्ढे हो जाते हैं। इससे हादसे का भी भय मना रहता है। ऐसे में सरकार के नए प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली तो लोगों को लगा कि अब सपना जरूर साकार हो जाएगा। भांव के निकट रिंग रोड के पास से शुरू होकर के क्षेत्र के बिंदागंज पुल के पास तक लगभग 14 किलोमीटर तक शारदा सहायक नहर की पूर्वी पटरी के डामरीकरण का काम शुरू होने से इन गांवों के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इनका कहना है कि कम से कम किसी सरकार में सुनवाई तो हो गई।

### तेजी से चल रहा काम, एक से दो महीने में पूरा होने का अनुमान

सड़क निर्माण शुरू होने से लोगों में खुशी का माहौल है। एक दूसरे को मिठाई खिला करके खुशी का इजहार कर रहे हैं। सड़क निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। एक-दो महीने में यह निर्माण कार्य पूर्ण होने का अनुमान लगाया जा रहा है।


शारदा नहर के किनारे सड़क का चल रहा काम।


जेसीबी से सड़क को कराया जा रहा समतल।

### जाम की समस्या से मिल सकेगी निजात

जगतपुर के लोगों को लखनऊ जाने के लिए अब इस नए निर्मित मार्ग को अगर पकड़े तो सीधे रायबरेली के आगे डिडौली गांव में जाकर के राष्ट्रीय राज मार्ग में मिल जाएंगे। उनको रायबरेली और जगतपुर के बीच में पड़ने वाले किसी भी कस्बे के जाम से निजात मिल जाएगी। जिसको लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने खुशी जताई है। कहा कि मेरा सपना साकार हो रहा है।

### कई सालों से चल रहा रिंग रोड का निर्माण

जिले के लखनऊ रोड पर शहर से सटे गांव डिडौली गांव के निकट से रिंग रोड का कार्य कई सालों से चल रहा है, जो राही ब्लाक के भाव पेट्रोल पंप के पास तक नहर पटरी तक है। जहां से रिंग रोड खत्म हो रही है, इसी स्थान से नहर पटरी पर डामरीकरण के लिए काम सिंचाई विभाग द्वारा शुरू करा दिया गया है। यह डामर सड़क बन जाने से राही, जगतपुर, रोहनिया और ऊंचाहार ब्लॉक आपस में जुड़ जाएंगे, क्योंकि इससे आगे जहां तक सड़क बनेगी बिंदागंज के पुल तक उसके आगे ऐहारी टेल तक सड़क पहले से बनी हुई है। और उससे आगे अभी हाल ही में सांसद सोनिया गांधी के प्रयासों से पीएमसी से ऊंचाहार से एनटीपीसी तक सड़क बनाकर तैयार हुई है। इस तरह अभी यह सड़क एनटीपीसी ऊंचाहार से सीधे पूरी नहर पटरी लखनऊ मार्ग जाने के लिए लोगों के लिए उपलब्ध हो जाएगी

### सड़क बनने से गांवों में तेजी से होगा विकास

सड़क निर्माण होने से नहर के किनारे बसे गांव तामसगढ़, रामगढ़, पूरे शुक्लन, पूरे तिवारीपुर, अहिरन की डिगही, मनोहरगंज, पुराना थाना, महादेवन का पुरवा, नवाबगंज, बनिया का पुरवा, डम्मर का पुरवा, पूरे भवानी बक्स का पुरवा आदि गांव सीधे इस मार्ग से जुड़ जाएंगे। यही नहीं जगतपुर से रायबरेली के बीच में फोरलेन सड़क का भी निर्माण कार्य जारी है। उसे फोर लेन के समानांतर नहर पटरी भी पक्की होकर के एक वैकल्पिक मार्ग लोगों को उपलब्ध होगा, जिससे जाम की समस्या कभी नहीं आएगी।

## आरेडिका में सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

**लालगंज, रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में संविदा की सामान्य शर्तें 2022 टेंडर एवं कांट्रैक्ट एक्जीक्यूशन विषय पर एक सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें आरेडिका के अधिकारियों एवं अधीनस्थ पर्यवेक्षकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। राजेश अग्रवाल प्रधान मुख्य अभियंता ने कार्य टेंडर के नियमानुसार क्रियान्वयन की जानकारी दी। साथ ही अकमल वदूद वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी ने केस स्टडी के माध्यम से पात्रता मापदण्ड के निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रतिस्पर्धा पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पीके मिश्रा महाप्रबंधक के द्वारा संविदा की सामान्य शर्तें 2022 टेण्डर एवं कांट्रैक्ट एक्जीक्यूशन के अनुसार टेंडर कार्य करने एवं इसका कड़ाई से अनुपालन का सुझाव दिया गया। यह जानकारी आरएन तिवारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने दी।

# आत्मनिर्भर बना रही केंद्र और प्रदेश सरकार: प्रतिभा शुक्ला

▸▸ प्रभारी मंत्री ने शक्ति वंदन कार्यक्रम में 35 महिलाओं को किया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिल रहा है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। अब सबकुछ सामने भी आने लगा है। महिलाएं आत्मनिर्भर बन परिवार को आर्थिक मजबूती प्रदान कर रही हैं। उक्त बातें जिले की प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश प्रतिभा शुक्ला ने कही। उन्होंने फिरोज गांधी कॉलेज ऑडिटोरियम में शक्ति वंदन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान 35 महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की 500 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से शशिबाला, मधुलिका एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से सीमा एवं दीप्ति द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत अपनी सफलता की कहानी साझा की। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा समूह में उत्कृष्ट कार्य कर रही राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की 20 महिलाओं और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की 15 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल से सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, मुकेश कुमार जिला समन्वयक एनआरएलएम, शरद कुमार त्रिपाठी जिला कार्यक्रम अधिकारी, शशि कुमार मेहरोत्रा परियोजना अधिकारी डूडा, नेहा श्रीवास्तव शहर मिशन प्रबंधक, कुलदीप सिंह सामुदायिक आयोजक, शैलेश तिवारी, तीरथ राज जिला मिशन प्रबंधक एनआरएलएम मौजूद रहे।


स्टॉल का निरीक्षण करतीं प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला, साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी।

### प्रभारी मंत्री ने चौपाल में लाभार्थियों को सौंपे प्रमाण पत्र

**अमावां, रायबरेली।** प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने विकास क्षेत्र के परिगवां गांव में चौपाल लगाकर लोगों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित कराया। साथ ही बीडीओ संदीप सिंह को सभी योजनाओं में ब्लॉक को नंबर वन पर लाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान ग्रामीणों से मुलाकात की। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती माताओं की गोद भराई और छह माह पूरे कर चुके नवजात बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया। प्रभारी मंत्री ने गांव के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पांच लाभार्थियों को उनके नए घर की चाबी दी। करीब दो घंटे के कार्यक्रम के बाद प्रभारी मंत्री का काफिला जिला मुख्यालय की ओर कूच कर गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, एडीओ राजन सिंह, एडीओ पंचायत कमलेश श्रीवास्तव, खण्ड प्रेरक शरद चंद तिवारी, प्रभारी सीडीपीओ रेनू शुक्ला, रवि सिंह, रामखेलावन सोनी, पूर्व प्रमुख भगवती सिंह, प्रधान अखिलेश सिंह, शब्बीर अहमद, पुष्पेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


सीएचसी परिसर में खड़े निजी वाहन।

## मूक दर्शक बने सीएचसी अधीक्षक जवाब देने में असमर्थ हुए सीएमओ

बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** अगर वर्तमान समय में सामुदायिक स्वास्थ्य बछरावां के अधीक्षक डा. अनिल कुमार जैसल को मूक दर्शक कहा जाए तो कतई गलत नहीं होगा, क्योंकि विगत चार दिन पूर्व समाचार पत्र के माध्यम से पार्किंग स्थल बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी। अभी तक सीएचसी अधीक्षक ने न तो उस खबर को संज्ञान में लिया और न ही ध्यान देना मुनासिब समझा।

इस मामले में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के अधीक्षक अनिल कुमार जैसल से दूरभाष के माध्यम से पूछने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन उठाना तक मुनासिब नहीं समझा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह से संवाददाता ने जब दूरभाष के माध्यम से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि इस पर अधीक्षक को स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देना चाहिए, इस पर मैं क्या कर सकता हूं, आप अधीक्षक से कहिए। अब सवाल यह उठना लाजमी हो जाता है कि अधीक्षक साहब तो फोन ही नही उठाते है और सीएमओ साहब इस समस्या पर कोई भी कार्यवाही करने में असमर्थ दिख रहे हैं, तो ऐसी स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां की एंबुलेंस खड़ी हो तो कहां खड़ी हो।

## सार-संक्षेप

### सड़क हादसों में दो लोग घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली।** क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में बाइक सवार दो लोग घायल हो गये, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पहली घटना लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर तिवारीपुर तिराहे के पास की है, जहां सोमवार की दोपहर कार की टक्कर से बाइक सवार जोधा निवासी हजारीबाग गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना नगर के हनुमान मंदिर के पास की है, जहां सोमवार की दोपहर ई रिक्शा से टकराकर बाइक सवार मो सलीम निवासी गुलाब का पुरवा मजरे कंदरांवा घायल हो गया, जिसे पुलिस की मदद से इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल दो लोगों का उपचार किया गया है।

### जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र की राजामऊ ग्राम सभा के लकड़िया खेड़ा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इसमें एक पक्ष से तीन महिलाओं सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में ममता, श्याम कली, संगीता और बच्चू लाल शामिल हैं। वहीं दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया की घटना की जानकारी प्राप्त हुई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में सिलेंडर में लगी आग

**बछरावां, रायबरेली।** बीते रविवार की देर शाम लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेलवे स्टेशन के पास दुकान में रखे एक सिलेंडर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने से आसपास हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की मशक्कत के बाद किसी तरह से आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि किसी प्रकार का कोई हादसा नहीं हुआ। आसपास के लोगों का कहना है कि यह आग अचानक से लग गई, पता नहीं आग कैसे लगी है, उसकी अभी जानकारी नहीं हो पाई है।

### रोजगार को नहीं भटकेंगे युवा, ब्लॉकों में होगा आयोजन

**संवाददाता, रायबरेली।** रोजगार के लिए युवाओं को नहीं भटकना पड़ेगा। उनकी सुविधा के लिए ब्लाक स्तर पर रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत छह मार्च 2024 तक जनपद के समस्त विकास खण्डों में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इसमें विकास खण्ड लालगंज परिसर में 15 फरवरी को आयोजन किया जायेगा। 16 फरवरी को सरेनी, 17 फरवरी को अमावां, 20 फरवरी को महराजगंज, 21 फरवरी को शिवगढ़, 22 फरवरी को बछरावां, 23 फरवरी को डीह, 24 फरवरी को छतोह, 26 फरवरी को जगतपुर, 27 फरवरी को ऊँचाहार, 28 फरवरी को दीनशाह गौरा, 29 फरवरी को हरचन्दपुर, 01 मार्च को खीरो, 02 मार्च को रोहनिया, 04 मार्च को सतांव, 05 मार्च को राही और 06 मार्च को विकास खण्ड सलोन परिसर में आयोजन किया जायेगा।

### बैठक कर बनाई रणनीति

**महराजगंज, रायबरेली।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा संगठन के पदाधिकारी लोगों के बीच जाकर भाजपा सरकार के कामकाज व योजनाओं को घर-घर संपर्क कर गिना रहे हैं। रविवार शाम को प्रवास अभियान के तहत भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप यादव व पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अजय अग्रवाल के साथ महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुधा अवस्थी व मण्डल अध्यक्ष विवेक पांडेय ने चुनाव की राणनीति बनाई। साथ ही कस्बे में प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों के घर जाकर सरकार की योजनाएं व नीतियां बताते हुए सरकार का रिपोर्ट कार्ड दिया।

### चौपाल का आयोजन 14 को

**संवाददाता, रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में 14 फरवरी को विकास खण्ड डीह की ग्राम पंचायत डीह में चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इसमें राजस्व एवं विकास विभाग के विकास खण्ड, तहसील स्तरीय अधिकारियों के साथ चौपाल के माध्यम से जनसुनवाई, समस्या निस्तारण किया जाएगा।

### भाजपा कार्यकर्ता को मिली फोन पर धमकी, ऑडियो वायरल

**बछरावा, रायबरेली।** भाजपा कार्यकर्ता हरिओम चतुर्वेदी को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति ने सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री को भी अपशब्द कहे। भाजपा कार्यकर्ता द्वारा इसकी लिखित शिकायत बछरावां कोतवाली मे दी गई है। पीड़ित ने बताया कि बीते रविवार की रात तकरीबन 11:00 बजे के आसपास मेरे मोबाइल पर एक फोन आया और मुझे अपशब्द के साथ-साथ जान से मारने की धमकी देते हुए प्रदेश के मुखिया को भी अपशब्द कहे। कोतवाली प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है, उक्त नंबर की जांच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।


शिकायती पत्र दिखाते हरिओम चतुर्वेदी।

## सालों से पूरे प्रताप गांव के मार्ग की नहीं हुई मरम्मत


सड़क निर्माण की मांग करते ग्रामीण। अमृत विचार

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** रोहनिया विकास खंड के गांव पूरे प्रताप मजरे मिर्जापुर ऐहारी के तीन मार्ग एक दशक से बदहाल है, जिस पर चलना दुश्वारियों भरा है। सड़क की दुर्दशा को लेकर सोमवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने ब्लाक मुख्यालय में प्रदर्शन करके बीडीओ को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव के तीन मार्ग टेल पुल से सुंदर पासी के दरवाजे तक, अर्जुन साहू के दरवाजे से भुल्लन साहू के दरवाजे तक और तेजी पासी के दरवाजे से मक्खन साहू के दरवाजे तक सड़क बहुत बदहाल है। विगत दस वर्षो से इन मार्गो की मरम्मत नहीं हुई है, जिसके कारण पूरा मार्ग गढ्ढों में तब्दील है। सोमवार को इस मुद्दे को लेकर ब्लाक मुख्यालय पहुंचे, जहां पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए खंड विकास अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है।

## बच्चों ने मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

**महराजगंज, रायबरेली।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मानव श्रृंखला और सही का चिन्ह बनाते हुए न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप आफ एजुकेशन सलेथू में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान बच्चों ने मतदान करते समय उंगली में लगाई जाने वाली स्याही की उंगली दिखाकर सभी को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया। मतदाता जागरुकता अभियान में छात्र छात्राओं के साथ एनसीसी कैडेट ने भी हिस्सेदारी निभाई। मानव श्रृंखला का आयोजन महाविद्यालय की ईएलसी क्लब के सदस्यों के द्वारा किया गया। क्लब के सदस्यों में बताया कि हम लोग अपने आसपास के क्षेत्र में मतदान के पहले नए मतदाताओं को जोड़ने का कार्य और मतदान के दिन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के कार्य में सहयोग करेंगे। प्राचार्य डॉ. शिव ओम श्रीवास्तव, डीएलएड प्राचार्य धीरेंद्र सिंह, गौरव मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## एफजीआईईटी में छात्रों को मिले टैबलेट

**अमावां, रायबरेली।** फिरोज गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना अभियान के तहत संस्थान के एमसीए अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए। संस्थान के निदेशक डॉ. दिग्विजय सिंह चौहान ने सभी को टेबलेट देकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि अभियान के तहत 18 टेबलेट संस्थान के सत्र 2021-22 के एमसीए अंतिम वर्ष के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को वितरित किया गया है। इस अवसर पर संस्थान के विभागाध्यक्ष डॉ विवेक द्विवेदी, राजेंद्र सिंह, राजेश सिंह, डॉ सज्जन लाल मौर्या, डॉ नितिन पांडेय, डॉ अमित पोरवाल, मीडिया प्रभारी हेमंत सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

## बसंत मेले की तैयारियां तेज

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मोन गांव स्थित बाबा ओरीदास दास महराज की तपोस्थली पर बसंत पंचमी पर लगने वाले मेले की तैयारियां तेज हो गई है। मेले में मनोरंजन के लिए रहट, झूले, सर्कस सहित लकड़ी के फर्नीचर व बर्तनों की दुकानें सज गई हैं। मेला कमेटी अध्यक्ष ग्राम प्रधान श्याम कला ने बताया कि इस बार तीन दिवसीय मेले की तैयारियां की गई है।

मेला कमेटी के प्रबंधक अमरेंद्र सिंह ने बताया कि मेले के प्रथम दिन 14 फरवरी को शिव शक्ति जागरण टीम के द्वारा भक्ति मय कार्यक्रम होंगे। मेले पहले दिन होने वाली दंगल प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर के विभिन्न जिलों से आए पहलवान प्रतिभा करेंगे। उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने बताया कि तैयारियों को लेकर खण्ड विकास अधिकारी को साफ सफाई, पुलिस को सुरक्षा व सीएचसी अधीक्षक को आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।



बसंत मेला की चल रही तैयारी। अमृत विचार

सांस्कृतिक कार्यक्रम | स्टार किड्स के ग्रैण्ड फिनाले में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने किया सभी को मंत्रमुग्ध

# बच्चों ने कैटवाक और फैंसी ड्रेस में खूब मचाया धमाल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** माधव सेवा संस्थान की ओर से स्टार किड्स ग्रैण्ड फिनाले का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों का नृत्य और मॉडलिंग प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रतापुर स्थित गोल्डन दीप होटल में कार्यक्रम का शुभारंभ एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव और व्यापार मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस दौरान रैम्प के साथ फैंसी ड्रेस और डांस में बच्चों ने खूब धमाल मचाया। सिमहैंस हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. मनीष चौहान, राजा हर्षेन्द्र सिंह, समाजसेवी ममता सिंह, सुमित चौबे, सत्यम बाजपेयी ने बच्चों को पुरस्कृत किया। समाजसेवी प्रभाकर गुप्ता, राइजिंग चाइल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। माधव सेवा संस्थान अध्यक्ष प्रियंका अवस्थी ने कहा कि कला और संस्कृति के क्षेत्र में रायबरेली की प्रतिभाओं को मुख्य पटल पर लाने के लिए संस्थान कृत संकल्पित है। बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता जूनियर ग्रुप में इर्निका का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। रिथान्या दूसरे और सिद्धान्त तीसरे स्थान पर रहे। सीनियर ग्रुप में दर्श प्रथम, सिया एवं श्रद्धा संयुक्त रूप से द्वितीय और अर्पिता तृतीय स्थान पर रहीं। बच्चों ने रैम्प पर कैटवॉक कर खूब आकर्षित किया। फ़ैशन शो में कर्णिका, कात्यायनी, सिया, दर्श, शताक्षी, कुशाग्र, इर्निका, आन्या, जसलीन, माही, श्रद्धा का प्रदर्शन बेहतर रहा।

भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव ने बच्चों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर दीपक कपूर, सौरभ यादव, ममता सिंह, शिवांगी चौधरी, अमित सिंह, विवेक मिश्रा, ऊषा, शबनम अंसारी, प्रिया मिश्रा, आलोक श्रीवास्तव, डॉ. संतलाल, भूपेश दुबे, किरन सिंह, भावलीन चावला, स्मृति शुक्ला आदि मौजूद रहे।



बच्चे को पुरस्कृत करते भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव।



स्टार किड्स के ग्रैण्ड फिनाले में प्रदर्शन करती बच्ची।

# बैसवारा एजुकेशन ट्रस्ट ने गरीब मेधावी बच्चों को दी प्रोत्साहन धनराशि

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** स्वतंत्रता से पहले से स्थापित बैसवारा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। उस तारतम्य में प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने बैसवारा डिग्री कॉलेज के एक सैकड़ा छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन धनराशि की चेक देकर सहायता प्रदान की है।

प्रबंधक ने कहा कि एजुकेशन ट्रस्ट सदैव क्षेत्र में शिक्षा के विकास के लिए तत्पर रहा है और अब विद्यालय में जो भी गरीब बच्चे पढ़ते हैं, उनको कापी-किताब और अन्य पठन-पाठन सामग्री के लिए नगद धनराशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाती है। प्राचार्य डॉ. शीला श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ने में कोई कठिनाई न हो। शिक्षा किसी भी शॉर्टकट से प्राप्त नहीं की जा सकती है, दिनचर्या में पढ़ाई को मेजर स्थान देने से ही मुकाम हासिल होगा। इसके अलावा प्रबंधक ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय द्वारा केंद्रित मूल्यांकन अनुदान से प्राप्त धनराशि से विद्यार्थियों के लिए वाटर कूलर और कॉन्फ्रेंस हाल में ऐसी का भी उद्घाटन किया गया। इस मौके पर कुंवर वीपी सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ निरंजन राय, डॉ. पुष्पा बरनवाल, डॉ. बीके भारद्वाज, डॉ. अतुल कुमार, वरिष्ठ लेखाकार सुरेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।



छात्रा को चेक देते प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह। अमृत विचार

# दिनदहाड़े सराफा व्यवसायी से 25 लाख की लूट

- बाइक सवार तीन सशस्त्र लुटेरों ने घटना को दिया अंजाम, सीमा विवाद में उलझी रही पुलिस

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** रायबरेली-प्रतापगढ़ जनपद की सीमा पर ऊंचाहार के सराफा व्यवसायी के साथ बड़ी लूट हुई है। ऊंचाहार से अपनी दुकान जा रहे बाइक सवार व्यवसायी को राजमार्ग पर सरेआम रोककर तीन सशस्त्र लुटेरों ने आभूषणों से भरा उसका बैग छीन लिया और फरार हो गए। यह वारदात सोमवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे हुई है। ऊंचाहार नगर के निवासी सर्राफ विजय कुमार की प्रतापगढ़ जनपद के परियावा बाजार में दुकान है।

वह नित्य दुकान बंद करके रात में सारे आभूषण लेकर ऊंचाहार चले आते हैं और सुबह आभूषणों के साथ अपनी दुकान पर जाते हैं। सोमवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे ऊंचाहार से वह बैग में करीब 25 लाख रुपये कीमत का सोना, चांदी का आभूषण भरकर अपनी दुकान पर जा रहे थे। रायबरेली-प्रतापगढ़ की सीमा पर जैसे ही उन्होंने प्रतापगढ़ जनपद की सीमा में प्रवेश किया, तभी बाइक सवार तीन सशस्त्र लुटेरों ने उनको घेर लिया। दिनदहाड़े अचानक लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर हुई घटना से वह अवाक रह गए। तभी लुटेरे ने उनकी कनपटी पर तमंचा लगाते हुए उनका बैग छीन लिया और तेजी के साथ भाग गए।

अचानक हुई इस घटना से विजय कुमार काफी भयभीत हो गए। आसपास के लोगों ने चीखना चिल्लाना शुरू किया। स्थानीय लोग जब तक लुटेरों को लोग घेरते, तब तक सभी फरार हो चुके थे। उसके बाद पीड़ित व्यवसायी ने ऊंचाहार कोतवाली और प्रतापगढ़ जनपद कोतवाली के नवाबगंज थाना क्षेत्र को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा यह तय किया गया कि घटनास्थल प्रतापगढ़ जनपद की सीमा में है। दिनभर प्रतापगढ़ जनपद के पुलिस अधिकारी घटनास्थल की छानबीन करते रहे। सोमवार की देर शाम मामले की प्राथमिकी दर्ज की गई है। ऊंचाहार कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना सीमा क्षेत्र के पार प्रतापगढ़ जनपद में हुई है। मामले में कार्रवाई प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा की जा रही है।

## सराफा लूटकांड में फरार बदमाश को पुलिस ने दबोचा

- 15 जनवरी को दिनदहाड़े सराफा लूटकांड को दिया था अंजाम

**नसीराबाद, रायबरेली।** पुलिस ने सर्राफा लूटकांड के फरार आरोपी और 25 हजार के इनामियां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसने 15 जनवरी 2024 को दिनदहाड़े थाना क्षेत्र के बिरनाव-दयालपुर के बीच हुए सर्राफ लूट कांड को अंजाम दिया था। इस शातिर बदमाश पर रायबरेली, प्रतापगढ़ और कानपुर कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में 22 अभियोग पंजीकृत हैं। लूट के इस मामले का खुलासा करके चार अभियुक्तों को पुलिस ने पहले ही जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल ने बताया कि पकड़े गए दिनेश पटेल पुत्र माताफेर पटेल निवासी ग्राम कुम्हारन का पुरवा थाना नवाबगंज जिला प्रतापगढ़ को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से लूट के छह जोड़ी पायल, पांच बिछिया, 34700 रुपये, घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल और तमंचा और दो कारतूस बरामद किया गया है। विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

### वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

स्थानीय पुलिस ने एक गैर जमानती अभियुक्त को गिरफ्तार करके न्यायालय की अभिरक्षा में भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि भारतीय दंड विधान की धारा 323/504/506 के आरोपी मोहित कुमार यादव पुत्र शिवकुमार यादव निवासी ग्राम पूरे दरियाव मजरे छतोह, थाना नसीराबाद के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था, जिसके अनुपालन में उपनिरीक्षक मान सिंह यादव ने हमराही आरक्षी अनुज शर्मा के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया। न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

## एक नजर

### दावत में आए युवक की बाइक चोरी

**ऊंचाहार, रायबरेली।** उन्नाव जिले के बीघापुर निवासी विमलेश कुमार रविवार को सवैया हसन गाँव में एक बारात में शामिल होने बाइक से आया हुआ था। लौटकर आया तो बाइक गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चल सका। सोमवार को पीड़ित ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को मारी टक्कर

**जगतपुर, रायबरेली।** भदोखर थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतेहपुर मोहलिया के पास अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार घायल हो गया। उसे सीएससी में भर्ती कराया गया। घायल रामसेवक पुत्र शिवमंगल निवासी ऊंचाहार साइकिल से जगतपुर की तरफ आ रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए। सीएचसी का अधीक्षक डॉ. सत्यपाल सिंह ने बताया है घायल का उपचार किया जा रहा है।

### लेखपाल से मारपीट करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**लालगंज रायबरेली।** तहसील लालगंज में कार्यरत लेखपाल ऋषिकांत और राजस्व टीम के साथ मारपीट करने वाले धनंजय पुत्र लल्लू प्रसाद निवासी पूरे मधई मजरे लालू मऊ को पुलिस ने जेल भेज दिया है। वहीं एक अन्य आरोपी महिला गीता को जमानत मिल गई है। बताते चले कि शनिवार को धनंजय और अन्य लोग बंजर भूमि पर निर्माण कर रहे थे ,तभी मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने जब निर्माण कार्य रोका तो अतिक्रमणकारियों ने राजस्व टीम पर हमला बोल दिया था। मामले में लेखपाल ऋषिकांत की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। सोमवार को पुलिस ने दो अभियुक्तों को पड़कर एसडीएम कोर्ट भेजा था जहां पर एसडीएम ने महिला को जमानत दे दी और धनंजय को जमानत न देकर जेल भेज दिया।

# जगतपुर: नशे में चले धारदार हथियार, एक की हालत गंभीर

- थाने से दो सौ मीटर दूर देसी शराब के ठेके पर खूब हुआ हंगामा, मची अफरा-तफरी

जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** थाने से महज दो सौ मीटर की दूरी पर शराब के नशे में चार-पांच लोगों में पहले गाली गलौज हुआ। इसके बाद एक-दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे वहां पर अफरा-तफरी मच गई। जान बचाकर लोग इधर-उधर भागने लगे। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। इसमें एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घटना रविवार रात की है। जगतपुर कस्बे के डलमऊ रोड पर देसी शराब के ठेके पर उस समय भगदड़ जैसी स्थिति हो गई, जब शराब के नशे में धुत कुछ लोगों में किसी बात को लेकर गालीगलौज के बाद मारपीट होने लगी। इसी बीच धारदार हथियार भी निकल आए। इसमें एक-दूसरे पर हमला करने लगे। बताते है कि थाने से चंद कदम की दूरी होने के बावजूद मौके पर कोई पुलिस कर्मी नहीं पहुंचा। इस दौरान उन्हीं में से एक अरविंद निवासी भोजराज का पुरवा थाना जगतपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट करने वाले अन्य आरोपी उसकी हालत देख भयभीत हो गए। इसके बाद मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को जगतपुर सीएससी में भर्ती कराया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया। सीएचसी के डॉ. मनीष मिश्रा ने बताया कि घायल की हालत काफी गंभीर है। जगतपुर थानेदार बबीता पटेल ने बताया कि शराब के नशे में लोगों के बीच मारपीट हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों से तहरीर दी गई है, लेकिन दोनों पक्ष आपस में सुलह समझौता कर रहे हैं।

# रोजगार मेला में उमड़े युवा 294 ने दिया साक्षात्कार

- युवक-युवतियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्र के पढ़े लिखे एवं योग्य युवक-युतियों को रोजगार से जोड़ने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के युवक-युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मेले का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव के द्वारा किया गया। मेले में देश एवं प्रदेश की जानी-मानी निजी कंपनियां प्रतिनिधित्व मंडल द्वारा योग्य युवक एवं युवतियों का चयन किया गया। सफायर हेल्थ सॉल्यूशन, लेंसकार्ट केयर हेल्थ सॉल्यूशन, मदर्सन सुमी प्राइवेट लिमिटेड एवं पीपल ट्री वेंचर्स आदि कंपनियों के प्रमुख द्वारा युवाओं का साक्षात्कार लिया गया और अपनी-अपनी कंपनी के लिए चयनित किया गया।

इस दौरान साक्षात्कार में 294 युवाओं ने प्रतिभाग किया। इसमें 168 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश पाल आदि मौजूद रहे।



### राज्यसभा प्रत्याशी घोषित किए जाने पर जताई खुशी

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य को केंद्रीय नेतृत्व द्वारा राज्यसभा का प्रत्याशी घोषित किए जाने पर भाजपाईयों में हर्ष जताया है। सलोन विधायक अशोक कुमार, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने अमरपाल मौर्य के आवास पर पहुंचकर बधाई दी। वहीं किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विशाल सिंह, चेयरमैन विनोद कौशल, डीह मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, महामंत्री राजकुमार द्विवेदी, पूर्व चेयरमैन सीपी श्रीवास्तव, सुधीर मिश्रा, संजय पांडेय, कुंवर प्रताप सिंह आदि ने खुशी जताई है।

## सार-संक्षेप

### विद्यालय परिसर से एक ट्राली मोरंग चोरी



जांच करती पुलिस।

**महराजगंज, रायबरेली।** चोरी का एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। सरकारी विद्यालय से चोरों ने एक ट्राली मौरंग रविवार रात को पार कर दिया। सोमवार को विद्यालय पहुंचे प्रधानाध्यापक को जानकारी हुई तो कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुशमहुरा स्थित कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय धीमान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया की विद्यालय में निर्माण कार्य चल रहा है। रविवार को विद्यालय में अवकाश होने का फायदा उठा कर अज्ञात लोगों द्वारा एक ट्राली मौरंग पार कर दी गई। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया है की तहरीर मिली है, जांच कर कार्यवाही की जा रही।

### बीजेपी किसान मोर्चा के गांव परिक्रमा यात्रा की शुरूआत

**बछरावा, रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के गांव परिक्रमा यात्रा के कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत कार्यालय बछरावां में हुआ। कार्यक्रम के संयोजक जिला मंत्री किसान मोर्चा अखिलेश पटेल ने मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवध क्षेत्र राकेश शर्मा और जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी शरद सिंह का स्वागत किया। किसान मोर्चा के जिला महामंत्री शैलेंद्र चौधरी, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री विक्रांत अकेला, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कमलेश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा जीपी पटेल, किसान मोर्चा के जिला कार्य समिति सदस्य अशोक रावत, सोशल मीडिया प्रभारी विक्रम पासवान, ग्राम प्रधान विकास यादव, उत्कर्ष पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अभिनव अवस्थी, टोनी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधान के निधन पर शोक

**संवाददाता, रायबरेली ।** राही विकास खंड के जरौला ग्राम सभा के पूर्व प्रधान राम बहादुर यादव का एम्स में निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। 12 फरवरी की सुबह उनका देहांत हो गया। अंतिम संस्कार गांव में भी किया गया। राही ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र बहादुर यादव ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राम बहादुरजी सदैव सबके साथ सुख दुख में खड़े रहते थे। स्वराज इंडिया पार्टी के जिलाध्यक्ष राम विलास यादव ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के लोगों की हमेशा सहायता की और जनहित के कार्यों को सर्वोपरि रखा।

### अराजकतत्वों ने छप्पर में लगाई आग, हजारों की हुई क्षति

**ऊंचाहार, रायबरेली।** अराजकतत्वों ने छप्पर में आग लगा दी, जिसके कारण उसके नीचे रखा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी है। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा नुकसान का आंकलन किया गया है। मुरारमऊ गाँव निवासी राम पियारी गाँव से कुछ दूर पर बाग में छप्पर डालकर परिवार के साथ रहती है। आरोप है कि सोमवार की सुबह अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके छप्पर में आग लगा दी गई, जिसके कारण उसके नीचे रखी लगभग 50 हजार कीमत की गृहस्थी जलकर राख हो गई। पीड़िता ने कोतवाली में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध तहरीर कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल अभिषेक पाल ने नुकसान का आंकलन किया है।

### शिक्षकों ने बेहतर अंक पाने के दिए टिप्स


विदाई समारोह मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

**महराजगंज, रायबरेली।** गुरुकुल पब्लिक स्कूल परासी में कक्षा 12 के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित हुआ। विद्यालय की उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा ने मां सरस्वती का दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा की भविष्य निर्माण के दौरान आने वाले हर एक मुसीबत में इन बच्चों के साथ विद्यालय परिवार हमेशा खड़ा रहेगा। इस दौरान कक्षा 11 के छात्रों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य बेबी सिंह द्वारा सभी छात्रों को परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

### पति पर प्रताड़ना का आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रामसांडा निवासी प्रीति का कहना है कि वह कुछ दिन पूर्व अपने मायके गई थी। रविवार को वापस ससुराल आई तो उसके पति ने गाली गलौज करते मारपीट की। महिला का कहना है कि उसका पति अक्सर उसके साथ मारपीट करता है, जिससे उसका जीवन मुश्किल में पड़ा हुआ है। सोमवार को कोतवाली पहुंची महिला ने मामले की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि मामले की जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी।

### संगीतमयी सुंदरकांड पाठ से गूंज उठी प्रताप कालोनी


संगीतमय सुंदरकांड का पाठ करते लोग। अमृत विचार

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के प्रताप कॉलोनी संगीतमयी सुंदरकांड गूंज उठा।महराजगंज खंड तकनीकी प्रबंधक कृपा शंकर और उनकी पत्नी ज्योति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धा म्यूजिकल ग्रुप भवानीगढ़ के गायक रिंकू जायसवाल, अनूप मिश्रा आदि साथियों ने अपने मृदुल कंठ से संगीतमयी सुंदरकांड पाठ से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। करीब चार घंटे तक चले सुंदरकांड पाठ के दौरान श्रोता तालियां बजाते हुए पंक्तियां दोहराते हुए प्रभु का स्मरण करते दिखे। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अंजली पासी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य केतार पासी, ग्राम विकास अधिकारी करुणा शंकर, गंगा विभूति, केके मौर्य, डा.अंकित, ओपी मौर्या, बृजेश कुमार, राकेश, श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में प्रतिभाग करने और सम्मानित होने वाले बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार

# सम्मान समारोह के साथ हुई रंगोली प्रतियोगिता

**खीरो (रायबरेली)।** सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज हरीपुर निहस्था में वार्षिकोत्सव व पूर्व छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें कक्षा 10 व 12 के बच्चो का विदाई समारोह , मेधावी छात्र सम्मान समारोह के साथ कुर्सी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी । पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज हरीपुर निहस्था में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ0 सुषमा द्विवेदी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया । विद्यालय की छात्रा सुचिता, प्रांजली, लक्ष्मी, रेशमा, प्राची, काजल, अनामिका, रोशनी, गीता द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत इस दौरान आयोजित कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता की विजेता छात्रा कल्पना, रंगोली प्रतियोगिता की विजेता कक्षा 12 की छात्रा काजल, जीनत, शालिनी गत वर्ष की हाई स्कूल परीक्षा में विज्ञान वर्ग व कला वर्ग में प्रथम स्थान अर्जित करने वाली छात्रा लक्ष्मी व रेशमा, कक्षा 12 की परीक्षा में विज्ञान व कला वर्ग प्रथम स्थान अर्जित करने वाले छात्र अमित व छात्रा जीनत को प्रधानाचार्या डॉ सुषमा द्विवेदी प्रधान प्रतिनिधि दिनेश सिंह, शिक्षक नेता रमेश कुमार सिंह, शिक्षक राज किशोर सिंह ने मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।

# केतनपुर ने फाइनल जीतकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**लालगंज, रायबरेली।** श्री गोविन्द सिंह इंटर का रौतापुर में श्री गोविंद सिंह स्मारक वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिधि पूर्व भाजपा विधायक राकेश प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पूर्व विधायक ने कहा कि खेलों से जहां समाज में आपसी भाईचारा मजबूत होता है। वही प्रगति के रास्ते भी खुलते हैं। योगी सरकार में खेलों को जोरदार प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने भाग लिया, जिसमें से रौतापुर, रामपुर, केतनपुर, करकसा की टीम सेमीफाइनल में पहुंची। फाइनल मैच केतनपुर और करकसा के बीच हुआ, जिसमें केतनपुर ने करकसा को हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। प्रबंधक तारक दत्त सिंह, अवनीश प्रताप सिंह, प्रभाकर सिंह (उपाध्यक्ष), दुधवन इंटर कालेज प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र सिंह (प्रधान) ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की व्यवस्था की जिम्मेदारी शिक्षक दुर्गेन्द्र सिंह, अनुराग सिंह, गौरव राजपूत, अरुण गिरि, सुनील सिंह आदि ने संभाली। आभार प्रधानाचार्य शशि शंकर पांडे ने किया।

# भाकिमो के जिला उपाध्यक्ष बने विशाल

नसीराबाद, रायबरेली

**अमृत विचार।** सलोन विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड छतोह के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा रायबरेली का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इससे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा के किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष कमलेश चौधरी ने नगर पंचायत बछरावां में भाजपा के जिला महामंत्री शरद सिंह की मौजूदगी में इसकी घोषणा की।

बिशाल सिंह ने अमेठी सांसद स्मृति इरानी और शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरेंगे और पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। आगामी लोकसभा निर्वाचन में जीत का नया रिकॉर्ड बनाया जायेगा।


जिला उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर विशाल सिंह को सम्मानित करते समर्थक।

किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला महामंत्री शैलेंद्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह, जिला महामंत्री विक्रांत अकेला आदि ने कहा कि इस मनोनयन से पार्टी और सशक्त होगी। विशेष रूप से अमेठी संसदीय क्षेत्र की सलोन विधान सभा क्षेत्र के युवा कार्यकर्ताओं में अतिरिक्त जोश और उत्साह बढ़ेगा।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास के मुद्दे पर हंगामा

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लाक सभागार में बैठक हुई। इसमें विकास कार्यों पर खूब हंगामा हुआ। हालांकि अध्यक्षता कर रहे ब्लाक प्रमुख राजकुमार पासी ने किसी तरह सबको शांत कराया। साथ ही बिना भेदभाव के विकास कार्य कराने का भरोसा दिलाया।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास परियोजनाओ, पूर्ति विभाग सहित मनरेगा एवं क्षेत्र निधि की कार्य योजनाओं पर वृहद चर्चा की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं कों धरातल पर उतारने में आ रही समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। प्रधान प्रतिनिधि पुरासी गंगासागर पांडेय द्वारा जल जीवन मिशन के तहत गांवों में खोदी जा रही सड़कों की मनमानी का मुद्दा उठाया। वहीं मनरेगा में समय से भुगतान ना होने के मुद्दे पर सभी प्रतिनिधियों ने नाराजगी व्यक्त की। बैठक के दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा अपनी मांगों कों लेकर हंगामा भी किया गया।

### महिला जनप्रतिनिधियों ने बनाई दूरी

क्षेत्र पंचायत की बैठक में बीडीओ वर्षा सिंह की मौजूदगी में महिला जनप्रतिनिधियों के बजाय उनके पति मौजूद रहे। इसको लेकर खूब चर्चा हुई। क्षेत्र में कई ग्राम सभाओं में महिला प्रधान और बीडीसी हैं। बैठक में उनके बजाय पति मोर्चा संभालते नजर आए।

# औषधालय में चोरी का प्रयास

**अमावां, रायबरेली।** रविवार की रात मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में स्थित राज्य कर्मचारी बीमा औषधालय में चोरी के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। अस्पताल में चोरी के प्रयास की खबर चर्चा आम होते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। घटना बीती रात नगर क्षेत्र के प्रगति पुरम की है, जहां राज्य कर्मचारी बीमा औषधालय स्थित है। रविवार के दिन छुट्टी का फायदा उठाकर चोरों ने अंदर से बंद गेट के ताले को काट कर चोरी का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। इस संबंध में एसआई रामप्रताप ने बताया मामला संदिग्ध है।

**आयोजन** लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी तेज, जिले में भाजपा की जीत के अंतर को बढ़ाने को दिया संदेश

# भाजपा संगठन को मजबूत कर रहे पूर्व सांसद राघवेंद्र

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह की दावेदारी हर दिन मजबूत होती जा रही है। जिले में हर वर्ग का लगातार समर्थन मिल रहा है। सोमवार को शहर में अलग-अलग स्थानों पर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने भाजपा के संगठन को मजबूत करने और जीत के अंतर को बढ़ाने का संदेश दिया।

पूर्व सांसद का प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में विद्यालय प्रबंधक अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव, लोको पायलट राजू श्रीवास्तव, चित्रांश महासभा प्रदेश महामंत्री नागेंद्र श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र नाथ श्रीवास्तव, भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के सहसंयोजक स्वामी जितेंद्र भारती, प्रधानाचार्य सीमा श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा नगर अध्यक्ष ललित श्रीवास्तव ने बुके देकर स्वागत किया। पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने कहा कि जिले में मिल रहे भरपूर समर्थन से साफ पता चल रहा है कि इस बार यहां की जनता बदलाव चाहती है। हमें बस जीत के अंतर को बढ़ाना है। इससे पहले उन्होंने एफजी कालेज पूर्व प्राचार्य बीडी सिंह और डा. अभय सिंह से मुलाकात की। वहां पर उन्होंने चुनाव को लेकर चर्चा की। साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह को सभासदों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है।


राघवेंद्र सिंह को बुके देकर स्वागत करते राइजिंग स्कूल के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव।

एसपी सिंह, शिक्षक बृजेश प्रजापति, सभासद मोहित सिंह, अनुराग सिंह, राम सजीवन पाल, पुष्पा यादव, रोहित पांडे, अमर चौधरी, पंकज साहू आदि के साथ बैठक करके भाजपा की जीत को लेकर चर्चा की।

पूर्व सांसद ने कहा कि वीआईपी जिला होने के बावजूद विकास कार्य सिर्फ भाजपा सरकार में ही हुआ है। वर्तमान सांसद का कहीं पर कोई दखल नहीं है। सिर्फ अभी तक विकास के नाम पर खानापूरी ही की गई। जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है। इसके अलावा जगन्नाथ सिंह, अक्षय चौहान, धीरेंद्र सिंह लोधवारी ने दावेदारी का समर्थन किया। हर्ष नारायण सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अभय सिंह, इंद्र वीर सिंह ने स्वागत किया।

## एक नजर

### ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम 19 को

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में 19 फरवरी को जनपद मुख्यालय पर आयोजित होने वाली ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के संबंध में बैठक जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग दुर्गेश कुमार को निर्देश दिये कि कार्यक्रम के संबंध में सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करान के साथ ही जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में आने हेतु उक्त तिथि से पहले आमंत्रण पत्र भेज दें तथा कार्यक्रम में नए व पुराने निवेशकों, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगवाए जाएं और नगर के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग लगवाये तथा विभिन्न दायित्वों के सुचारू निर्वहन के लिए पांच समितियों का गठन कर लिया जाए एवं कार्यक्रम स्थल पर सीएमओ के माध्यम से एक एम्बुलेंस की तैनाती की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्टेट प्रशान्त तिवारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, डीडी कृषि सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### दो पक्षों में हुई मारपीट मुकदमा दर्ज

**कोथावां, हरदोई।** जमीन न खरीद पाने की खुन्नस के चलते दो पक्षों हुई कहासुनी मारपीट तक पहुंच गई। मामला कोतवाली पहुंचते ही एफआईआर दर्ज हुई। बताते चलें कि राजकुमारी पत्नी राजकिशोर निवासी ग्राम भुड़हरिया ने बेनीगंज कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि ग्राम धनश्यामनगर निवासी बसन्त मिश्रा पुत्र स्वर्गीय नन्हे ने राजकिशोर को अपनी दुकान के सामने रोककर गाली गलौज करते हुए कहा कि उनकी मर्जी के बगैर अपनी जमीन बेंच दी, जिसका विरोध करने पर बसन्त मिश्रा ने मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। वहीं इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# केंद्रों पर पहुंची परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं

**हरदोई, अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। सोमवार को विभिन्न केंद्रों से आए कर्मचारियों ने जीआईसी में उत्तर पुस्तिकाएं व प्रवेश पत्र प्राप्त किए। बताते चलें कि जिले में 138 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं संपन्न होंगी। हाईस्कूल के लिए 54, 214 तथा इंटरमीडिएट के 41,162 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। पूरे जिले में पांच जोन व 29 सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेगा। परीक्षाएं कराने के लिए उत्तर पुस्तिकाएं व प्रवेश पत्र जिला मुख्यालय से केंद्रों पर भेजने का क्रम शुरू हो गया। सोमवार को जीआईसी में प्रत्येक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उत्तर पुस्तिकाएं लेने के लिए पहुंचे। विद्यालयों में प्रवेश पत्र वितरण करने का कार्य शुरू हो गया है।



जीआईसी में उत्तरपुस्तिकाओं की गिनती करते शिक्षक। अमृत विचार

# नौ हजार से अधिक अभ्यर्थी देंगे पुलिस भर्ती की परीक्षा

हरदोई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की परीक्षा 17 व 18 फरवरी को कराई जाएगी। जिले में परीक्षा कराने के लिए 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा संपन्न कराने की तैयारियां इन दिनों जोरों पर चल रही हैं।

पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जिले में महाराणा प्रताप डिग्री कालेज, सीएसएन कालेज, आर्य कन्या महाविद्यालय, ज्ञानदीप डिग्री कालेज टडियावां, अनिल पब्लिक कालेज सिकंदरपुर टड़ियावां, अजयपाल सिंह कालेज नेकपुर, हरिशंकर मिश्र महाविद्यालय मलिहामऊ, एसएमडी पटेल कालेज पतसेनी, श्री नारायण सिंह कालेज ककरघटा, राम प्रसाद कुशवाहा कालेज नेकपुर सांडी, वीएनएएस कालेज महरी, स्वामी कल्याणानंद न्योरादेव, आरआर कालेज नघेटा रोड, विमला देवी पब्लिक इंटर कालेज कौढ़ा, श्री हर्ष पांडे आदर्श इंटर कालेज शाहाबाद, श्री जानकी प्रसाद इंटर कालेज पतसेनी, श्री सदाशिव शिक्षा निकेतन नानकगंज, स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज चचरापुर, अनिल पब्लिक इंटर कालेज गदनपुरवा तथा गंगा देवी स्कूल में परीक्षाएं संपन्न कराई जाएगी।

# बोर्ड परीक्षा से पहले ही सेंटर पर लगे कैमरों की एलईडी हुई चोरी

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** नगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज में क्षेत्र के दस मदरसों के छात्रों की परीक्षा मंगलवार से शुरू होने से पहले ही कालेज में लगे सीसीटीवी कैमरों की एलईडी चोरी हो गयी। कालेज की प्रधानाचार्या ममता कन्नौजिया ने बताया कि जब वह कालेज पहुंची तो पाया कि आफिस का ताला गायब है और दरवाजा खुला है। वह आफिस के अंदर दाखिल हुई तो वहां पर रखे दो तिरपाल और कैमरों की एलईडी टीवी को गायब पाई। उन्होंने पहले फोन के माध्यम से पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद तहरीर के माध्यम से अवगत कराया है। मालूम हो कि मंगलवार से मदरसा बोर्ड के छात्रों की परीक्षा शुरू हो रही है। ऐसे में निष्पक्ष और नकल विहीन परीक्षा के लिए सीसीटीवी का चालू रहना बहुत जरूरी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया है कि चोरी होने की सूचना प्राप्त हो गई है। कस्बा इंचार्ज अशोक सिंह को जांच सौंपी गई है।

# छूटे हुए सभी पात्रों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड

## डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरदोई

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड धारकों को नियमानुसार अस्पतालों में उचित इलाज दिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता होने पर संबंधित की जवाबदेही तय की जाएगी। छूट हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाए।

उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा योजना के तहत कोई भी भुगतान लंबित न रखा जाए। भुगतान में लापरवाही करने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक एएनएम सेन्टर पर कम से कम एक एएनएम की तैनाती अवश्य रखी जाए। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के सभी मानदण्डों पर प्रगति लायी जाए। इसके लिए एक कार्ययोजना बनायी जाए। एक दिन की उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जाए। नियमित टीकाकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहताश कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।





कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक करते जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह। अमृत विचार

### मतदाता पहचान पत्रों का शतप्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराएं : डीएम

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में रंगीन मतदाता पहचान पत्र वितरण के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित डाक विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्वाचन विभाग से प्राप्त रंगीन मतदाता पहचान पत्रों का शतप्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराएं और जो मतदाना पहचान पत्र पता आदि के कारण वितरण न हो सके उन्हें संबंधित उप जिलाधिकारी को उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी उप जिलाधिकारियों से रंगीन मतदाता पहचान वितरण के संबंध में निर्देश दिये डाक विभाग से जो मतदाता पहचान पत्र वापस किये जाएं, उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित लेखपालों के माध्यम से तथा नगरीय निकायों में ईओ के माध्यम से वितरण कराएं।

# अदालत के आदेश पर चार माह बाद हत्या का केस दर्ज

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के दिलावरपुर के रहने वाले बुजुर्ग को दबंगों ने खेत पर लात घूसों से बेरहमी से मारा पीटा, जिससे बुजुर्ग की हालत बिगड़ गई अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। न्यायालय के आदेश पर तीन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया।

शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला दिलावरपुर निवासी साजिद खान पुत्र रजी खान के अनुसार 13 अक्टूबर को उसके बुजुर्ग पिता अपने खेत पर कार्य कर रहे थे। उसी समय सिकंदरपुर बाजार थाना बेटा गोकुल निवासी हरी बाबू दीक्षित, रामबाबू दीक्षित एवं किशन लाल आ गए और गाली गलौज करते हुए उसके पिता को पीटने लगे। चीखने चिल्लाने पर आसपास के लोग दौड़े तो उपरोक्त दबंग भाग गए। किसी तरह से उसके पिता घर पहुंचे और मां को सारी बात बताई ।बकौल साजिद खान उस वक्त घर में कोई भी नहीं था। साजिद के अनुसार तबीयत बिगड़ने पर मां ने गाड़ी बुलाई और उनको शाहजहांपुर इलाज के लिए ले जा रही थी रास्ते में उसके पिता ने दम तोड़ दिया। घटना की प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए साजिद ने शाहाबाद कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया परंतु उसकी सुनी नहीं गई। तब उसने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया, लेकिन कोई कार्रवाई न होने के बाद उसने न्यायालय की शरण ली। चार माह के बाद सोमवार को कोतवाली में उपरोक्त तीनों दबंगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया।

# महिला की अस्पताल में मौत, हत्या का संदेह

शाहाबाद, हरदोई

**जांच कर रही पुलिस**

▸▸ विवाह के चार माह बाद विदा करा कर ससुराल लाया था पति

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा तिराहा पाली रोड निवासी विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में अस्पताल में मौत हो गई। मायके पक्ष ने मृतका का पोस्टमार्टम करवाया है। आरोप है कि महिला के शरीर पर चोट के निशान थे।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा तिराहा ( खेड़ा बीबीजयी ) निवासी अंकित शर्मा का विवाह हरियावां थाना क्षेत्र के ग्राम भदेवरा की रहने वाली शिवानी (21) पुत्री राजेश के साथ 19 जनवरी 2023 को संपन्न हुआ था। मायके वालों ने बताया अक्टूबर महीने से शिवानी मायके में रह रही थी। बुधवार को अंकित शर्मा ने ससुर राजेश को मोबाइल से शिवानी को हरदोई पिहानी चुंगी पर लाने के लिए कहा तो अंकित शर्मा के ससुर अपनी पुत्री को लेकर पिहानी चुंगी पहुंचे। वहां से अंकित, पत्नी शिवानी को लेकर शाहाबाद आ गया। मायके पक्ष के अनुसार बुधवार को ही अचानक उनके पास फोन आया कि शिवानी काफी बीमार है और जिला अस्पताल शाहजहांपुर में भर्ती है। रविवार को शिवानी की मौत हो गई।

मायके पक्ष के लोग शिवानी का शव लेकर सीएचसी शाहाबाद आए और शिवानी का पोस्टमार्टम करने की जिद करने लगे। सीएचसी शाहाबाद से पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची और पंचनामा भरकर शिवानी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मायके पक्ष के अनुसार शिवानी के शरीर पर चोट के काफी निशान थे। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है आगे की कार्रवाई रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

### फंदे से लटका मिला महिला का शव, पति फरार

**हरदोई, अमृत विचार।** महिला का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला और पति घर से फरार हो गया। महिला के चेहरे पर खरोंच के निशान भी मिले हैं। सूचना मिलने पर पहुंचे महिला के पिता ने पीट-पीट कर हत्या करने के बाद शव लटकाने का आरोप लगाया है। कोतवाली शहर के समुधा गांव निवासी राजेश ने पिछले साल 24 मार्च को अपनी 20 वर्षीय पुत्री सुहानी पाल की शादी कोतवाली शहर के तत्यौरा गांव के रामचन्द्र के पुत्र सुभाष के साथ की थी। सुहानी के एक ढ़ाई महीने का बच्चा है। सोमवार की सुबह देखा गया कि उसका शव कमरें के अंदर साड़ी से फांसी पर लटका हुआ देखा गया। कमरे का दरवाज़ा खुला हुआ था और पति सुभाष वहां से गायब था। पिता राजेश का आरोप है कि उसकी पुत्री की पीट-पीट कर हत्या की गई,उसके बाद शव को फांसी पर लटकाया गया। कुछ लोगों का कहना है कि सुहानी पाल के चेहरे पर खरोंच के निशान बता रहे थे कि पहले उसके साथ मारपीट की गई। फिलहाल वहां पहुंची पुलिस सारे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल कर रही है।

# घर में घुसकर दुष्कर्म व जेवर छीनने का लगाया आरोप

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में पिछले कई माह से छेड़छाड़ और दुष्कर्म की घटनाएं प्रकाश में आई हैं। पीड़ित महिलाओं द्वारा कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिए गए परंतु पुलिस ऐसे मामलों में भी लापरवाही बरत रही है। 10 फरवरी को कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का मामला फिर सामने आया है। महिला ने गांव के ही युवक पर दुष्कर्म कर कुंडल छीनने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है।

महिला ने बताया वह घर में अकेले थी। उसके परिवार वाले खेत गए थे। तभी पड़ोस का युवक घर में घुस आया और जबरदस्ती दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारा पीटा और उसके कुंडल छीन ले गया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच की बात कही है।

### आरोपी को भेजा गया जेल

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी किशोरी को भगा ले जाने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। किशोरी को मां बाप के सुपुर्द किया गया है। 24 नवंबर को क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को लोनार थाना क्षेत्र के ग्राम सरायं निवासी वेदराम भगा ले गया था। पुलिस केस दर्ज कर किशोरी की तलाश कर रही थी। आरोपी को किशोरी के साथ कस्बे के महुआटोला चुंगी से पकड़ा गया।

## सार-संक्षेप



नुमाइश मैदान में लीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### दशरथ ने त्यागे प्राण, अयोध्या में छाया शोक

**हरदोई, अमृत विचार।** नुमाइश मैदान में चल रही रामलीला में सोमवार को पुत्र वियोग में दशरथ ने तड़प-तड़प कर अपने प्राण त्याग दिए। इस दृश्य को देखकर दर्शक अपने आंसुओं को नहीं रोक सके। लीला में संत वाल्मीकि से मिलकर प्रभु श्री राम जी चित्रकूट पर पहुंचे। जहां कुटिया बनाकर निवास करने लगे और निषाद राज को वापस लौटा दिया। वहीं सुमंत को रोता हुआ देख निषाद राज ने अपने सेवकों को भेज कर सुमंत को अयोध्या के समीप तक छुड़वा दिया । रात्रि के समय सुमंत अयोध्या में पहुंचे वहां महाराज दशरथ को सारा वृत्तांत बताया। उन्होंने कहा कि राम लक्ष्मण जानकी में से कोई भी वापस लौटकर नहीं आया। यह सुनकर महाराज दशरथ विलाप करने लगे और उन्हें श्राप की सुधि आई। राम के वियोग में तड़प-तड़प कर उन्होंने अपने प्राणों को त्याग दिए। दशरथ के प्राण त्यागते ही अयोध्या में शोक छा गया। यह लीला देखकर दर्शक भाव विह्वल होकर अपने आंसुओं को नहीं रोक सके।

### पीएम रिपोर्ट में युवती की मौत की वजह स्पष्ट नहीं

**हरदोई, अमृत विचार।** युवती की संदिग्ध हालत में मौत होने के बाद पुलिस उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के इंतज़ार में थी, लेकिन उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 'काज़ ऑफ डेथ' का खुलासा नहीं हो सका है। पूरी सच्चाई का पता लगाने के लिए बिसरा प्रज़र्व किया गया है। हरियावां थाने के भदौरा निवासी अंकित शर्मा की पत्नी शिवानी शर्मा की रविवार को संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। शिवानी की मौत की खबर सुन कर वहां पहुंचे उसके मायके वाले सब कुछ संदिग्ध मान रहे थे। उन्होंने पुलिस को तहरीर देते हुए सच्चाई का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। जबकि शिवानी के ससुराली बीमारी के चलते उसकी मौत होने की बात कह रहे थे। सोमवार को हरियावां पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत का राज़ पता नहीं चल सका,इस वजह से सारा कुछ सामने लाने के लिए बिसरा प्रज़र्व किया गया है। बिसरा रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

### पशुओं में होने वाली बीमारियों व बचाव की दी जानकारी

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** पशु विभाग की तरफ से पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए व जागरूकता के लिए सोमवार को पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम बनियन खेड़ा में किया गया। पशु चिकित्सा टीम ने पशुपालकों को पशुओं में होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। पशुओं में होने वाली बीमारियों से बचाव के बारे में जागरूक किया। डॉ. अश्वनी गौतम ने बताया पशुओं को कोई समस्या होने पर इमरजेंसी सेवा 1962 पर कॉल करके उचित लाभ ले सकते हैं। वर्तमान समय में पशुओं में होने वाली बीमारी खुरपका, मुंहपका, टीपीआर पकुनी रोग बकरी में, कीड़े की समस्या होती है। कीड़े होने से ज्यादातर अन्य बीमारी होती हैं। पशुओं का खान-पान हरा व ताजा चारा दें। दूध के लिए प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का प्रयोग न करें। यह पशुओं व दूध पीने से स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होता है। इसे गंभीर बीमारी होती हैं। पशुपालकों को नि:शुल्क दवाई वितरित की गई। इस अवसर पर डॉ. रचित पटेल, डॉ. हरिपाल सिंह, डॉ. आशीष कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी, इमरजेंसी वाहन के स्वास्थ्य कर्मी धर्मेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### एलपीएस के बच्चों ने कॉलेज का नाम किया रोशन

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में एलपीएस के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर कालेज का नाम रोशन किया। कस्बे के लखनऊ पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य केके शर्मा ने बताया कि हिंदी विकास मंच के अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में विभिन स्कूलों के 78 हजार बच्चों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें विद्यालय के कक्षा 4 के छात्र मोहम्मद सकलेन खान तीसरे स्थान पर व कक्षा 5 की छात्रा लावण्या पटेल को सांत्वना पुरस्कार मिला। एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर नई दिल्ली के आईएएस शिक्षा सचिव अशोक कुमार ने दोनों बच्चों को पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य केके शर्मा व हिंदी के अध्यापक अतुल कुमार को भी सम्मानित करते कहा कि लखनऊ पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भारत में ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।



छात्रा लावण्या पटेल।



मोहम्मद सकलेन खान।



### हर बूथ पर जन सम्पर्क अभियान चलाएं कार्यकर्ता

**हरदोई, अमृत विचार।** कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर मेराज वली खान ने सण्डीला, बालामऊ, बिलग्राम मल्लावां विधानसभा के संगठन पदाधिकारियों व आवेदकों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ेगी। प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ता अभी से जनसंपर्क शुरू करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र के कोऑर्डिनेटर ने कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा के समर्थन में गांव-गांव गली-गली सम्पर्क करना है। बूथों की समीक्षा भी साथ ही करना है। कांग्रेस की यूपीए सरकार की योजनाओं को लोग याद कर रहे हैं। पुन: कांग्रेस की जनकल्याणकारी सरकार बनाना चाहती है जनता। हमें जनता के हितों की रक्षा करनी है। जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व का निर्देश है कि प्रत्येक बूथ पर मजबूती से तैयारी की जाए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष साधू सिंह, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव निर्भान सिंह यादव, पीएल रावत, सण्डीला ब्लॉक अध्यक्ष नसीम वारसी, शकील अंसारी, नजमुल हसन, सलीम वारसी, प्रेम शंकर यादव सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद रहे।

# महिला उत्पीड़न निवारण को परिवाद समिति गठित

**हरदोई, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने बताया कि महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम के तहत विकास भवन में अवस्थित कार्यालयों में आन्तरिक परिवाद समिति का गठन किया गया है। सीडीओ ने बताया कि उक्त समिति में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सीमा अवस्थी को नियंत्रक/नोडल अधिकारी तथा वरिष्ठ सहायक आशा सिंह, उर्दू अनुवादक सह वरिष्ठ सहायक जेबा वारसी, लेखाकार पंचातीराज सुमन श्रीवास्तव एवं कनिष्ठ सहायक डीआरडीए रीता मिश्रा को सदस्य नामित किया गया है।

# सांसद ने वितरित किए प्रमाण पत्र

संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद संडीला द्वारा संकल्प यात्रा का आयोजन जूनियर हाईस्कूल संडीला के पास में किया गया। जिसमे बालविकास पुष्टाहार, आंगनबाड़ी, डूडा, सीएचसी आदि विभागो ने अपने स्टॉल लगाकर इस कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सांसद अशोक रावत व नगर पालिका अध्यक्ष मो. रईस अंसारी और अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। तत्पश्चात पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया।



लाभार्थी को सम्मानित करते सांसद। अमृत विचार

इस आयोजन में खण्ड शिक्षा अधिकारी सीमी निगार, वरिष्ठ भाजपा नेता विशुन दयाल शुक्ला, इरफान हमीद अंसारी, कर्नल आदित्य प्रताप सिंह, सन्तोष अस्थाना, राजू अस्थाना, जलकल अभियंता सुनील यादव, समाजसेवी अंगूरी शंकर सिन्हा,लिपिक प्रकाश कुमार, संजय कुमार, रामविलास आदि मौजूद रहे।

**दुविधा** 20 दिन से लापता युवक के मिलने पर दो पक्षों ने अपना पुत्र होने का किया दावा

# मूकबधिर का डीएनए टेस्ट कराने की तैयारी

कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** एक दिव्यांग युवक पर दो लोग पिता होने का दावा कर रहे हैं। दोनों पक्षों से पुरुष-महिलाओं का जमावड़ा, ग्राम कामीपुर से 20 दिन पूर्व गायब युवक ग्राम इनायतपुर में मिला। परिजन युवक की खोजबीन हेतु इनायतपुर गांव पहुंचे। दोनो पक्षों ने अपना पुत्र होने की बात कह रहें हैं, काफी विवाद के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के परिजनों व युवक की डीएनए टेस्ट कराकर सही जानकारी होने पर युवक को असली/सही परिजन को देने की बात कहीं। समझाने के बाद दोनों पक्षों के परिजन कोतवाली से वापस अपने-अपने घर चले गए।

बताते चले कि कोतवाली क्षेत्र कछौना की ग्राम सभा कामीपुर निवासी राम प्यारे का 29 वर्षीय पुत्र गया प्रसाद मुकबधिर है। राम प्यारे की बहन बिटोली निवासी खुटहेना से 21 जनवरी को गायब हो गया था, परिजनों ने काफी खोजबीन की, खोजबीन करते हुए थाना क्षेत्र कछौना के ग्राम इनायतपुर में गया प्रसाद के घर मिला है। राम प्यारे ने अपना पुत्र होने की बात कही। जिसपर गया प्रसाद ने कहा यह मेरे परिवार के भगवानदीन का पुत्र है, जो नौ वर्ष पूर्व उनका पुत्र शिवपाल गायब हो गया था। दोनों पक्ष अपने-अपने तर्क से पुत्र होने का दावा करने लगे। दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति पैदा हो गई। दोनों पक्षों की तरफ से कोतवाली कछौना में सोमवार को पुरुष महिलाएं पहुंच गये, अपने-अपने तर्क से अपना पुत्र होने की पुष्टि कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने पूरे मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। दोनों पक्षों की सहमति से डीएनए जांच कराई जाएगी, जिससे सही मायने में असली परिजन की पुष्टि होगी। इस हाई वोल्टेज ड्रामा से कछौना कोतवाली में सैकड़ों पुरुष महिलाओं का जमावड़ा बना रहा।

# शराबी की फर्जी फोन कॉल पर हलकान रही पुलिस

हरदोई,

**अमृत विचार।** यूपी-112 पर एक बच्ची के साथ गैंगरेप किए जाने की सूचना से पुलिस करीब दो घंटे तक हलकान रहीए छानबीन में सामने आया कि शराबी ने नशे में पुलिस को ऐसी सूचना दी। वहां पहुंची पुलिस ने बयान लिया, जिसमें दी गई सूचना झूठी साबित हुई। सूचना देने वाला गांव से कहीं भाग गया।

सोमवार को लोनार थाने के ऐजा निवासी एक शराबी ने यूपी.112 को सूचना दी कि उसकी 6 वर्षीय भांजी के साथ गैंगरेप हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस सीधे गांव पहुंची और सूचना देने वाले के घर पहुंची। उसके घर वाले पुलिस को देख कर दंग रहे गए। बताया कि ऐसी कोई बात नहीं है। उसी बीच वहां पहुंचे एसआई कैलाश यादव ने सभी के बयान दर्ज किए। पुलिस पहुंचती, उससे पहले ही शराबी गांव से कहीं भाग निकला। एसएचओ लोनार आलोक त्रिपाठी का कहना है कि पुलिस को झूठी सूचना देने वाले के खिलाफ शांति भंग के तहत चालान किए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### पुत्री को फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के एक मोहल्ले निवासी महिला ने दूसरे धर्म के युवक पर पुत्री को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने मामले की जांच करना शुरू कर दिया है। शााहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला निवासी पीड़ित मां ने बताया उसकी पुत्री 14 वर्षीय पुत्री 10 फरवरी को दोपहर में बिना बताए कहीं चली गई। उसे संदेह है कि दूसरे धर्म का महताब ही उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर जिला जज प्रीती श्रीवास्तव के द्वारा नौ मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से वादों का निस्तारण कराए जाने हेतु जनपद न्यायालय के केंद्रीय सभागार में न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की गई। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे ने बताया कि नौ मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते योग्य आपराधिक मामले, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना मामले, वैवाहिक मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, विद्युत एवं जल बिल (अशमनीय वादों को छोड़कर) सिविल वाद एवं राजस्व वाद आदि निस्तारण योग्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा। अपर जिला जज द्वारा न्यायिक अधिकारियों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुलह-समझौता के आधार पर कराएं जाने हेतु दिशा-निर्देश दिए।

## 200वीं जयन्ती पर महार्षि दयानंद सरस्वती के दिखाए गए मार्ग पर चलने की दी प्रेरणा

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** स्वामी दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयन्ती आर्य समाज मंदिर में वृहद वैदिक मन्त्रो से यज्ञ आर्यविद्वान राजेश कुमार शर्मा ने कराया। यज्ञमान आर्यसमाज मंदिर प्रधान अनमोल पाठक बने।वही आर्य विद्वान कैलाश चन्द्र ने महार्षि दयानन्द सरस्वती जी के जीवन पर प्रकाश डालकर उनके दिखाये मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। आर्य समाज मंदिर में सोमवार को वैदिक मन्त्रों से यज्ञ सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात आचार्य राजेश कुमार ने बताया कि सम्पूर्ण विश्व में यज्ञ के माध्यम से स्वामी जी की जयन्ती मनायी जा रही है। स्वामी दयानन्द सरस्वती का जन्म 12 फरवरी 1824 को हुआ था। वेदों की ओर लौटों उनका सन्देश है। सत्यार्थ प्रकाश उनका कालजेय ग्रंथ है।इस महान ग्रंथ कों पढ़कर हजारों क्रांतिकारी बन गये। समाज में फैली हुई बुराइयों से बचाया। आर्य समाज मंदिर की प्रथम स्थापना मुम्बई में 1875 में द्वितीय लाहौर (पाकिस्तान)में की थीं। आज़ दुनिया में अधिकतम देशों में आर्य समाज मंदिर हैं। आर्य डिग्री कालेज स्थापित कर शिक्षा को बढ़ाया। उन्होंने चित्र नहीं चरित्र की पूजा करने की बात कही। यज्ञ भगवान् का मुख है। मूर्ति को खिलानें के बजाय यज्ञ में समर्पित करें। आर्य समाज मंदिर में आने से तमाम अन्धविश्वास जैसे सैकड़ों बुराइयों से दूर हो जायेंगे। संस्कार विधि पुस्तक आपने लिखकर 14 संस्कारों कों जीवन में करना बताया। विद्वान कैलाश चन्द्र ने स्वयं रचित कविता से स्वामी जी के चरित्र को विस्तार से बताया।

# पीएम श्री योजना में चयनित स्कूलों को मिला बजट

वीरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचार।** पीएम श्री योजना के तहत चयनित जनपद के 19 विद्यालयों और स्कूलों को मॉडल और आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ा जाना है। बेसिक शिक्षा विभाग ने इसका पूरा खाका तैयार कर लिया है। पुराने स्कूलों को नए तरीके से सुंदर बनाने के साथ ही आधुनिक तकनीकों से लैस करने के तैयारी शुरू हो चुकी है बजट प्राप्त होते ही कार्य को गति देने का सिलसिला शुरू हो गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महात्वाकांक्षी पीएम श्री योजना के तहत जिले के 19 विद्यालयो को चयनित किया गया है। पिहानी के कंपोजिट स्कूल दहेलिया, पिहानी का प्राइमरी स्कूल खुर्द, संडीला का कम्पोजिट स्कूल गोस्वा डोंगा, शाहाबाद का कम्पोजिट स्कूल चांदपुर खैराई, टोडरपुर में कम्पोजिट स्कूल उमरौली, कछौना में कम्पोजिट स्कूल मतुआ, सांडी में कम्पोजिट स्कूल बमटापुर, बिलग्राम में कम्पोजिट स्कूल जरसेनामउ, सुरसा में कम्पोजिट स्कूल पहुंतेरा, हरपालपुर में प्राइमरी स्कूल सतौथा, बावन ब्लॉक में प्राइमरी स्कूल मुजाहिदपुर, अहिरोरी में प्राइमरी स्कूल बेहला, माधौगंज में प्राइमरी स्कूल अंटीया, भरखनी में प्राइमरी स्कूल कुरारी, हरियावां में प्राइमरी स्कूल फखीराबाद, कोथावा में प्राइमरी स्कूल अल्लहुआ, मल्लावां में प्राइमरी स्कूल पंचमखेड़ा, मल्लावां में प्राइमरी स्कूल गंजा रामपुर, बेहन्दर में प्राइमरी स्कूल कोड़राखेड़ा को नए सिरे से सुंदर बनाया जाएगा। इनमें सभी आधुनिक तकनीक की सुविधा होगी। बीएसए कार्यालय में तैनात खण्ड शिक्षा अधिकारी आरके द्विवेदी ने बताया कि स्कूलों को ग्रीन स्कूल के रूप में अपग्रेड किया जाएगा। जिले में 16 लाख 50 हजार रुपये मिला चुका है जल्द ही कार्य शुरू होंगे। समिति बनाकर चिह्नित विद्यालयों को सुविधाओं से अपग्रेड किया जाएगा।



शुरू हो गया कार्य

### बच्चों को स्मार्ट शिक्षा से जोड़ना है योजना का उद्देश्य

समग्र शिक्षा के अंतर्गत पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल फार राइजिंग इंडिया) योजना 2023-24 कार्यकारी समिति की बैठक में यह फैसला हुआ था कि समय के अनुसार इन्हें अपग्रेड करते हुए नया स्वरूप दिया जाए, जिससे बच्चों को स्मार्ट शिक्षा से जोड़ा जा सके। विकास कार्यों में सोलर पैनल, एलईडी लाइटिंग, ऊर्जा कुशल संसाधन, पोषण वाटिका, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त, जल संरक्षण आदि को भी शामिल किया जाए।

# हवालात में किशोर से कुकर्म किए जाने का आरोप

## दूल्हे के पिता से जेवर व पैसों से भरा बैग लूटकर भागने के मामले में आरोपी है पीड़ित किशोर

हरदोई

**अमृत विचार।** द्वाराचार के दौरान दूल्हे के पिता के हाथ से बैग लूटने के मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए किशोर के साथ हवालात के अंदर कुकर्म किए जाने का खुलासा हुआ है। किशोर को साथ ले कर एसपी ऑफिस पहुंची उसकी मां ने बताया कि हो रहे कुकर्म का वीडियो भी बनाया गया। उसने मेडिकल कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।


एसपी को शिकायती पत्र देने पहुंचा पीड़ित किशोर और उसकी मां।

बताते चलें कि सात फरवरी (बुधवार) को लखनऊ के बुद्धेश्वर से कोतवाली देहात के महोलिया शिवपार के मैरिज लॉन में बारात आई हुई थी। द्वाराचार के दौरान दूल्हे आलोक तिवारी के पिता कृष्ण कुमार तिवारी वहां खड़े हुए थे, उसी बीच एक लुटेरा उनके हाथ से बैग लूट कर भागा, बारातियों ने उसे पकड़ने के लिए दौड़ाया,उसी बीच लुटेरे ने बैग अपने दूसरे साथी को थमा दिया और वह बैग ले कर भाग गया। इधर बारातियों ने पकड़े गए लुटेरे को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही थी। सोमवार को महोलिया शिवपार विकास नगर की मीना पत्नी अवधेश अपने 13 वर्षीय पुत्र को साथ लेकर एसपी ऑफिस पहुंची। उसने बताया कि शनिवार की रात को क्राइम ब्रांच की टीम उसके पुत्र को पूछताछ के लिए जीडीसी तिराहे से कोतवाली देहात ले गई। आरोप है वहां सुमित और अमन नाम के आरोपियों ने उसके पुत्र के साथ कुकर्म किया और क्राइम ब्रांच की टीम ने उसका वीडियो बनाया और फिर देर रात को उसे छोड़ दिया। उसने कुछ पुलिस वालों पर भी कुकर्म करने का आरोप लगाया है। कहा कि पुत्र का मेडिकल कराया जाए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### सीओ सिटी करेंगे जांच

हिरासत में लिए गए किशोर के साथ हुए कुकर्म और क्राइम ब्रांच के लोगों पर लगाए गए आरोप की जांच सीओ सिटी अंकित मिश्रा को सौंपी गई है। एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया है कि सारे मामले की हर एक पहलू से जांच की जा रही है।

### एएसपी ने आरोप बताए फर्जी

पुलिस हिरासत में लिए गए किशोर के साथ कोतवाली में कुकर्म किए जाने के मामले में एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने कहा है कि मैरिज लॉन के मामले में हिरासत में लिए गए कुछ लोगों से पूछताछ की गई है। किशोर के साथ कुकर्म होने के आरोप को सरासर बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि जांच की जा रही है।

# विक्षिप्त युवक ने दूसरे के घर पर फेंके पत्थर, किया हंगामा

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने अपने मकान के सामने वाले मकान पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिए। मकान मालिक द्वारा पुलिस को सूचना देने के बाद युवक दरवाजे के छज्जे पर चढ़कर बैठ गया और गाली गलौज करने लगा। पुलिस द्वारा काफी मान मनौबल के बाद उसे नीचे उतारा गया। युवक को रस्सी से बांधकर इलाज के लिए ले जाया जा रहा है।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया निवासी विकास पुत्र मुन्ना मानसिक रूप से विक्षिप्त है। अक्सर वह लोगों पर पत्थर फेंकना और गाली गलौज करना शुरू कर देता है। परिजनों के अनुसार इधर एक सप्ताह से उसकी हरकतें कुछ ज्यादा बढ़ गई। सोमवार की शाम उसने सामने के रहने वाले छोटे भैया के मकान पर अंधाधुंध पत्थर फेंकना शुरू कर दिए। घबराकर छोटे भइया ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस से बचने के लिए विकास दरवाजे के छज्जे पर बैठ गया। मोहल्ले में भारी भीड़ जमा हो गई और छज्जे पर बैठकर पूरे मोहल्ले सहित पुलिस कर्मियों को गाली गलौज करने लगा।



## आयकर अधिनियम में संशोधन की मांग, सांसद को सौंपा ज्ञापन

**हरदोई, अमृत विचार।** आयकर अधिनियम में किए गए संशोधन को वापस लेने की मांग व्यापारियों ने प्रधानमंत्री से की। उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद जयप्रकाश को सौंपा। सांसद जयप्रकाश को सौंपे गए ज्ञापन में व्यापार मंडल अध्यक्ष विमलेश दीक्षित ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा एमएसएमई लघु एवं सूक्ष्म इकाइयों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए आयकर अधिनियम 43-बी में संशोधन करते हुए उसकी 43-बी-एच के द्वारा एमएसएमई से जुड़ी इकाइयों को अधिकतम 15 दिनों के भीतर भुगतान किये जाने की व्यवस्था अनिवार्य की गयी है जिसका परिस्थिति अन्य में पालन कर पाना संभव नहीं है। व्यापारियों ने इस नए अधिनियम से आने वाली तमाम दिक्कतों के बारे में ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया। ज्ञापन सौपने के दौरान प्रदेश संगठन मंत्री अजय टंडन, महामंत्री, राजन द्विवेदी, अशोक उपाध्याय, विभू गुप्ता, अवनीश त्रिवेदी, सुमति अग्निहोत्री, जितेंद्र सिंह, शुभम जैन, मदन पाल आदि शामिल रहे।

# युवक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई चेहरे पर चोट की पुष्टि

हरदोई

फॉलोअप

**अमृत विचार।** भागवत कथा के दौरान निकाली जा रही शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु की ने पिटाई से आहत हो कर आत्महत्या करने के मामले में नया मोड़ आ गया। उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गाल पर खरोंच और माथे पर चोंट का निशान पाया गया है। हालांकि 'काज़ ऑफ डेथ' हैंगिंग है, पुलिस ने अपनी जांच का रुख भी मोड़ दिया है।

बताते चलें कि शनिवार की रात को मल्लावां कोतवाली के तेजीपुर में भागवत कथा के दौरान शोभायात्रा निकल रही थी, जिसमें गांव निवासी लवकुश (23) प्रजापति पुत्र रामसागर प्रजापति भी शामिल था। पिता ने पुलिस को जो तहरीर दी है उसमें कहा है कि शोभायात्रा के दौरान गांव के चार लोगों ने उसकी वहीं पर पिटाई कर दी। भीड़ में पीटे जाने से आहत लवकुश घर वापस लौटा और कमरा बंद कर सो गया, लेकिन रविवार की सुबह कमरे में उसका शव फंदे से लटका मिला। एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया कि चार लोगों पर पिटाई करने का आरोप है। मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप


अजीत सिंह की जयंती मनाते रालोद कार्यकर्ता। अमृत विचार

### याद किए गए चौधरी अजीत सिंह

**हरदोई, अमृत विचार।** केंद्रीय मंत्री रहे अजीत सिंह की जयंती रालोद कार्यालय पर मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वर्गीय चौधरी के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रालोद के प्रांतीय उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह ने पार्टी की रीति नीति पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे स्वर्गीय अजीत सिंह को किसानों का सच्चा हितैषी बताते हुए उनके किसान हितों पर किए गए अनेक निर्णयों की चर्चा की। इस अवसर पर रामदास दीक्षित, जिला महामंत्री गंगा राम भारती, उमेश सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जावेद खान सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मौत के बाद एग्रीमेंट कर्ता पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**हरदोई, अमृत विचार।** जीटीएल कंपनी के टेक्नीशियन संजीव कुमार ने एग्रीमेंट कर्ता पर आशंका करते हुए उसकी मृत्यु के सात साल बाद चोरी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस घटना को लेकर लोगों में तरह-तरह की अटकलें लग रही हैं। वहीं पुलिस भी कंपनी के ही जिम्मेदारों पर इस घटना में हाथ होने की बात कह रही है। कोतवाली शहर कोतवाल संजय पांडेय ने बताया जौनपुर जनपद के 104 भीलमपुर निवासी संजीव कुमार सिंह जीटीएल कंपनी के टेक्नीशियन पद पर तैनात हैं। उन्होंने ऑनलाइन शिकायत की थी, जिसमें लाल पालपुर में स्थित कंपनी के टावर के चोरी होने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें कोतवाली शहर के लाल पालपुर निवासी एग्रीमेंट कर्ता जगपाल सिंह पर चोरी की आशंका की है। पुलिस के मुताबिक जगपाल सिंह ने सन् 2006 में जीटीएल कंपनी से अपनी जमीन का सन् 2016 तक के लिए एग्रीमेंट किया था। सन 2016 में जगपाल सिंह की मृत्यु हो गई।उसके बाद पुत्र धीरेंद्र सिंह ने जीटीएल कंपनी के बंद होने के कारण टावर जनरेटर व बैटरी उठा ले जाने के लिए सूचना दी थी। पुलिस की पूछताछ में धीरेंद्र सिंह ने बताया की कंपनी के ही तत्कालीन टेक्नीशियन जनरेटर बैटरी वी टावर उठा ले गए थे। अपने कर्मचारियों का बचाव के लिए उनके मृतक पिता के चोरी करने की आंशका करते हुए आरोप लगाया गया है। धीरेंद्र का कहना है की कंपनी के अधिकारी अपने ही अधिकारियों को बचाने के चक्कर में इस तरह का षड्यंत्र रच रहे हैं। शहर कोतवाल संजय पांडेय ने बताया इस मामले में गहराई से छानबीन की जा रही है। प्रथम दृष्टया कंपनी के ही कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

### चोरी का नामजद आरोपी पुलिस पकड़ से दूर

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में 12 दिन पूर्व हुई तीन लाख की चोरी में पीड़ित महिला ने चोर को नामजद करते हुए कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था परंतु कोतवाली पुलिस ने बारह दिन बीत जाने तक उस नामजद चोर के पास जाना मुनासिब नहीं समझा। चोर धड़ल्ले के साथ अपना कालर झटक कर खुलेआम घूम रहा है। इस घटना से पुलिस की काफी किरकिरी हो रही है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दिलेरगंज निवासी मीरा देवी के अनुसार 29 जनवरी को वह अपने मायके पिहानी चली गई। 31 जनवरी की रात्रि में चोरों ने उसके कमरे का ताला तोड़कर बक्से का ताला तोड़ा और 60 हजार की नकदी सहित सोने के पांच जेवर जिनकी कीमत लगभग ढाई लाख रुपए चोरी कर लिया। चोरी की घटना की सूचना पाकर मीरा अपने घर आई। सूचना पाकर 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। महिला ने दिल्ली में मजदूरी कर रहे अपने पुत्र के आने के बाद शाहाबाद कोतवाली में एक युवक को नामजद करते हुए प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन बारह दिन बीत जाने के बाद भी शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ तक करना मुनासिब नहीं समझा। चोरी की घटना से पीड़ित महिला मीरा देवी नगर की एक तंबाकू फैक्ट्री में तंबाकू भरकर दिन में 100 रुपये कमाती है और उसी से अपना गुजारा करती है। उसके पुत्र अपनी पत्नियों को लेकर बाहर मजदूरी करते हैं। महिला ने इन्हीं 100 रुपये की मजदूरी में से अपना पेट काटकर 60 हजार की नकदी जमा की थी। सोने के पांच जेवर उसके पास पहले से थे, जो चोरी की घटना में चले गए। महिला का रो-रो कर बुरा हाल है। जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज अंगद सिंह ने प्रार्थना पत्र मिलने के बाद दो दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया था लेकिन घटना के बाद से अब तक बारह दिन व्यतीत हो चुके हैं लेकिन चौकी इंचार्ज को अभी तक नामजद आरोपी को पकड़ने का समय नहीं मिल सका।

### मदरसा दारुल उलूम में लगाई विज्ञान प्रदर्शनी

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** होनहार बच्चे ही विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं। इसलिए शिक्षित होना जरूरी है। यह बातें सोमवार को जामा मस्जिद स्थित मदरसा दारुल उलूम कादिरिया में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में जमाल मीना ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही। मदरसा दारुल उलूम कादरिया में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने माउंट एवरेस्ट, चंद्रयान थ्री, वॉटर प्यूरीफायर, सौरमंडल, कंप्यूटर व ह्यूमन स्ट्रक्चर प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर हुनर का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में ह्यूमन स्ट्रक्चर में हाजरा बानो प्रथम, मॉस्किटो में इनायत फातिमा द्वितीय, मक्का मदीना स्ट्रक्चर में फिजा बानो तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता बच्चों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक तनवीर खान उर्फ सोनू, प्रधानाचार्य मुनौवर अली खान, शिक्षक रमजान, मुन्नू, शवा, अजीजुल हशन आदि मौजूद रहे।

# चौराहे से चोरी से हो गया 60 मीटर ऊंचा टॉवर

हरदोई

**अमृत विचार।** 60 मीटर ऊंचा टॉवर आबादी के बीच स्थित एक चौराहे से चोरी हो गया। टॉवर जब चोरी होने की बात कही गई है उस समय उसके पास पुलिस चौकी थी मौजूद थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली शहर के लालपालपुर के जगपाल सिंह की चौराहे से करीब 50 मीटर दूर ज़मीन खाता संख्या-00149 व खसरा संख्या-129 जहां जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. का 60 मीटर ऊंचा टॉवर लगा था, वह चोरी हो गया। टेक्नीशियन संजीव कुमार सिंह पुत्र महेन्द्र प्रताप सिंह निवासी भीलमपुर जौनपुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि पिछले साल 29 नवंबर को जब वह टॉवर देखने पहुंचा तो वहां लगा 60 मीटर ऊंचा टॉवर गायब था। अब सवाल उठ रहा है कि जिस दौरान टॉवर चोरी होने की बात कही जा रही है,उस दौरान लालपालपुर चौराहे पर पुलिस चौकी थी। जबकि दूसरी तरफ पूर्व प्रधान कन्हैया लाल के अलावा और भी मकान है। लोगों का कहना है कि एक तरफ पुलिस और दूसरी तरफ पब्लिक के होते हुए इतना लंबा-चौड़ा टॉवर कैसे चोरी हो गया। उनका कहना है कि 60 मीटर ऊंचा टॉवर चुटकियों में तो चोरी नहीं हुआ, ज़ाहिर सी बात है कि दिन नहीं बल्कि हफ्ते लगे होंगे, फिर भी न तो पुलिस का भनक लगी और न ही पब्लिक को कानों-कान पता चला।

### घुमंतू जाति वालों पर शक

लालपालपुर से 60 मीटर ऊंचा टॉवर चोरी करने वालों के बारे में कहा जा रहा है कि कई महीनों से उसकी कोई देखभाल नहीं करता था। उस बीच कुछ घुमंतू जाति के लोग डेरे डाल कर इधर-उधर रहते थे। कहा जा रहा है कि चोरों ने भी उन्ही घुमंतू लोगों जैसा जामा ओढ़ा और फिर बड़ी खामोशी के साथ चोरी को अंजाम तक पहुंचाया।

# पुलिस चौकी के पास सराफा दुकान से चोरी

हरदोई

**अमृत विचार।** पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे चोरों ने पुलिस चौकी के बगल में एक सराफा दुकान में संेधमारी कर वहां से सोने-चांदी का ज़ेवर और 20 हज़ार की नगदी पार कर ले गए। रविवार की सुबह इसका पता होते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस बारे में पुलिस का कहना है कि सारे मामले की छानबीन की जा रही है।

पाली कस्बे के मोहल्ला इमाम चौक निवासी दीपू रस्तोगी पुत्र श्याम बिहारी रस्तोगी की सवायजपुर कोतवाली की रूपापुर पुलिस चौकी के बगल में सराफा की दुकान है। दीपू रस्तोगी के मुताबिक रविवार को वह रोज़ की तरह दुकान बंद कर घर चला गया और सोमवार की सुबह जब दुकान खोलने पहुंचा तो उसे दुकान के अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ और दुकान की दूसरी मंज़िल पर ज़ीने पर लगा गेट टूटा हुआ मिला, साथ ही दीवार में सेंध लगी हुई थी। दुकान में रखा सोने-चांदी का ज़ेवर व नगदी गायब थी। दीपू ने बताया है कि सेंधमारी कर उसकी दुकान में दाखिल हुए चोर ढ़ाई किलो चांदी,10 ग्राम सोने के ज़ेवर और 20 हज़ार की नगदी चोरी कर ले गए। इसका पता होते ही वहां काफी लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस का कहना है कि सारे मामले की छानबीन की जा रही है।


सराफा दुकान में की गई सेंधमारी।

### सीसीटीवी का डीवीआर भी नहीं छोड़ा

सीसीटीवी कैमरे की देन है कि कई चोर चोरी करते हुए उसमें कैद हुए और पुलिस ने उन्हें आसानी से दबोच लिया, लेकिन चोर इतने चालाक होते जा रहे हैं कि लगाए गए सीसीटीवी कैमरे या उसके डीवीआर को पहले ही अपने कब्ज़े में ले रहें हैं। दीपू रस्तोगी ने बताया है कि उसने दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे। वहां पहुंचें चोर अपने साथ वहां लगा डीवीआर भी उठा ले गए।

### पात्रों को घरेलू गैस सिलेंडर न मिलने की होगी जांच

**गोंडा कार्यालय :** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में आवेदन के बाद सिलेंडर न मिलने के मामले में डीएसओ ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को टीम गठित कर जांच का आदेश दिया है। मनकापुर के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रविंद्र सिंह को पूर्ति निरीक्षकों की टीम गठित कर जांच करने को कहा गया है। इस मामले में डीएसओ ने संबंधित गैस एजेंसी को तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है। विकासखंड बभनजोत के सीताराम पुर ग्रांट रजाई भारी में स्थित निक्की इंडियन गैस सर्विस के खिलाफ कई लोगों ने शिकायत की है कि उन लोगों को जरूरी अभिलेख जमा करने के बाद भी उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर नहीं मिल पाया है। शिकायत पर डीएसओ ने गैस एजेंसी प्रबंधक से जवाब मांगा था। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि बभनजोत ब्लॉक स्थित निक्की इंडियन गैस सर्विस पर कई लोगों ने कागजात जमा होने के बाद भी सिलेंडर रेगुलेटर पाइप न दिए जाने की शिकायत की थी।

### जनप्रतिनिधियों को पत्र भेज मानदेय बढ़ोतरी की मांग

**गोंडा कार्यालय :** समान कार्य के लिए समान वेतन, मानदेय बढ़ोतरी सहित अन्य समस्याओं को लेकर एएनएम संविदा संघ की प्रदेश संयोजक ने अब तक 300 जनप्रतिनिधियों से मिलकर अपना प्रतिवेदन दे चुकी हैं। एएनएम संविदा संघ की प्रदेश संयोजक प्रेम लता पांडेय ने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में 20 हजार से अधिक एएनएम की संविदा पर तैनाती है। ये सभी अल्प मानदेय में काम कर रही हैं। इनकी आवाज मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक पहुंचाने के लिए अब तक संघ की ओर से 200 विधायक, 40 एमएलसी, 30 सांसद, 20 मंत्री प्रदेश सरकार को अपना निवेदन पत्र भेज चुकी हैं। प्रेमलता पाण्डेय ने सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे लोग अल्प वेतन भोगी हैं। उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उनके साथ न्याय किया जाए। मांग पत्र मे कहा गया है कि समान कार्य के लिए समान वेतन लागू किया जाए। वित्त वेतन आयोग 2008 की जो संस्तुति राज्य सरकार के संविदा कर्मियों पर लागू हुआ है वह लागू लागू किया जाए।

# हादसे का शिकार होने से बची कोयला लदी मालगाड़ी

हरदोई

**अमृत विचार।** रोजा प्लांट जा रही मालगाड़ी एक बड़े हादसे का शिकार होते-होते बच गई। रेल कर्मी की सजकता के चलते यह हादसा होने से टल गया।

झारखंड से कोयला लेकर रोजा पावर प्लांट जा रही मालगाड़ी में रेल के पहियों के पास से धुआं निकलता देख स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना आगे के स्टेशन को दी। सूचना मिलते ही रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। आउटर सिग्नल पर मालगाड़ी को रोक लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर द्वारा चेक किया गया। इसके उपरांत मालगाड़ी के एक वैगन में हॉट एक्सल की समस्या पाई गई जिसके बाद मालगाड़ी को धीमी गति से हरदोई के प्लेटफार्म नंबर एक पर लाकर खड़ा कर दिया गया। प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़ी मालगाड़ी के चलते पीछे से आ रही अन्य माल गाड़ियां प्रभावित हुई। हरदोई रेलवे स्टेशन पर करीबन 5 घंटे से अधिक मालगाड़ी खड़ी रही।

### हॉट एक्सल के चलते खड़ी रही मालगाड़ी

झारखंड से कोयला लेकर रोजा पावर प्लांट जा रही मालगाड़ी जैसे ही करना हरदोई ब्लाक हट से गुजरी तभी करना हरदोई ब्लाक हट पर कार्यरत स्टेशन मास्टर को मालगाड़ी के एक वैगन के निचले हिस्से से धुआँ निकलता दिखाई दिया। स्टेशन मास्टर द्वारा धुआं निकलने की सूचना हरदोई रेलवे स्टेशन को दी। सूचना मिलते ही रेल कर्मियों में हड़कंप मच गया।रेल अधिकारियों द्वारा हरदोई की ओर आ रही मालगाड़ी को हरदोई के होम सिग्नल पर रोक दिया गया। हरदोई के रेल अधिकारियों द्वारा इसके बाद मालगाड़ी के लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर द्वारा ट्रेन को चेक किया गया जिस दौरान मालगाड़ी के वैगन में हॉट एक्सल की समस्या को पाया गया। लोको पायलट द्वारा हरदोई रेलवे स्टेशन को इसकी सूचना दी गई जिसके बाद हरदोई रेलवे स्टेशन द्वारा बालामाऊ टीएसआर को मामले की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे टीएसआर बालामऊ ने मालगाड़ी के इंजन से 14 नंबर पर लगे वैगन की जांच की तो उसमें हॉट एक्सेल की समस्या होना पाया। टीएसआर द्वारा हरदोई रेलवे स्टेशन के अधिकारियों को मेमो देकर अवगत कराया कि इस वैगन को हटाना की बात कही टीएसआर ने मेमो में कहा यह वैगन आगे जाने योग्य नहीं है जिसके बाद हरदोई स्टेशन के रेल अधिकारियों द्वारा मालगाड़ी की शंटिंग कर हॉट एक्सेल वाले वैगन को अतिरिक्त रेल लाइन पर खड़ा कर दिया। रेल अधिकारियों ने बताया कि हरदोई रेलवे स्टेशन पर कोयल लदी मालगाड़ी सुबह 9:20 पर पहुंची थी, 12:40 पर मालगाड़ी की शंटिंग कराकर वैगन को हटाया गया जिसके बाद मालगाड़ी को रवाना किया जाना था लेकिन मालगाड़ी के लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर की ड्यूटी अवधि अधिक हो गई थी जिसके चलते दूसरे लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर को बुलाकर मालगाड़ी को दोपहर 2:20 पर रोजा के लिए रवाना कर दिया गया। रेल अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान चार से पांच मालगाड़ियों को प्लेटफार्म नंबर 2 से आगे की ओर रवाना किया गया।

## मासिक काव्य गोष्ठी का किया आयोजन

**मसकनवा, गोंडा:** नवोदित साहित्य संस्थान भोपतपुर के तत्वाधान में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन रॉयलसन पब्लिक इंटर कॉलेज भोपतपुर हथिनि खास के प्रांगण में कराया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रशासक अनूप कुमार शर्मा तथा संचालन हनुमान दीन पांडेय 'बेधड़क' ने किया तथा सरस्वती वंदना रघुभूषण त्रिपाठी ने किया। सम्मेलन में अनूप शर्मा, अवधी कलाकार राज चतुर्वेदी, बाल कवि कार्तिक चतुर्वेदी ने अपनी कविताएं प्रस्तुत की। हनुमान दीन पांडेय, रघु भूषण त्रिपाठी, क्षेत्र के उभरते अवधी अभिनेता राज चतुर्वेदी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# प्रदेश सरकार नैमिषारण्य क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

▸▸ तहसील मिश्रिख सभागार में 84 कोसी परिक्रमा के लिए संत समाज व प्रशासन की समन्वय बैठक का आयोजन

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में तहसील मिश्रिख सभागार में 84 कोसी परिक्रमा के लिए संत समाज व प्रशासन की समन्वय बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी संतजनों एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों से चौरासी कोसी परिक्रमा को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की तथा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त सुझावों के आधार पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान सरकार नैमिषारण्य क्षेत्र के विकास हेतु संकल्पित है और इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नैमिषारण्य क्षेत्र के विकास हेतु प्रेषित किए गए कुछ प्रोजेक्ट को शासन द्वारा स्वीकृत करते हुए बजट आवंटन किया जा रहा है। पर्यटकों के लिए सुविधाओं के विस्तार के साथ साथ टूरिस्ट नोड एवं वैदिक ट्रेल विकसित किए जाने से संबंधित योजनाएं भी शीघ्र क्रियान्वित कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी संतजनों एवं आयोजन समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया कि परिक्रमा एवं मेले का आयोजन पिछली बार से बेहतर सुविधाएं प्रदान कराते हुए पूर्ण भव्यता के साथ सकुशल संपन्न कराया जाएगा।



संत समाज व प्रशासन की समन्वय बैठक के दौरान मौजूद डीएम, एसपी व संत।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पड़ाव स्थलों, धार्मिक स्थलों एवं पौराणिक स्थलों पर सभी व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त करा दी जायें। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पड़ाव के मार्गों पर पड़ने वाली झाड़ियों की साफ-सफाई समय से करा दी जाये तथा चोक नालियों एवं जलजमाव की सफाई ससमय कराना सुनिश्चित करें। जल जमाव कहीं पर न हो, यह सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मार्ग पर पड़ने वाले विद्युत के जर्जर एवं लटके हुये तारों को सही करा दिया जाये। परिक्रमा मार्ग एवं पड़ाव स्थलों पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पड़ाव स्थलों का समय-समय पर निरीक्षण करते रहें। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पड़ाव स्थलों पर प्रकाश, स्वच्छता, ठहराव एवं सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जायें। पड़ाव स्थलों पर पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाये। इसके साथ ही एम्बुलेंस एवं अधिक भीड़ वाले स्थलों पर पहुंचने के लिए बाइक एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। पुलिस चैकियों की समय से स्थापना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए। प्रत्येक पड़ाव पर पेयजल, डस्टबिन, अस्थायी शौचालय स्थापित कराया जाये एवं सफाई गैंगों की तैनाती भी सुनिश्चित की जाये।

एसपी चक्रेश मिश्र ने बताया कि सुरक्षा हेतु पर्याप्त प्रबंध किए जाएंगे। परिक्रमा मार्ग एवं मेला स्थल के साथ साथ अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर भी पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। बैठक के दौरान संत समाज के महन्त संतोष दासजी खाकी महाराज, महन्त राजनारायण पाण्डे, महन्त नारायण दासजी महाराज, महन्त अंजनी नंदन शरणजी महाराज, महन्त राजू दासजी सहित अन्य पूजनीय संतगणों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये और अपने बहुमूल्य सुझाव भी दिए। इस दौरान एडीएम नीतीश कुमार सिंह, एएसपी डॉ. प्रवीण रंजन सिंह, सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह, एसडीएम मिश्रिख अजय कुमार तिवारी, एसडीएम सण्डीला तान्या सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके उपरान्त डीएम व एसपी ने नैमिषारण्य में आयोजित होने वाले श्री श्री जगदम्बा राजराजेश्वरी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अन्तर्गत 22 फरवरी को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

## एक नजर

### ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**तम्बौर।** थाना थानगांव इलाके के अयोध्या पुरवा मजरा रंडा कोडर निवासी नेहा पुत्री पवन कुमार ने पुलिस को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र पत्र में बताया कि उसकी शादी करीब 4 बरस पहले तंबौर कस्बे के मोहल्ला काजी टोला निवासी अरुण पुत्र श्रीकेशन के साथ हुई थी। बताया जाता है की शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में एक मोटरसाइकिल, सोने की चेन व 2 लख रुपए नगदी की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी होने पर प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति अरुण समेत श्रीकेशन, जमुना, नीलम, शकुंतला, गीता व विमला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### कौशलेंद्र सिंह बने अध्यक्ष

**झरेखापुर।** लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी लगातार अपने संगठन को मजबूत करने में लगी हुई है। शीर्ष नेतृत्व द्वारा संगठन मे कुछ बदलाव भी किये गये हैं।



हरगांव विधान सभा मे झरेखापुर मंडल के सक्रिय कार्यकर्ता विभिन्न परिस्थितियों में भी भाजपा का दामन न छोड़ने वाले कौशलेंद्र सिंह को भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा झरेखापुर मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। कौशलेंद्र सिंह लगभग दो दशक से विश्व हिंदू परिषद व आरएसएस के साथ साथ बीजेपी के बूथ अध्यक्ष सेक्टर संयोजक व मण्डल उपाध्यक्ष पदों का दायित्व संभाल चुके हैं। साथ ही समाज सेवा के कार्य करके क्षेत्र में अपनी अनूठी पहचान बनाई है। कौशलेंद्र सिंह के मंडल अध्यक्ष होने की सूचना पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के लोगो में खुशी की लहर दौड़ गई और बधाईयों का तांता लगने लगा। धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा, राज्य कारागार मंत्री सुरेश राही, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित भाजपा के क्षेत्रीय नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### शिविर में मरीजों को मिली अवेयरनेस की डोज

**महमूदाबाद।** बढ़ते संक्रमण की रोकथाम के चलते लखनऊ वंश पॉली क्लिनिक आगे आयी। क्लिनिक संचालक डॉ. लोकपति वर्मा की ओर से उनके जन्म दिवस के अवसर पर महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के गुड़ैचा में निशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब दो सैकड़ा लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिला। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन रेउसा ब्लाक प्रमुख मंजू चौहान द्वारा किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ व पूर्व सीएमओ अभिषेक मिश्रा द्वारा जरूरी परामर्श के साथ-साथ उन्हें दवाएं दी गईं। वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर ओपी सिंह, डॉ निर्मल वर्मा, डॉक्टर कमलापति वर्मा और पॉलीक्लिनिक के संचालक लोकपति वर्मा की ओर से जरूरी परामर्श के अलावा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी गई।

### सुदामा की दीन दशा देख श्रीकृष्ण की छलकीं आंखें

**पिसावां।** बरगावां के दुर्गामंदिर पर आयोजित रासलीला में श्रीकृष्ण व मित्र सुदामा के चरित्र का मंचन किया गया। जिसमे प्रभु व भक्त के मिलन को दर्शाया गया। जब सुदामा अपने बचपन के मित्र द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण के पास जाने को तैयार हुए तो सुशीला ने पड़ोस से चावल लाकर अपने पति सुदामा को दिए और कहा कि इन्हें अपने मित्र को दे देना। जब सुदामा दीन-हीन दशा में द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण भगवान के महल पहुंचे तो द्वारपालों ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। सुदामा की दीन दशा देखकर श्रीकृष्ण की आंखों से आंसू छलक पड़ते हैं। सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता को देखकर उपस्थित दर्शकों की आंखें नम हो गईं।

# नदी में बहते दिखे गोवंशों के शव, हड़कंप

## आक्रोशित लोगों ने मार्ग किया जाम, अधिकारियों ने कार्रवाई का दिया आश्वासन तब खुला मार्ग

कार्यालय संवाददाता, सिधौली

▸▸ मौके पर पहुंचे आला अधिकारी, एसडीएम सिधौली के रवैये से नाराज दिखे ग्रामीण

**अमृत विचार।** सोमवार को कोनीघाट पुल पर अचानक हड़कंप मच गया, जब कमलापुर थाना क्षेत्र की ओर से दर्जनों गायों के शव नदी में बहते हुए दिखाई दिए। लोगों की भीड़ जमा होने लगी और उत्पन्न आक्रोश को देखते हुए मौके पर पुलिस पहुंची और मामले से आला अधिकारियों को अवगत कराया। वहीं हिंदू संगठनों ने सिधौली-मिश्रिख मार्ग जाम कर दिया। ऐसे में एडीएम नीतीश कुमार सिंह व एडीशनल एसपी डॉ. प्रवीन रंजन सिंह सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गये और प्रशासन को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

सोमवार की शाम लगभग चार बजे पुल पर से गुजरने वाले लोगों ने कमलापुर थाना क्षेत्र की ओर से दर्जनों गोवंश के शव नदी में बहते हुए देखे। जंगल की आग की तरह खबर फैलने से सैकड़ों लोग पुल और नदी के आस-पास जमा हो गये। हिन्दू संगठनों के दर्जनों कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गये। लोगों में आक्रोश बढ़ने लगा। बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद और अन्य हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में लोगों ने सिधौली-मिश्रिख मार्ग को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रवीन रंजन सिंह, उपजिलाधिकारी सिधौली अनिल रस्तोगी, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत सिधौली रेणुका यादव, तहसीलदार विनोद कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक सिधौली अरविन्द सिंह, प्रभारी निरीक्षक कमलापुर, प्रभारी निरीक्षक, संदना, नगर पालिका अध्यक्ष सीतापुर के प्रतिनिधि एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुनेन्द्र अवस्थी, बनगढ़ आश्रम के श्रीमहन्त संतोषदास खाकी, बालसंत घनश्यामदास खाकी मौके पर पहुंच गये। प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरूद्ध समुचित कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी प्रकार लोगों के आक्रोश को ठण्डाकर जाम खुलवाया तथा गोवंश के शवों को तत्काल निकलवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

**सड़क जाम करने वालों पर हो सकती है कार्रवाई**

गौरक्षा के नाम पर हंगामा व सड़क जाम करने वाले बलवाइयों पर भी हो सकती है कार्रवाई। सोशल मीडिया पोस्ट्स और वायरल वीडियो के जरिए खंगाले जा रहे हैं लिंक।


नदी में गोवंशों के शव मिलने से नाराज संगठनों व लोगों की लगी भीड़। अमृत विचार


घटनास्थल पर मौजूद एडीएम नितीश कुमार व एएसपी दक्षिणी डॉ. प्रवीन रंजन व अन्य।

**भीड़ ने एसडीएम सिधौली मुर्दाबाद के लगाये नारे**

कोनीघाट पुल पर एकत्र भीड़ ने उपजिलाधिकारी सिधौली पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए मुर्दाबाद के नारे भी लगाये तथा उन्हें हटाने की मांग की। लोगों का आरोप है कि वे फोन नहीं उठाते हैं तथा उन्होंने मृत गोवंश के शवों को आवारा पशुओं के शव बताया था।

**अधिकारियों के पहुंचने पर भड़के लोग, की नारेबाजी :** प्रभारी निरीक्षक सिधौली, अरविन्द सिंह ने कोनीघाट पुल पर पहुंचकर लोगों के आक्रोश को नियंत्रित करने की कोशिश की और समझाये बुझाये रखा, लेकिन उपजिलाधिकारी सिधौली और अन्य अधिकारियों के मौके पर पहुंचते ही लोग एकदम से भड़क गये और नारेबाजी करने लगे।

# नकाबपोश बदमाशों ने असलहे के बल पर दो घरों में की लूटपाट


घर के बाहर बैठीं पीड़ित महिलाएं। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** मोहल्ला जुलाही टोला निवासी आजदे खान ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शनिवार की देर रात आधा दर्जन असलहाधारी बदमाशो मुंह बांधकर बेलचे से मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए। इस दौरान बदमाशो ने गृहस्वामी को असलहे के बल पर रोककर अलमारी का लॉक तोड़ा और उसमें रखी करीब 50 हजार की नकदी और सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर फरार हो गए। वहीं दूसरी वारदात बदमाशो ने महज 300 मीटर की दूरी पर स्थित एक घर मे की। यहां रमजानी पुत्र रियाज अली ने बताया कि बदमाशों ने देर रात उसके बेटे पर असलहा लगाकर सभी को जगा लिया। आरोप है कि इस दौरान बदमाशो ने लॉकर का ताला तोड़कर उसमे रखी 10 हजार की नकदी और सोने चांदी के जेवरात सहित अन्य सामना लूटकर फरार हो गये। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

## कूड़ाघर बनाने के लिए पैमाइश के दौरान छप्पर में लगी आग

**सिधौली।** थाना संदना अन्तर्गत ग्राम दक्षिणपुरवा मजरा इस्माइलगंज की एक दलित महिला और डेढ़ दर्जन अन्य ग्रामीणों ने गांव के ही दबंगों पर छप्पर में आग लगा देने और कुछ दलितों को आग में जलाकर मार डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। जबकि दूसरे पक्ष के लोगों ने परती भूमि पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। संदना पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में पीड़िता गायत्री उर्फ छेदाना तथा एक दर्जन अन्य लोगों ने बताया कि उनके गांव में कूड़ाघर बनाने के लिए जमीन की पैमाइश चल रही थी और परती आदि पर बने निर्माण हटाये जा रहे थे। इसी बीच गांव के आधा दर्जन दबंगों ने उसके छप्पर में आग लगा दी और आग में फंस गये दो लोगों को जलती आग में जलाकर मार डालने की कोशिश की। जबकि दूसरे पक्ष का आरोप है कि कथित पीड़ितों ने अतिक्रमण हटाने पर हंगामा किया और दूसरे पक्ष को बदनाम करने के लिए अपने घरों को आग के हवाले कर दिया। गौरतलब है कि ग्राम इस्माइलगंज में कूड़ाघर बनवाने को लेकर ग्रामीणों और ग्रामप्रधान के मध्य विवाद चल रहा है। जिस स्थान पर कूड़ाघर बनाने का प्रस्ताव किया गया है, दलित बिरादरी के लोग उसका विरोध कर रहे हैं।

# गन्ने की नवीनतम स्वस्थ प्रजातियों की करें बुवाई


गोष्ठी में सहफसली खेती के बारे में जानकारी देते सलाहकार डॉ. रामकुशल सिंह।

**सांडा, अमृत विचार।** गन्ने की रोग मुक्त नवीनतम प्रजातियों की बुवाई के साथ खेत में दलहनी, तिलहनी और सब्जियों की सह फसली खेती करके किसान भाई दोहरा लाभ पा सकते हैं। यह बात सेकसरिया चीनी मिल बिसवां के वरिष्ठ वैज्ञानिक व सलाहकार डॉ. रामकुशल सिंह ने चीनी मिल क्षेत्र के सिरसी सरैया गांव के किसान राजकुमार वर्मा के गन्ने के खेत पर आयोजित किसान गोष्ठी में मौजूद गन्ना किसानों को बताई। डॉ. रामकुशल सिंह ने कहा कि अधिक लाभ पाने के लिए गन्ने की नवीनतम रोगमुक्त प्रजातियां जिनमें सीओएस 15023, सीएलके 14201, सीओ 13235, सी ओ 0118, की बुवाई खेत में सीधी लाइन में ही करें। चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक डॉ अमरीश कुमार सिंह तोमर ने गन्ने की नवीन प्रजातियों की ट्रेंच विधि से सीधी लाइन में बुवाई करने के लिए किसानों को जागरूक किया गया। किसान रामलाल, चंद्रिका प्रसाद, मुरली, राजाराम मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### नारद का अभिमान दूर करने के लिए विष्णु ने बनाई मायानगरी


मीरा नगर गांव में रामलीला प्रस्तुत करते बाल कलाकार। अमृत विचार

**पैंतेपुर।** मीरानगर ग्राम पंचायत में वार्षिक रामलीला का शुभारंभ नारद मोह एवं श्रीराम जन्म की लीला से हुआ। डिजिटल विलेज फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित राम लीला में ग्रामीण बाल कलाकारों ने अपने बेहतरीन संवादों से आम जनमानस को आनंदित किया। संचालन बाल मुकुंद पांडेय ने किया। लीला का शुभारंभ करवाते हुए मंच संचालक ने बताया कि एक बार बाबा नारद को अभिमान हो गया कि मैंने कामदेव को जीत लिया है। इसकी सूचना उन्होंने भगवान शंकर ब्रह्मा एवं अंत में विष्णु भगवान को दी। विष्णु उनकी भावना समझ गए। नारद के अभिमान को दूर करने के लिए उन्होंने माया नगरी का निर्माण किया। उसमें शील निधि राजा और उनकी पुत्री विश्वमोहिनो का स्वयंवर आयोजित किया। नारद ने जैसे ही उसका रूप देखा उस पर मोहित हो गए। राजकुमारी विशेमोहिनी से शादी करने के लिए उन्होंने भगवान विष्णु से रूप मांगा। भगवान विष्णु ने उन्हे हरी अर्थात बानर का रूप दे दिया। यह बात विष्णु और लक्ष्मी के अतिरिक्त उनके गण जय और विजय जानते थे। स्वयंवर प्रारंभ हुआ। विश्वमोहिन के रूप में माता लक्ष्मी ने भगवान विष्णु के गले में जयमाल डाल दी। यह घटना देख नारद आश्चर्यचकित हो गए आखिर मैं इतना सुंदर फिर भी विश्वमोहिनी का वरण किसने किया। उन दोनों द्वारपालों ने नारद से कहा बाबा अपना चेहरा दर्पण में देखो। नारद ने जल में अपना चेहरा देखा। तब उन्होंने भगवान विष्णु सहित दोनो गणों को श्राप दिया। इस अवसर पर अंकित कुमार सत्यवान पटेल, दिलीप शर्मा अंकित वर्मा, अभिषेक पटेल सहित अन्य लोग इस अवसर पर उपस्थित थे।

### मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं आज से, सीसीटीवी से होगी निगरानी

**सदरपुर।** सदरपुर सहित जिले के 20 केंद्रों पर मदरसा बोर्ड की परीक्षा 13 फरवरी से शुरू हो रही है, जिसकी तैयारियां पूरी हो गई हैं। सदरपुर समेत जनपद के 20 परीक्षा केंद्रों पर उप्र मदरसा बोर्ड के तहत होने वाली सेकेंड्री, सीनियर सेकेंडरी, कामिल व फाजिल की परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू हो जाएंगी जो 21 फरवरी तक चलेंगी। मदरसा बोर्ड द्वारा बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापकों द्वारा परीक्षा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मदरसा इस्लामिया सदरपुर के केंद्र व्यवस्थापक गुलरेज हसन खां ने जानकारी देते हुए बताया है कि सदरपुर परीक्षा केंद्र में 116 परीक्षार्थियों की परीक्षा के इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के इम्तिहान कक्षों में नकल रोकने और सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिसकी मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जाएगी। मदरसा न्यू आइडियल गर्ल्स सक्सेस स्कूल बिसवां के नायब इंचार्ज सिराजुद्दीन अंसारी, दारुल उलूम शकूरिया कुतुबपुर सरायं बिसवां के केंद्र व्यवस्थापक मौलाना इशरत अली सिद्दीकी, मदरसा शमशुल उलूम पैंतेपुर के जिम्मेदार मौलाना अब्दुलकरीम, मदरसा अरबिया मिल्लिया कजियारा के केंद्र व्यवस्थापक हाफिज मोहम्मद सालिम आदि के मुताबिक सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई है। कुछ परीक्षाकेंद्रों पर पहली पाली जबकि कुछ केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा कराई जाएंगी।

### सभी का कल्याण करने वाले बीज मंत्र की बताई महिमा

**महोली।** जो देवता मोक्ष प्रदान करते हैं वह भोग नहीं दे सकते। जो देवता भोग दे सकते हैं वह मोक्ष नहीं दे सकता है लेकिन मां भगवती चारों पदार्थ (धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष) प्रदान करती हैं। 'अन्न देवता यत्रास्ति भोगो नच तत्र मोक्ष: श्री जगदम्बिका पाद वृता मनुष्य :चतुर पदार्थ : करेन सिद्धि :। जगत जननी मां भगवती ने आराधना से महाभारत में जितने योद्धा वीरगति को प्राप्त हुए सभी को मोक्ष प्रदान किया था। कस्बे के शक्तिनगर में स्थित मां कात्यायनी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तीसरे दिवस रामेश्वरम धाम से पधारे भगवत कृष्ण शास्त्री देवी महात्म्य का बखान करते हुए यह उद्गार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बीज मंत्र की महिमा सभी जीवों का कल्याण करने वाला है। ऊं ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे नम : मां ने सभी देवों की प्रार्थना से महिषासुर दैत्य का उद्धार करके अधर्म पर धर्म की विजय प्राप्त की। उन्होंने मां की महिमा का गुणगान करते हुए कहा 'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम :' । जिस प्रकार देवों ने प्रार्थना की इसी तरह कोई भी जीव मां भक्ति करते हैं मां उनका उद्धार करती हैं। शाम की बेला में सागर मध्य प्रदेश से आए सुबोध अग्निहोत्री ने मैया की कथा का वर्णन किया। इस दौरान डॉ सतीश चंद्र वर्मा, राजेंद्र प्रसाद, डॉ सदानंद आर्य, दिनेश मिश्र पिंटू, लवकुश शुक्ला, राम किशोर मिश्र, श्याम किशोर दीक्षित समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मां कात्यायनी मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के तीसरे दिवस विद्वान यज्ञाचार्य पं रंगनाथ पांडेय द्वारा गणपति अम्बिका पूजन, वास्तु पूजन, यौगिकी पूजन, क्षेत्रपाल पूजन, नवग्रह पूजन, गौरी तिलक पूजन कराया गया। नारायणी हवन कात्यायनी पूजा रहस्य हवन के बाद मंत्रोच्चार के बीच मूर्तियों का फलाधिवास कराया गया तत्पश्चात आरती प्रसाद व आर्शीवाद के सात पूजन सम्पन्न हुआ।

### योग प्रशिक्षक ने जोड़ों के दर्द, पाचन तंत्र संबंधी कराये अभ्यास



सहसपुर देवकली गांव में लगे होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर में मौजूद चिकित्सक।

**पिसावां।** सोमवार को विकास खंड पिसावा के गांव सहसपुर देवकली में ग्राम प्रधान रविंद्र त्रिपाठी ने वृहद स्तर पर होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीहटगौड़, छैहलिया व कुतुबनगर के चिकित्सकों व अन्य स्टाफ ने हिस्सा लिया। सहसपुर देवकली गांव में होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. किरण कुमारी दास ने किया। योग प्रशिक्षक खुशीराम व वंदना के द्वारा मरीजों में होने वाली समस्या जोड़ों के दर्द, पाचन तंत्र संबंधी योग अभ्यास कराया। साथ ही प्रतिदिन अभ्यास करने के लिए उपस्थित लोगों को प्रेरित भी किया। बीहटगौड़ की चिकित्सक अलका सोनी ने पोषक तत्वों के विषय में प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी दी। छैहलिया की वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा .गीता व कुतुबनगर के डा. रत्नेश कुमार ने जोड़ों के बारे में व परहेज करने के बारे में बताया ।शिविर कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र से आए मरीजों की विस्तृत जांच की गई। इस मौके पर फार्मासिस्ट अभिषेक मिश्र, अभिषेक बाजपेयी, अनुराग मिश्र एव अन्य स्टॉफ अर्पिता मिश्र, प्रमोद, विजय आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम

**मां संकटा देवी धाम में चल रहे धार्मिक महाआयोजन के अंतिम दिन छह मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर आयोजित किया गया सम्मेलन**

# इस शताब्दी का परम सौभाग्य है मंदिर निर्माण : दिनेश शर्मा

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** राम की प्राण प्रतिष्ठा होने से एक दल के पेट में दर्द उत्पन्न हो गया है। सनातम संस्कृति व संस्कारों को चुनौती देने वालों को जनता चुनाव में सबक सिखा देगी। असत्य पर सत्य की जीत, परोपकार व एकता तथा पारिवारिक समर्पण का नाम राम है। कभी कांग्रेस ने राम को काल्पनिक बताया था, जिसके चलते आज भी वे सत्ता के लिए भटक रहे हैं। मंदिर निर्माण इस शताब्दी का परम सौभाग्य है।

उक्त बातें महमूदाबाद स्थित मां संकटा देवी धाम में चल रहे धार्मिक महा आयोजन के अंतिम दिन शतचंडी महायज्ञ के पूर्णाहुति के साथ छह मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर कथा पंडाल में आयोजित संत, भक्त सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कही। सपा के एक नेता हिंदू धर्म को धोखा बताने के साथ पवित्र श्रीराम चरित मानस का अपमान करते हैं।


मंदिर में पूजन-अर्चन करते पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा। अमृत विचार

विधायक आशा मौर्या ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार में क्षेत्र विकास की ओर अग्रसर है। संकटा मंदिर धाम बन चुका है। देश, समाज, राष्ट्र व सत्य सनातन के लिए काम करने वालों की सराहना होती है। पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार ने कहा कि आदमी बड़े पद पर हो सकता है किंतु यदि मानवता नहीं है तो समझो कुछ भी नहीं है। उन्होंने मंदिर विकास के लिए समिति के लोगों की जमकर प्रसंसा की। नैमिषारण्य धाम के दिव्यानंद जी महराज ने कहा कि अयोध्या धाम में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने से पूरा देश एक सूत्र में बंध गया है और भारत विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। संत भक्त सम्मेलन की अध्यक्षता महामंडलेश्वर राघवदास जी महराज ने करते हुए कहा कि जब पुण्य का उदय होता है तभी मंदिर के निर्माण शुरू होते हैं। महंत बजरंगदास ने कहा कि हनुमान जी किसी भी मनोकामना की पूर्ति की शत-प्रतिशत गारंटी हैं। इस मौके पर सांसद राजेश वर्मा, एमएलसी पवन सिंह, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल, विधायक आशा मौर्या, मनीष रावत, साकेंद्र प्रताप वर्मा, भाजपा प्रदेश महासचिव पूर्व सांसद प्रियंका रावत, त्यागी महराज, मुंडा गोपाल आश्रम के महंत सत्यानंद, मां ललिता धाम नैमिषारण्य के मुख्य पुजारी, जिला उपाध्यक्ष उदित वाजपेयी, एसडीएम शिखा शुक्ला, सीओ दिनेश शुक्ला, सीओ सदर, कोतवाल अनिल सिंह, विजयेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा मां संकटा देवी धाम में आयोजित कार्यक्रम के बाद नगर के लखनऊ मार्ग स्थित मौलाना आजाद ह्यूमनिटीज सांइस एंड टेक्नालाजी पहुंचे। कालेज के सचिव पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी ने स्वागत किया। डा. रिजवी ने इस दौरान मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट को विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने की मांग की।

अङ्गणवेदी वसुधा कुल्या जलधि : स्थली च पातालम् ।
वल्मीकश्च सुमेरू : कृतप्रतिज्ञस्य वीरस्य ।

दृढ़ संकल्पित योद्धा के लिए संपूर्ण वसुधा कुटुंब रूपी आंगन के समान है। सागर नदी के समान है। सुमेरू जैसा पर्वत भी चीटियों का धाम ही है।

## संपादकीय

# कूटनीतिक सफलता

कतर में मौत की सजा पाने वाले भारतीय नौसेना के आठ पूर्व जवानों की सकुशल घर वापसी को मुमकिन बनाने के कतर के अमीर के फैसले की सराहना की जानी चाहिए। ध्यान रहे कतर की एक अदालत ने 26 अक्टूबर, 2023 को भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई थी। साल 2022 में कतर की एक कंपनी में काम करने वाले इन अधिकारियों पर जासूसी का आरोप लगाकर वहां की सरकार ने गिरफ्तार कर लिया था। ये सभी पूर्व अधिकारी वहां की 'अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज' नाम की कंपनी के लिए काम कर रहे थे। सवाल उठा कि क्या सरकार इन्हें बचा पाएगी, वो क्या रास्ता निकालेगी और उन्हें लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर क्या कदम उठाएंगे? इन पर जासूसी के आरोप लगे थे। इनकी वापसी नामुमकिन सी थी, लेकिन भारत सरकार की कूटनीति और रणनीति काम आई। इन्हें रिहा कराने के लिए भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर मजबूत रणनीति बनाई। दरअसल भारत और कतर के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। कतर में आठ लाख से भी ज्यादा भारतीय रहते और काम करते हैं। भारत अपनी 40 फीसदी तरल प्राकृतिक गैस या एलएनजी कतर से हासिल करता है। पैट्रोनैट द्वारा 2029 से 20 साल के लिए कतर से सालाना 75 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीद अनुबंध का नवीकरण संभवतः दुनिया में इस ईंधन की खरीद का सबसे बड़ा सौदा है। ऐसे में भारत ने शुरू से ही इस मामले को लेकर कतर से बातचीत जारी रखी। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल दिसंबर में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्द अल-थानी से दुबई में हुए सीओपी 28 सम्मेलन से इतर मुलाकात की थी।

इस बैठक में पीएम मोदी ने पूर्व भारतीय नौसैनिकों की रिहाई के मसले पर बात की। जानकारों के मुताबिक कतर एक ऐसा देश रहा है जो हमेशा मध्यस्थता करके दो देशों के विवादों को सुलझाने में मदद के लिए जाना गया है। इजराइल और हमास के बीच भी कतर ने मध्यस्थता की। इस पूरे घटनाक्रम के बीच 2014 की संधि को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता, जिसमें तय किया गया था कि अगर किसी कारण से दोनों देशों के नागरिकों को सजा मिलती है तो वो अपने देश में सजा काट सकते हैं। चर्चा इस बात की थी कि भारत सरकार ने इस मामले को कूटनीतिक नजरिए से उठाते हुए अमेरिका और तुर्किए से भी बातचीत की थी। वैश्विक स्तर पर भारत की इस ऐतिहासिक कूटनीतिक सफलता के पीछे दुनिया में भारत का बढ़ता कद भी रहा। भारत ने जिस तरह मामले को उठाया, उसके आगे कतर को कैदियों को राहत देनी पड़ी।

# आईसीएआर की पृष्ठभूमि में स्वामीनाथन की भविष्य दृष्टि



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

हरित क्रांति को सफल बनाने के लिए विभिन्न प्रान्तों के किसानों का सहयोग मिला। अनेक सूबों की सरकारों के 'लैंड रिवेन्यु' विभागों ने हरित क्रांति से पहले कृषि भूमि का 'कंसोलिडेशन' कर लिया था। छोटी-जोतों को तोड़कर कृषि जोत का न्यूनतम आमाप एक एकड़ किया गया।

98 वर्ष की उम्र में प्रो.मन्कोम्बू संबाशिवम स्वामीनाथन जिन्हें हम एमएस स्वामीनाथन कहते हैं का देहांत 28 सितंबर 2023 को हुआ। चार महीने बाद 9 फरवरी 2024 को प्रो.स्वामीनाथन को मृत्योपरांत भारत रत्न देने की घोषणा भारत सरकार ने की तब इनके बारे समाचार माध्यमों में चर्चा पुनः शुरू हुई। स्वामीनाथन भारत में कृषि क्षेत्र में पोस्ट-कॉलोनियल रिसर्च इम्प्लीमेंटेशन के जरिए 'हरित क्रांति का पितामह' कहे जाने के कारण लोकस्मृति का स्थायी हिस्सा बन चुके हैं। भारतीय कृषि को कम उत्पादन, मानसून पर ही निर्भरता संबंधी कठिनाई, कृषि भूमि की गिरती हुई उर्वरता, छोटी और अनुत्पादक जोत, फसलों की सिंचाई के लिए पानी और तकनीकि संसाधनों की कमी, कीट-पतंगों के प्रबंधन और इनकी भूमिका के बारे में निम्न स्तर की समझ, कृषि शिक्षा और वैज्ञानिक शोध के स्तर का स्थिर हो जाना, नए बीजों के रचनाक्रम और इनके अभाव, पुराने एवं पारंपरिक बीजों (फार्मर्स वेरायटीज) का संरक्षण किये जाने और इनके जैव-द्रव (जर्मप्लाज्म) को सुरक्षित करने की व्यवस्था के अभाव, कृषि शोध कार्य की कमी की वजह से प्रकाशन की मात्रा का कम होने और किसान कल्याण के लिए प्रबंधकीय, वित्तीय और प्रशासकीय व्यवस्था के भीतर उपेक्षाभाव दूर करने संबधी निर्णयों के अभाव जैसे संकटों से निकालने के लिए जो नेतृत्व प्रदान किया इस वजह से उन्हें श्रृद्धापूर्वक याद किया जाएगा। साफ़ तौर से कहें तो इनके नेतृत्व में और राजनैतिक और वित्तीय संसाधनों की आश्वत मदद और इंटर-मिनिस्टीरियल सपोर्ट, जैसे कि मिनिस्ट्रीज़ ऑफ़ फाइनेंस, ट्रांसपोर्ट एंड रेलवेज़, बिजली और सिंचाई, इंडस्ट्रीज, केमिकल्स, पेट्रोकेमिकल्स, फर्टिलायिज़र्स एंड फार्मास्यूटिकल्स, हेल्थ और एग्रीकल्चर फारेस्ट एंड एनिमल हसबेंडरी के अनेक सहायक इंस्टिट्यूट्स और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नीचे सन 1965 के बाद विशिष्ट सेवा के लिए स्थापित किए गए अनुसंधान संस्थानों के बिना 'हरित-क्रांति' संभव ही न थी। यह तो नहीं कह सकते कि देश में सन 1967 से 1978 के बीच चालू रहे 'ग्रीन रेवलुशन' अर्थात हरित क्रांति का प्रारंभ और सफल आयोजन प्रो.स्वामीनाथन के बिना संभव ही न था लेकिन राजनैतिक इच्छाशक्ति

> आईसीएआर की स्थापना को अब से पांच साल बाद एक सदी का समय होने को है। ब्रिटिश राज में देश भर में अनेक स्थानों पर एग्रीकल्चरल रिसर्च स्टेशंस भी स्थापित हुए थे, जैसा कि पंजाब के लायलपुर में जिसमें काम करते हुए जिला रोहतक के डॉ. रामधन हूडा ने गेहूं की अनेक किस्मों का विकास किया था।

और विज्ञान के अद्भुत मेल को लेकर अगर इसे एक ऐतिहासिक दृष्टि से गहरे और समीक्षात्मक नज़रिए से परखा जाए तो किसी को तो भारत से भूख का निर्वासन करने के लिए नेतृत्व देना ही था। संयोगवश इस नेतृत्व के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने राष्ट्रव्यापी काम के लिए प्रो. स्वामीनाथन को पहचाना और इन्हें इसका जिम्मा सौंपा ताकि देश को अनाज उत्पादन में आत्म निर्भर बनाया जा सके। इंदिरा जी की उम्मीदों को पूरा करने के लिए वे एक तेज़ जज्बे और उत्साह से जुटे और खरे उतरकर अगले दस साल में यह काम कर दिखाया। उन्हें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की समस्त वैज्ञानिक तकनीकी प्रतिभाओं की बौद्धिक क्षमता का समर्थन प्राप्त हुआ था। प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन और इसकी मॉनिटरिंग के मामले में प्रो. स्वामीनाथन की ही अग्रणी भूमिका रही। इसके अलावा देश के लोगों के न्यूट्रीशनल स्टेटस को सही स्तर पर रखने के लिए जिस प्रकार के अनाज उगाना जरूरी समझा गया उन्हीं 'हाई ईल्डिंग हाइब्रिड सीड्स' को विकास करके उच्च पोषक मान वाली किस्मों की खेती को लोकप्रिय बनाया गया। हरित क्रांति के दौरान अधिकतर जोर पंजाब-हरयाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य और दक्षिण भारत के सिंचित कृषि क्षेत्रों पर रहा। फसल उत्पाद के सुरक्षित भंडारण और वितरण का काम कैसे छोड़ा जा सकता था। इसकी जिम्मेवारी सन 1965 में स्थापित फ़ूड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया और पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को क्रमशः दी गई थी। कुल मिलाकर हरित क्रांति का प्रभाव आशातीत रहा क्योंकि पंच-वर्षीय योजनाओं के दौरान पूंजी के भारी निवेश और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के अलावा देश के किसानों के अपेक्षित सहयोग से भारत की स्थिति एक अकाल पीड़ित, कुपोषित और क्षुधाग्रस्त लोगों की भीड़ से ऊपर उठकर सन 1990 तक एक अन्न निर्यातक देश के रूप में प्रतिष्ठित हुई। सन 1947 में 50 मिलियन टन से भी कम अनाज का उत्पादन करने वाला देश सन 2021 तक सालाना 290 मिलयन टन विभिन्न प्रकार के अनाज का उत्पादन करने में सक्षम हो चुका था। हरित क्रांति को सफल बनाने के लिए विभिन्न प्रान्तों के किसानों का सहयोग मिला। अनेक सूबों की सरकारों के 'लैंड रिवेन्यु' विभागों ने हरित क्रांति से पहले कृषि भूमि का 'कंसोलिडेशन' कर लिया था। छोटी-जोतों को तोड़कर कृषि जोत का न्यूनतम आमाप एक एकड़ किया गया। इसके आधार पर कंसोलिडेशन का काम तीव्र गति से हुआ। हरितक्रांति के लिए यह सब तैयारी जरूरी थी।

प्रो.स्वामीनाथन को कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और विकास कार्य में नेतृत्व प्रदान करने के लिए जो इज्ज़त भारत और विदेश में हासिल हुई उसके पीछे की कहानी कॉलोलियल भारत में अंग्रेजों द्वारा खेतीबाड़ी और सिंचाई के मामले में सन 1830 के बाद से दी गई तवज्जो से शुरू होती है। सन 1927 में 'रॉयल कमीशन ऑन एग्रीकल्चर' ने भारत में बैठकें की। इसकी सिफारिश पर सन1929 में 'इम्पीरियल कौंसिल ऑफ़ एग्रीकल्चरल रिसर्च' की स्थापना बिहार के पूसा में की गई थी। बिहार में आये भीषण भूकंप से हुई तबाही के बाद इसे दिल्ली रिज़ के पश्चिमी ओर टोडापुर गांव की जमीन पर स्थापित किया गया। देश में कृषि अनुसंधान का काम धीरे-धीरे विशाल आकार लेता रहा और जैसे-जैसे अनुसंधान की जरूरतें बढ़ी और हरित क्रांति जैसी प्राथमिकताएं बनीं, कृषि अनुसंधान के लिए नए संस्थान बनाए जाने की जरूरत महसूस की गई। आईसीएआर की स्थापना को अब से पांच साल बाद एक सदी का समय होने को है। ब्रिटिश राज में देश भर में अनेक स्थानों पर एग्रीकल्चरल रिसर्च स्टेशंस भी स्थापित हुए थे, जैसा कि पंजाब के लायलपुर में जिसमें काम करते हुए जिला रोहतक के डॉ. रामधन हूडा ने गेहूं की अनेक किस्मों का विकास किया था। यही किस्में दुनिया के गेहूं उत्पादक देशों में अब सर्वाधिक बोई जाती हैं और इनसे प्राप्त अनाज ही प्राथमिकता से खाया जाता है। मुद्दा यह बताना है कि ग्रीन रेवलुशन से बहुत पहले ही भारत में कृषि और पशुओं के बारे आधुनिक तरीके से अधिक उपज देने वाली और रोगरहित फसलों के अनुसंधान और विकास का रास्ता प्रशस्त हो चुका था। हरित क्रांति का आगाज़ एक ऐसे कार्यक्रम के रूप में शुरू किया गया जिसके लिए एक नई दृष्टि और तकनीकों का अपनाया जाना अर्थात अपग्रेड या उन्नत करना अपरिहार्य हुआ। मध्य 18 वीं सदी से लेकर सन 1943 तक देश में दसियों बार–अधिकतर अनावृष्टि के कारण, भीषण दुर्भिक्ष पड़े जिसके असर से करोड़ों मनुष्य और पशु कालकलवित हुए थे। परंपरा से प्रचलित कृषि ज्ञान और प्रौद्योगिकी से देश में बढ़ती हुई आबादी के लिए पर्याप्त मात्रा में अन्न सुलभ करा पाना मुश्किल हो गया था।

इस कारण से अमरीका के पब्लिक लॉ-480 के अंतर्गत, आस्ट्रेलिया और रूस से देश में गेहूं का बड़ी मात्रा में आयात किए जाने से सम्मान को जो ठेस पहुंच रही थी उसे हरित क्रांति के द्वारा दूर कर दिया गया। देश में फ़ूड सिक्यूरिटी और जनसंख्या में पोषण को उचित स्तर को बनाए रखने के लिए न केवल गेहूं बल्कि धान, दालों और तिलहनों की खेती और हॉर्टिकल्चर को नई सोच से विकसित किया गया। इसमें भी प्रो.स्वामीनाथन और हज़ारों अन्य वैज्ञानिकों की दूर-दृष्टि ने काम किया। अब सवाल यह कि प्रो.स्वामीनाथन और हरित क्रांति के बाद आईसीएआर के अंतर्गत काम करने वाले संस्थान आईएआरआई की शोध दृष्टि अब किस ओर गई है और अगले 30-50 साल के लिए किस सोच से काम करने को यह उद्धत है? जाहिर है इस बारे में आईसीएआर का विज़न डॉक्यूमेंट तैयार है जिसमें फोकस रहेगा फसलों को जहर मुक्त रखना, क्लाइमेट चेंज के अनुसार फसलों को ढालने की टेक्नोलॉजी विकसित करना। हरित क्रांति के जो दुष्प्रभाव बाद में पैदा हुए उनसे बचाव करते हुए देश के किसानों को सजग रखना और उत्पादन एक स्तर से नीचे न चला जाए इस प्रकार से कुदरती खेती के उपाय भी करना। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में महत्त्व का ऐतिहासिक दस्तावेज़ है डॉ.महेंद्र सिंह रंधावा द्वारा चार खंडों में लिखी गई 'हिस्ट्री ऑफ़ इंडियन एग्रीकल्चर'।

## व्यंग्य

# गाय मार कर जूता दान

अभी पांच महानुभावों को देश का सर्वोच्च सम्मान "भारत रत्न" प्रदान किया गया। इस पुरस्कार को देने तथा पाने वालों से क्षमा मांगते हुए निवेदन कर रहा हूं। लालकृष्ण आडवाणी देश के भूतपूर्व गृहमंत्री होने के साथ जनसंघ तथा भाजपा के शीर्ष पुरुष रहे एवं रामजन्म भूमि मुक्ति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया है। भाजपा सरकार ने उन्हें यह सम्मान देकर उत्कृष्ट कार्य किया है। लेकिन आडवाणी को अधिक आयु का हवाला देकर जिस तरह से उन्हें सक्रिय राजनीति से दूर किया गया तथा अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास व प्राण प्रतिष्ठा आयोजन से अलग किया गया, उसकी शायद ही कोई प्रशंसा करेगा। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राम जन्मभूमि न्यास के सचिव चंपत राय ने उनके न आने के लिए जिस भाषा का प्रयोग किया था, शायद ही कोई आडवाणी जी जैसों के लिए वैसी भाषा का प्रयोग करना चाहेगा। बेहतर होता, आडवाणी विनय पूर्वक इस सम्मान को अस्वीकार कर देते क्योंकि इसके मिलने या न मिलने से उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

> पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव को मृत्योपरांत भारत रत्न सम्मान दिया गया। श्री राव, गांधी परिवार के बाहर शास्त्री जी के बाद दूसरे कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे और उस परिस्थिति में उन्होंने अपने वित्त मंत्री मनमोहन सिंह के साथ आर्थिक उदारीकरण की योजना लाकर देश की आर्थिक स्थिति में जो सुधार किया, वह प्रशंसनीय था और आज की भाजपा सरकार भी उदारीकरण की उसी नीति को आगे बढ़ा रही है।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव को मृत्योपरांत भारत रत्न सम्मान दिया गया। श्री राव, गांधी परिवार के बाहर शास्त्री जी के बाद दूसरे कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे और उस परिस्थिति में उन्होंने अपने वित्त मंत्री मनमोहन सिंह के साथ आर्थिक उदारीकरण की योजना लाकर देश की आर्थिक स्थिति में जो सुधार किया, वह प्रशंसनीय था और आज की भाजपा सरकार भी उदारीकरण की उसी नीति को आगे बढ़ा रही है। संसद में वित्तमंत्री जी ने श्वेतपत्र जारी कर पिछली कांग्रेस सरकारों को जिस तरह धोया है, उससे यह सम्मान मेल नहीं खाता। इसी तरह श्वेत पत्र में 10 वर्ष तक लगातार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह को भी निशाना बनाया गया जबकि राज्यसभा के कार्यकाल की समाप्ति पर उनकी प्रशंसा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुक्तकंठ से किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह भी अब भारत रत्न हो गए हैं। किसानों के नेता कभी दलबदल के मसीहा हुआ करते थे तथा वह ऐसे एकमात्र प्रधानमंत्री रहे हैं जिन्होंने एक दिन भी सदन को नहीं झेला। आसन्न चुनावी वैतरणी पार करने में संभवतः वह पतवार का कार्य करेंगे। कर्पूरी ठाकुर भी भारत रत्न हो गए, मरणोपरांत ही सही। सामाजिक न्याय के पुरोधा को यह पुरस्कार पहले ही मिलना चाहिए था लेकिन आगामी चुनाव में पिछड़ों को साधने हेतु विलंब से ही सही,यह कार्य कर दिया गया। डा. स्वामीनाथन को भी यह सम्मान परणोपरांत ही दिया गया।

विरोध प्रदर्शन के समय व्यक्ति की भर्त्सना करना तथा आवश्यकता पड़ने पर उसी की प्रशंसा करना या सम्मानित करना राजनीति का एक दांव है और यह साम, दाम, दंड, भेद नीति का एक हिस्सा है, इसे इसी रूप में देखा जाना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर बाला साहब ठाकरे, नीतीश कुमार, शरद पवार, लालू यादव आदि को भी ऐसे सम्मानित किया जाए तो आश्चर्य की बात नहीं होनी चाहिए।

कभी विचार आता है कि योग्य व्यक्तियों को उनके जीवन काल में उचित सम्मान क्यों नही मिलता, उनके दिवंगत होने की प्रतीक्षा क्यों की जाती है? देश में हरित क्रांति के पुरोधा डाक्टर स्वामीनाथन को पुरस्कृत करने में सभी सरकारों ने इतना विलंब क्यों किया? शायद उनके पास किसी जाति, धर्म का वोट बैंक नहीं था। देश में ऐसे बहुत से सपूत रहे हैं जो अशोभनीय, असम्मानित और अगाथा चले गए या अंतिम गति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मृत्योपरांत पुरस्कृत करना सेना एवं सुरक्षाकर्मी के लिए तो उचित है लेकिन जीवित व्यक्तियों को उनके जीवनकाल में उपेक्षित करना उनका अनादर है। यदि सरकार साहस कर ऐसे व्यक्तियों को उचित सम्मान दे सके तो राष्ट्र और समाज हित में होगा।

# विवेकवाद बनाम मज़हबों का अयुक्तिवाद



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप ने मज़हब के विस्तार के बजाय, आर्थिक और सैन्य शक्ति से सत्ता प्राप्त करने, उसे बनाये रखने और उसका विस्तार करने का रास्ता खोज निकाला।

सभी मज़हबों और संप्रदायों में अयुक्तिवाद का तत्व अपरिहार्य रूप से मौजूद है। यूरोप के लोगों ने बहुत क़ीमत चुकाकर, कई विद्वानों और जिओर्दनो ब्रूनो जैसे वैज्ञानिकों को चौराहों पर ज़िंदा जलाकर, पोप और बिशप की निरंकुश, अमानवीय मनमानी बर्दाश्त कर, व्यर्थ के क्रूसेड चलाकर, एक हज़ार साल के मध्ययुगीन अंधकार में डूबे रहने के बाद, इस चीज़ को समझा और पुनर्जागरण, धर्म सुधार तथा ज्ञानोदय की आग में तपकर औद्योगिक क्रांति की यात्रा की जिसने दुनिया बदल दी।

हर मज़हब मूलतः सत्ता-संगठन है। मनुष्य के जीवन में गुणात्मक उत्थान लाने से अधिक उन्हें अपने अनुयायियों की संख्या बढ़ाने में संलग्न देखा जाता है। मनुष्य का चरित्र और स्वभाव कैसा भी हो, उसे अपने मज़हब में दीक्षित करने को मज़हबी कर्तव्य माना जाता है। माना जाता है कि पूरी दुनिया को संबंधित मज़हब में दीक्षित करने में सफल होने तक यह कर्तव्य प्रासंगिक बना रहेगा। यह इस प्रमेय पर आधारित है कि संबंधित मज़हब में दीक्षित होते ही मनुष्य स्वभाव व चरित्र से कैसा भी हो, उसका उद्धार हो जाएगा। जीवन का सीधा और सही मार्ग एक ही है, जैसे दो बिंदुओं को जोड़ने वाली सीधी रेखा एक ही हो सकती है। संबधित मज़हब को ही वे एकमात्र सीधी रेखा और इसलिए एकमात्र सही मज़हब मानते हैं। तर्कणा बात सही होती अगर मज़हब मनुष्य के स्वभाव और चरित्र को बदलकर उसे बेहतर मनुष्य बना देता। किंतु व्यवहार में ऐसा होता दिखाई नहीं पड़ता। मज़हब कोई भी हो, उसके अनुयायी एक से चरित्र और स्वभाव के नहीं पाए जाते। हर मज़हब में अच्छे-बुरे, ईमानदार-बेईमान, भांति-भांति के इंसान दिखाई पड़ते हैं। यहां तक कि कोई भी दो अनुयायी स्वभाव और चरित्र में हूबहू एक-से नहीं होते। यह तथ्यात्मक सच्चाई है जिससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। अस्तु, सीधी रेखा सिर्फ़ इंसानियत की हो सकती है, किसी मज़हब की नहीं।

औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप ने मज़हब के विस्तार के बजाय, आर्थिक और सैन्य शक्ति से सत्ता प्राप्त करने, उसे बनाये रखने और उसका विस्तार करने का रास्ता खोज निकाला। आज ईसाई मज़हब के सिद्धांत केवल उन पुजारियों और धर्म-प्रचारकों तक सीमित हैं जो पिछड़े देशों में मज़हब के प्रचार-कार्य में लगे हैं। उनका वित्त-पोषण करने वाली संस्थाएं भी वस्तुतः सत्ता-विस्तार के ही काम में लगी हैं। भौतिक सत्ता से ही विश्व-शक्ति बने अमेरिका ने तो इस चीज़ को सबसे स्पष्ट तरीक़े से समझ लिया है। रिपब्लिकन पार्टी अपेक्षाकृत अनुदार है तो उसमें कभी-कभी ईसाइयत के प्रति राजनीतिक क़िस्म का आग्रह झलक उठता है। बस राजनीतिक क़िस्म का। जैसे हमारे यहां वर्तमान में 'हिंदुत्व' के प्रति 'राजनीतिक क़िस्म' का आग्रह सफलता का रामबाण बना हुआ है। जो अपने को घोषित तौर पर विवेकवादी मानते हैं, कभी-कभी कट्टरता की मात्रा या तीव्रता के आधार पर मज़हबों की परस्पर तुलना करने लगते हैं। एक मज़हब के अयुक्तिवाद को दूसरे मज़हब के अयुक्तिवाद से ज़्यादा खतरनाक बताने लगते हैं। अयुक्तिवाद की ऐतिहासिक व्याख्या करने, किसी को सही तो किसी को ग़लत बताने लगते हैं। अरे भाई, जब आधार ही अयुक्तिवाद है तो सारा खेल अविवेक और सत्ता का हो जाता है। सत्ता के स्रोत क्या हैं? शक्ति-आक्रामक और सुरक्षात्मक-संपत्ति और संख्या। जिसके पास तीनों का समंजित योग ज्यादा होगा उसका अयुक्तिवाद जीत जाएगा। सच और झूठ की लड़ाई में सच के जीतने की संभावना कितनी भी क्षीण हो, रहती तो है। किंतु दो झूठ की लड़ाई में ज़्यादा शक्तिशाली झूठ जीत जाएगा। और ज्यादा शक्तिशाली झूठ प्रायः वही होता है जो ज्यादा बड़ा झूठ होता है। बिल्कुल सीधी बात है। तो विवेकवाद के आधार पर किसी मज़हब को सही या ग़लत ठहराने का क्या तुक?

जो जैसा है, वैसा है। विवेकवाद भी कहीं न कहीं लड़खड़ा ही जाता है। उसमें भी तो बहुत कुछ अस्तित्ववाद संबंधी मानकर चलना पड़ता है। विवेकवादी को सदा यह कहने को तत्पर रहना पड़ता है-इसके बारे में फ़िलहाल मैं कुछ नहीं जानता क्योंकि सर्वगम्य रूप से, निश्चित तौर पर अभी कुछ भी ज्ञात नहीं है। जब सर्वगम्य और सुनिश्चित रूप से ज्ञात हो जाएगा, बता दूंगा। जो अभी इस तरह ज्ञात नहीं है, वह आगे ज्ञात हो भी सकता है, नहीं भी हो सकता। लेकिन अज्ञात के साथ भी ठाट से जिया जा सकता है। तो विवेकवादी नास्तिक नहीं हो सकता। नास्तिक होना और उसे घोषित करना या तो दंभ का परिचायक होता है, या व्यापक परिप्रेक्ष्य की उपेक्षा का द्योतक। अस्तु, विवेकवादी नास्तिक के बजाय तत्वतः अज्ञेयवादी होने के लिए नियतिबद्ध है।

## सोशल फोरम

# कहानी त्रेतायुग से जुड़ी है



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

उन दिनों चोरी के लिए मृत्युदंड का विधान था। हमारे गांव में तो आज भी ताला लगाने का रिवाज कम ही है। फैले खेतों से आलू मूली या फल चुराने की कुछ घटनाएं होती हैंलेकिन घर फिलहाल डौणूं में सुरक्षित ही मिलते हैं। राजा सुरथ के राजमहल में ब्राह्म मूहुर्त में चोरों ने करामात दिखा दी लेकिन जाग हो जाने से पहरेदारों ने चोरों का पीछा शुरू कर दिया। झिटपुट अंधेरे में तो चोर भागते रहे लेकिन ज्यों ही प्रकाश का प्रभाव हुआ वे महामुनि मांडव्य के आश्रम में छुप गए।

माण्डव्य उस समय अष्टांग योग की आठवीं स्थिति अर्थात समाधि लगाए बैठे थे। पहरे दारों ने चोरों को खोज निकाला और यह समझ कर कि मुनि इन चोरों का मुखिया है समाधिस्थ ही उठा ले गए। चोरों को एक-एक करके शूली पर चढ़ा दिया गया। माण्डव्य की समाधि (बंध) यथावत ही रहा और शूली उनके अपामार्ग में किंचित मात्र घुस तो गई लेकिन शरीर छेदन नहीं कर पाई। दंडाधिकारियों को समझ में नहीं आया तो राजा को बुलाया और राजा समझ गए कि अनर्थ हो गया आनन-फानन में त्रृषि के शरीर को शूली से उतारने का उपक्रम किया गया लेकिन शूली की नोंक नहीं निकल सकी और उसे काट दिया गया। समाधि अवस्था समाप्त होने के बाद जब मुनि जागे तो राजा ने पैर पकड़कर क्षमा मांगी और पूरा प्रसंग बताया। त्रृषि ने कहा राजन दोष तुम्हारा नहीं है इसलिए क्षमा करता हूं लेकिन धर्मराज से पूछूंगा कि यह नोंक घुसी रहने का दंड क्यों? प्राण त्याग कर जब धर्म राज के पास पहुंचे तो वहीं प्रश्न। धर्मराज ने कहा कि बाल्यकाल में आप छोटे पतंगों के शरीर में कांटा चुभाकर छोड़ दिया करते थे इसलिए यह दंड देना पड़ा।'बाल्यकाल में पाप पुण्य की जानकारी न होने पर किए गए कार्य का इतना कठोर दंड देकर आपने क्षुद्रबुद्धि का कार्य किया है, इसलिए आप शूद्र बनकर मृत्यु लोक में स्थान प्राप्त करोगे'। आगे की कहानी लंबी है। द्वापर युग में धर्मराज को जन्म लेना पड़ा। इस कलियुग में जो आईएएस अधिकारी समाधि लगाए बैठे रहते हैं उनको ध्यान रखना चाहिए कि उनके आश्रम में चोरों का शरणस्थल तो नहीं बन गया है ताकि दंड का भागी न होना पड़े।

-फेसबुक वॉल से

# लखनऊ की सुधि कब



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

> वाल्मीकि रामायण में लक्ष्मण जी को राम के 'बाहर विचरते हुए प्राण' कहा गया है, और गोस्वामी तुलसीदास ने उनके लिए कहा है, "रघुपति कीरति विमल पताका। दण्ड समान भयउ जस जाका"।। वहां मंदिर भी है, जिसमें अब पूजा भी बंद है और एक कुंवा, जिसका संबंध पाताल से बताया जाता है, क्योंकि लक्ष्मण जी शेषावतार थे, जिनका मूलस्थान पातालपुरी है।

इन दिनों प्रकट कारणों वश मुग़ल काल में बनाई गई कतिपय मस्जिदों को हटाकर वहां स्थित हिंदू पवित्र स्थलों को मुक्त कराने का अभियान चल रहा है। इस क्रम में अयोध्या खूब खबरों में रहा और अभी रक्खा जायगा, जहां बाबरी मस्जिद ध्वंस तो बहुत पहले ही हो चुका था, किंतु मंदिर बनाने का मार्ग सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कुछ वर्ष पूर्व ही प्रशस्त किया गया। अब मंदिर निर्माणाधीन है, किंतु गर्भ गृह में मूर्ति स्थापन और प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की संपन्नता हो चुकी है। आगे के भाजपाई एजेंडे में मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि और काशी के बाबा विश्वनाथ मंदिर से सटे इस्लामिक स्थापत्यों का हटाया जाना शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाभारत काल में पांडवों ने कौरवों से पांच गांव ही मांगे थे,किंतु कौरव 'सुई की नोक बराबर' भी भूमि उन्हें देने को तैयार नहीं हुए, तब महाभारत हुआ था। उनकी (भाजपा की) तो मांग केवल तीन स्थलों की ही थी, जिनमें एक वाया अदालत मिल पाया, अब दो बाकी हैं। यदि ये न मिले तो महाभारत होगा। अर्थात् अब केवल मथुरा और काशी बाकी है।

इस प्रसंग में मुझे यह कहना है कि मांग इतनी सीमित क्यों है? फिलहाल मैं लखनऊ को इसमें शामिल करने पर जोर दे रहा हूं, जहां राम के अनुज और सदा साथ रहे लक्ष्मण जी के महल के ध्वंसावशेषों पर औरंगज़ेब ने मस्जिद बनवाई। वाल्मीकि रामायण में लक्ष्मण जी को राम के 'बाहर विचरते हुए प्राण' कहा गया है, और गोस्वामी तुलसीदास ने उनके लिए कहा है, "रघुपति कीरति विमल पताका। दण्ड समान भयउ जस जाका"।। वहां मंदिर भी है, जिसमें अब पूजा भी बंद है और एक कुंवा, जिसका संबंध पाताल से बताया जाता है, क्योंकि लक्ष्मण जी शेषावतार थे, जिनका मूलस्थान पातालपुरी है। कहा जाता है कि एक मंदिर वर्तमान मस्जिद के अंदर भी था, जिसे तोड़ा गया था। निकट ही सूर्यकुंड है, जो इस बात का पुष्ट प्रमाण है कि यह स्थान सूर्यवंशी राजावों की पीठिका रहा है। मालूम हो की श्रीराम सूर्यवंशी ही थे। इस टीले का नाम लक्ष्मण टीला आदि से ही विख्यात है, जिसका विस्तार मेडिकल कालेज और बिरहाना तक था। कथित सेकुलर सरकारों ने इसकी पुरातात्विक खुदाई नहीं करवाई, लेकिन अब तो राम वाली ही सरकार है। न तो लक्ष्मण का महत्व कम है और न लखनऊ का। मुस्लिम लेखक भी इस टीले की संबद्धता लक्ष्मण से बताते हैं। अब्दुल हलीम शरर कहते हैं 'उस टीले पर एक गहरा गार या कुंवा था, जिसकी किसी को थाह न मिलती थी, और लोगों में मशहूर था कि यह शेषनाग तक चला गया है। इस ख़याल ने जज़बाते अकीदत को हरक़त दी और हिंदू लोग खुश एतिदाती से आ आकर इसमें फूल पानी डालने लगे"(गुजश्तः लखनऊ-पेज 28)। ऐसा होते हुए भी राजधानी की सुधि न लेना तो चिराग़ तले अंधेरा है। नगरों और स्थानों के नाम परिवर्तन श्रृखला में भी यह नगर उपेक्षित रहा। कई वर्ष पूर्व जब मंत्री और गवर्नर रहे, भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व.लालजी टण्डन की पुस्तक 'अनकहा लखनऊ' प्रकाशित हुई थी, तब कुछ आस बंधी थी कि अब नगर का नाम भी बदलेगा और लक्ष्मण टीला मस्जिद मुक्त होगा तथा यहां बने मंदिर और हिंदू धर्म प्रतीकों का जीर्णोद्धार होकर पूजा अर्चना प्रारंभ होगी, किंतु निराशा ही हाथ लगी। अब इस पर ध्यान दिया जाएगा।

# बिंब और भाषा

कोई संदेह नहीं कि चिंतन एक आंतरिक प्रक्रिया है परंतु यह भी सही है कि जिन बिंबों की भाषा से यह प्रक्रिया चलती है, वे बिंब बाह्य परिवेश में प्राप्त होते हैं। मनुष्य जिस परिवेश में रहता है, उसका बिंब उसके मन पर अंकित हो जाता है। दूसरे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि मनुष्य बाह्य परिवेश को संवेदना शक्ति के द्वारा (पंच ज्ञानेन्द्रिय और मन के द्वारा :देखकर, सुनकर, सूंघकर, चखकर, छूकर तथा अनुभव करके) आंतरिक बना लेता है। इस प्रकार वह परिवेश स्मृति के द्वारा मनुष्य की चेतना का अंग और अंश बन जाता है। जिस प्रकार जलाशय के तट पर स्थित वृक्ष-आदि का बिंब जलाशय में दृश्यमान होकर जलाशय का अंग और अंश बन जाता है, उसी प्रकार मनुष्य अपने चारों ओर के संसार को जो चित्र मन में बनाता है, वह उसका आधारभूत ज्ञान या अनुभव होता है। आधारभूत इसलिए कि मनुष्य जब भी कोई नया अनुभव करेगा, तो वह पूर्व-अर्जित-अनुभव, उस नए अनुभव का माध्यम बनेगा। उदाहरण के लिए बालक ने गरम दूध पिया तो उसका मुंह और जीभ झुलस गए, यह उसका आधारभूत-अनुभव हुआ। इसके बाद कभी किसी दिन उसे मठा (छाछ) दी गई, तो उसका दूध पीने का आधारभूत-अनुभव स्मृति के द्वारा सजीव हो गया। कहावत है कि 'दूध का जला छाछ को फूंक- फूंककर पीता है।' जब उसे दूध और छाछ का अंतर ज्ञात हो गया तो यह उसका नया ज्ञान हुआ। इस प्रकार पूर्वार्जित बिंब आगे के चिंतन और ज्ञान का माध्यम बन जाता है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

## एक नजर

### आरपीएसएफ जवान ने बचाई महिला की जान

**प्रयागराज,अमृत विचार :** प्रयागराज स्टेशन के प्लेटफार्म पर आरपीएसएफ जवान की तत्परता से एक महिला यात्री की जान बच गई। गाड़ी संख्या 20403 एक नंबर प्लेटफार्म पर आई चलती गाड़ी पर चढ़ने के प्रयास में एक महिला रंजू कुमारी पुत्री स्वर्गीय राम निवासी अशोक नगर, दुर्गा पूजा पार्क प्रयागराज अनियंत्रित होकर लाइन की तरफ गिर गई। वह गाड़ी के नीचे जा रही थी कि आरपीएसएफ जवान श्यामधर मौर्य थर्ड बटालियन डी कंपनी लखनऊ द्वारा माघ मेला बंदोबस्त ड्यूटी के दौरान बहुत ही फुर्ती से उक्त महिला को पकड़ कर बाहर खींच लिया। इससे उसकी जान बच गई।

### एमबीबीएस परीक्षा में नकल करते धरे गए दो छात्र

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्नातक एव एमबीबीएस भाग-दो की परीक्षा में 11 हजार 355 परीक्षार्थी रहे। जिनमें 173 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज में एमबीबीएस प्रोफेशनल भाग-दो के जनरल सर्जरी के प्रश्न-पत्र में सचलदल ने दो छात्रों को अनुचित साधन का प्रयोग करते पकड़ा गया।

# विश्व के लिए सौभाग्य की बात भव्य राममंदिर: केजरीवाल

## दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्री ने परिवार के साथ किये रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पूरे विश्व, देश और समाज के लिए सौभाग्य की बात है कि रामलला का इतना भव्य और सुंदर मंदिर बनकर तैयार हुआ है। आज रामलला के दर्शन कर असीम शांति की अनुभूति हुई। इसका शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता है। ये बातें सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहीं।

वो अपनी पत्नी, माता-पिता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, उनकी पत्नी व माँ के साथ श्रीराम के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। आराध्य के दर्शन कर अभिभूत दिखे केजरीवाल ने कहा कि यहां रोज दर्शन करने आ रहे लाखों रामभक्तों को देखकर दिल गदगद हो गया। आज मैं ने भी सुख, शांति और देश की तरक्की की प्रार्थना की है।

इससे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार दोपहर करीब 1:50 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिल राम मंदिर के लिए रवाना हो गया। राम मंदिर पहुंचे दोनों मुख्यमंत्रियों के काफिले को वीवीआईपी गेट नंबर 11 से मंदिर में प्रवेश कराया गया। दोनों मुख्यमंत्रियों ने अपने-अपने परिवार के साथ रामलला का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने श्रीराम जन्मभमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल से मंदिर निर्माण को लेकर विस्तार से जानकारी भी ली। यहां करीब एक घंटे बिताने के दौरान सभी ने परिसर में फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान आप आदमी पार्टी के नेता सभाजीत सिंह भी मौजूद रहे।



श्रीराम जन्मभूमि परिसर में परिवार के साथ मौजूद दिल्ली व पंजाब के मुख्यमंत्री व साथ में ट्रस्ट महासचिव। अमृत विचार

**बोले- रामलला का दर्शन कर हुई असीम शांति की अनुभूति, भक्तों की आस्था देख दिल गदगद हो गया**

### एयरपोर्ट पर पार्टी के कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत

रामनगरी पहुंचे दिल्ली व पंजाब के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व भगवंत मान का यहां एयरपोर्ट पर जिलाध्यक्ष अनिल कुमार प्रजापति के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर अयोध्या प्रभारी संजीव निगम, महानगर अध्यक्ष कुलभूषण साहू, जिला उपाध्यक्ष सूरज प्रधान, शुभम श्रीवास्तव, महासचिव सुनील मौर्य, संदीप पटेल आदि मौजूद रहे।

### रामलला का दर्शन कर मन आह्लादित हो गया : भगवंत मान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि लंबे समय से यहां आने की इच्छा थी, जो आज पूरी हुई। परिवार के साथ रामलला का दर्शन मन अह्लादिल हो गया। यहां आकर बहुत अच्छा लगा। रामलला से एक ही प्रार्थना की है कि सभी लोग खुश रहें। आपस में भाईचार बना रहे और देश की तरक्की हो। उन्होंने कहा कि भारत धार्मिक आस्था वाला देश है। यहां कोई पर्व और त्योहार जब मनाया जाता है तो हम लोक एकत्र होकर उसे मनाते हैं। भारत एक गुलदस्ता है और गुलदस्ते के अलग-अलग रंग हैं।फल-फूल की अपनी सुगंध है।

## सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने किया रामलला का दर्शन-पूजन



एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव

**अयोध्या, अमृत विचार:** आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने सोमवार को यहां पहुंच रामलला का दर्शन-पूजन किया। दर्शन के उपरांत उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के बाद यह दिन आया है। कहा कि राम भूतकाल के प्रारूप है और भविष्य के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि मुझे यहां आने का अवसर मिला। रामनगरी पहुंचे आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव का महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्हें वीवीआईपी गेट नंबर 11 से जन्मभूमि परिसर में प्रवेश कराया गया। जहां श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने उनका अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। उन्हें मंदिर के दक्षिण द्वार मंदिर के गर्भगृह में ले जाया गया, जहां उन्होंने रामलला का दर्शन-पूजन किया।

# सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित : नितिन अग्रवाल




प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, सांसद, विधायक के साथ नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में सम्मानित की गई महिलाएं। अमृत विचार

संवाददाता, प्रतापगढ़

**कार्यक्रम**

**▸▸ प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने भाजपा के संसदीय चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन**

**अमृत विचार :** प्रदेश के आबकारी व प्रतापगढ़ के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने सोमवार को मीरा भवन के लीला पैलेस में भाजपा के संसदीय चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि रामलला के दर्शन करने को अयोध्या जाने का जो बायकाट कर रहे हैं, उनको रामलला ने दर्शन देने को बुलाया ही नहीं। राम तो हम सबके आराध्य हैं। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के आमंत्रण पर विधायकों व मंत्रियों ने वहां जाकर मत्था टेका। प्रभारी मंत्री ने दावा किया लोकसभा चुनाव में अबकी बार-400 पार का पार्टी का नारा जनता चरितार्थ करेगी। मंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूपी आने वाले हैं। वह 10 लाख करोड़ के निवेश की शुरुआत करेंगे। इससे उद्योग लगेंगे, लोगों को काम मिलेगा। इसमें प्रतापगढ़ को भी लाभ होगा। भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त समृद्धिशाली व आत्मनिर्भर बनाया है। सरकार की योजनाओं से महिलाओं के सपने को पंख मिल रहे हैं। सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। सरकार की तमाम योजनाओं ने महिलाओं को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। मंत्री ने इसके पूर्व डाक बंगले में अधिकारियों संग बैठक करके जिले के विकास पर चर्चा की। कार्यक्रम को जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल, सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक राजेन्द्र मौर्य, जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव, लोकसभा प्रभारी सुशील उपाध्याय ने भी सम्बोधित किया। शक्ति वंदन अभियान के जिला संयोजक सतीश चौरसिया ने प्रस्तावना रखते हुए अभियान की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के संयोजक अनुराग मिश्र ने संचालन किया। पूर्व विधायक लक्ष्मीकांत पांडेय गुरुजी,पूर्व जिलाध्यक्ष ओपी त्रिपाठी, केके सिंह, प्रतिभा सिंह, सिंधुजा मिश्रा सेनानी, रुचि केसरवानी, जिला प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल, जिला मंत्री रामजी मिश्र, साधु दुबे, विवेक उपाध्याय, अभिषेक पांडेय, गुड्डू पांडेय, पिंकी दयाल, विनीत त्रिपाठी, अजय वर्मा समेत पार्टी कार्यकर्ता रहे।

# ट्रकों की टक्कर में लाखों की अवैध शराब बरामद

संवाददाता, कुण्डा प्रतापगढ़



**▸▸ ट्रक से पंजाब से बिहार ले जायी जा रही थी 420 पेटी शराब**

**अमृत विचार :** पंजाब से ट्रक पर लकड़ी का बुरादा लाद कर पंजाब जा रही एक ट्रक रविवार की रात करीब 11 बजे प्रयागराज लखनऊ हाईवे पर कुंडा कोतवाली के पुराने बाबूगंज बाईपास के पास सामने से आ रही ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें लकड़ी का बुरादा लदा ट्रक अनियंत्रित होकर बाईपास पर पलट गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो पलटे हुई ट्रक के अंदर बुरादे की आड़ में अवैध रूप से रखी शराब दिखाई दिया।

पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कुंडा में भर्ती कराया। साथ ही ट्रक में मिले लाखों के शराब को अपने कब्जे में ले लिया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने ट्रक चालक को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया। जबकि परिचालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। शराब लदी ट्रक चालक सुखबीर सिंह पुत्र गुरचरण सिंह, खलासी गुरबीर सिंह पुत्र अनोखा पंजाब राज्य के पटियाला का है। दूसरी ट्रक का चालक अरुण यादव, खलासी जगदीश यादव कोतवाली नगर प्रतापगढ़ के रहने वाले थे। शराब ट्रक चालक को कुंडा सीएचसी से प्रयागराज रेफर कर दिया गया। खलासी गुरबीर सिंह को पुलिस हिरासत में लेकर कुंडा थाने ले आई। पुलिस को पूछताछ में बताया कि यह इम्पीरियल ब्लू शराब है, जो पंजाब से बिहार जा रही थी। हमें इस शराब को बिहार भेजना था। कुण्डा कोतवाल कमलेश पाल ने बताया 420 पेटी शराब बरामद हुई है। चालक और खलासी के अलावा ट्रक मालिक के खिलाफ भी मुकदमा लिखा गया है।

## सार-संक्षेप

### इविवि में उपद्रवी छात्रों की पहचान कर दर्ज होगा केस

**प्रयागराज। अमृत विचार :** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में एसएसएल हॉस्टल के छात्र रहे अभिषेक गुप्ता का मामला अभी थमा नही है। छात्र को न्याय दिलाने को लेकर किया जा रहा आंदोलन अभी भी जाति है। सोमवार को परिसर हाल का मुख्य गेट बंद कर उपद्रव करने वाले छात्रों की विवि प्रशासन पहचान कराने में जुटा हुआ है। जिन्हें चिन्हित भी किया जा चुका है। ऐसे में अब उन छात्रों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराने के साथ उन्हें निष्कासित भी किया जायेगा। सोमवार को इविवि के चीफ प्रॉक्टर डॉ. राकेश सिंह ने एक नोटिस जारी करते हुए में छात्रों से अपील किया है कि परिसर में उपद्रव करने वाले अराजकतत्वों के भकावे में न पड़ें। सभी छात्र अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें। विश्वविद्यालय में गेट को बंद करने और हंगामा करने वाले छात्रों को चिन्हित किया जा चुका है। उपद्रव करने वाले छात्रों की पहचान हो रही है। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ उन्हें विवि से निष्कासित किया जायेगा। चीफ प्रॉक्टर के मुताबिक छात्रावासों में रहने वाले पुरा छात्र उपद्रव में शामिल होकर हंगामा किया थे। जिनकी पहचान कराई गयी है। अब इनके खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है। इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्जा कराया जायेगा और इन्हें दी गयी डिग्री इनसे वापस ले ली जाएगी।

### शुआट्स शिक्षकों व कर्मचारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**प्रयागराज, नैनी। अमृत विचार :** सैम हिंग्गिन बॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) में अपने वेतन को लेकर आंदोलन कर रहे दर्जनों शिक्षक, कर्मचारी व सिक्योरिटी गार्ड ने सोमवार को संगम सभागार में डीएम से मिलने पहुंचे। जहां कर्मचारियों ने अपनी 22 सूत्रीय मांग और वेतन का भुगतान कराने की मांग की। वहीं इस मामले में डीएम आदेश पर शुआट्स कॉलेज पहुंचकर जांच कराने का आश्वाशन दिया है। सोमवार को दर्जनों की संख्या में शिक्षक, कर्मचारी, सिक्योरिटी गार्ड जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत सिंह चहल से मिलने पहुंचे वहां उन्होंने जिलाधिकारी से 22 सूत्रीय मांगों को रखा। जिसमे प्रमुख रूप से शुआट्स विश्वविद्यालय मे ग्रांट-इन-ऐड पटी पर कार्यरत उन शिक्षकों एवं अधिकारियों का रिकॉर्ड मंगवाएं जिनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज हुए थे, मुकदमे कायम हुए थे और जिनके विरुद्ध अरेस्ट एवं सर्च वारंट निकले थे। इनके जेल में बिताए हुए समय का भी रिकॉर्ड मंगवाएं। तत्पश्चात उनके रिकॉर्ड से जॉइंट डायरेक्टर एग्रीकल्चर के रिकॉर्ड से यह जांच करें की, क्या इन शिक्षकों एवं अधिकारियों को फरारी एवं जेल के दिनों का वेतन दिया गया है। इसके साथ ही अन्य सभी मांगो को लेकर जिलाधिकारी को एक पत्र दिया गया। जिसपर जिलाधिकारी ने टीम भेजकर जल्द से जल्द मामले की जांच कराने का आश्वाशन दिया है।

### औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा

**नैनी, प्रयागराज। अमृत विचार :** थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से संबंधित दो अभियुक्तों को 36 घण्टे के अंदर गिरफ्तार उनके कब्जे से चोरी के दो जोड़ी बिछिया, एक लाकेट व नकद बरामद किया गया। थाना औद्योगिक क्षेत्र में स्थित चकपूरे खुर्द मिया का पूरा निवासी नारायण गिरि के घर शनिवार देर रात घुसे बदमाशों ने असलहों के बल पर घर में रखे नगदी और जेवर उठा ले गए थे। वारदात के दौरान नारायण और उनकी पत्नी की नींद भी खुल गई थी। उनकी पत्नी के पर का पायल भी उतार लिया था। मामले में भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में पुलिस ने उसके गांव के ही लाला पटेल उर्फ शिवम पटेल पुत्र लाल प्रताप एवं रोहन बिन्द पुत्र अभयराज बिन्द को थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने सोमवार को 36 घण्टे के अंदर भरौहा रेलवे पुलिया के पास थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त लाला पटेल उर्फ शिवम पटेल उपरोक्त के कब्जे से चोरी किये गये 1950 रूपये नकद व अभियुक्त रोहन बिन्द उपरोक्त के कब्जे से चोरी किये गये 2000 रूपये नकद तथा अभियुक्तो की निशादेही पर ग्राम मिया का पुरा स्थित तालाब के पास बने टीन शेड खण्डहर से चोरी किये गये दो जोड़ी बिछिया एक लाकेट बरामद किया गया।

### ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना अंतर्गत सोहावल स्टेशन से पश्चिम ठेऊंगा दुनिया का पुरवा के सामने क्रासिंग के निकट सोमवार सुबह ट्रेन की चपेट मे आने से अज्ञात वृद्ध की मौत हो गई। स्टेशन अधीक्षक द्वारा घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। स्टेशन अधीक्षक एस के दूबे ने बताया कि सोमवार सुबह छपरा से लखनऊ की ओर जा रही ट्रेन संख्या 5053 के चालक द्वारा वृद्ध के ट्रेन से टकराने की सूचना दी गयी थी। रौनाही थाना प्रभारी पंकज सिंह को सूचित किया गया। क्षेत्रीय उपनिरीक्षक हरे कृष्णा ने बताया जामा तलाशी मे पहचान संबंधित कोई कागजात नही मिला। मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति की सेवा से होगा सपना साकार

**प्रयागराज। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं दिव्य प्रेम सेवा मिशन, हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्रद्धा सुमन दिवस के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय एवं राष्ट्र उन्नयन विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी सह- व्याख्यान का आयोजन सोमवार को तिलक सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता दिव्य प्रेम सेवा मिशन, हरिद्वार के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय का सपना तभी साकार होगा जब समाज में सबसे निचले एवं अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का सम्मान होगा। उन्होंने बताया कि दिव्य प्रेम सेवा मिशन विगत 27 वर्षों से कुष्ठ रोगियों की सेवा के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सभी के जीवन मे दैहिक, दैविक और भौतिक ताप होता है। हुनर युक्त लोग ही इस त्रिताप को दूर करके समाज की भलाई में अपना योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद को अपने जीवन में उतारें। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल अत्यंत सादगी पसंद थे। इसके पूर्व सहायक आचार्य निकेत सिंह ने स्वागत गीत तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ संजय कुमार सिंह, निदेशक पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ ने विषय प्रवर्तन एवम वाचिक स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिनेश कुमार सिंह, आयोजन सचिव एवम उप निदेशक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कर्नल विनय कुमार, कुलसचिव ने किया। समापन राष्ट्रगान से किया गया।

# अलग-अलग स्थानों पर युवक व युवती ने दी जान

संवाददाता, कुण्डा प्रतापगढ़

**अप्रिय कदम**

**अमृत विचार :** हथिगवां क्षेत्र में युवक व बाघराय में एक युवती ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हथिगंवा थाना क्षेत्र के पूरे महिपाल सिंह का पुरवा निवासी अमृतलाल विश्वकर्मा उर्फ अमीरे (30) ने डेढ़ साल पहले अपनी पत्नी गुड़िया देवी की शराब पीने के बाद पिटाई कर दी थी। इसके बाद गुड़िया, सात साल की बेटी व पांच साल के बेटे के साथ मायके बाघराय के लंगड़ा का पुरवा में रहने लगी। ग्रामीणों के अनुसार अमृतलाल ज्यादातर शराब के नशे में रहता था। रविवार रात उसने घर के सामने नीम के सूखे पेड़ में पत्नी की साड़ी से गले में फंदा लगा लिया। सोमवार सुबह लोगों ने उसका शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर बच्चों के साथ पहुंची पत्नी शव देखते ही बेहाल हो गई। वहीं जमलामऊ बाघराय के रामनरेश पांडेय पीएसी में फॉलोअर है। उनकी तैनाती लखीमपुर खीरी में है। बेटी श्वेता पांडेय उर्फ मोनू (20) ने रविवार रात कमरे के पंखे में दुपट्टे से गले में फंदा लगा लिया। सोमवार सुबह सौतेली मां ममता पांडेय उसे जगाने लगी। श्वेता के कमरे का दरवाजा बंद मिला और कोई आवाज नहीं आई तो पति रामनरेश को फोन कर जानकारी दी। सूचना पर एसओ निकेत भरद्वाज पहुंचे और दरवाजा खुलवाया तो उसका शव पंखे में दुपट्टे से लटक रहा था। उन्होंने शव उतरावा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। एसओ ने बताया कि तहरीर मिलेगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



### शुभकामनाओं के साथ छात्र-छात्राओं को दी विदाई

**संवाददाता, शिवगढ़ प्रतापगढ़। अमृत विचार :** जनता इंटर कालेज जगनीपुर शिवगढ़ में सोमवार को दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों को जूनियर विद्यार्थियों द्वारा विदाई दी गयी। प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह ने छात्र – छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा का ध्येय चरित्र निर्माण है। विद्यालय प्रतिभा निखारने का मंच है। मेरे बच्चों आप विद्यालय से विदा हो रहे हो मेरे मन से नहीं। इस अवसर पर अशोक कुमार, ब्रह्मदत्त तिवारी,मगदूम सोनी,जय शंकर,पुष्पा सिंह,महेंद्र सिंह, चन्द्रभान,राम आसरे,राजबहादुर सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# रोजगार मेला संपन्न, नियुक्ति पत्र पाकर उम्मीदवारों के खिले चेहरे

**संवाददाता, थरवई, प्रयागराज। अमृत विचार :** माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1 लाख से अधिक सफल उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से देश के प्रमुख स्थानों पर रोजगार मेला का आयोजन कर नियुक्ति पत्र सौंपा। इसी क्रम में ग्रुप केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल प्रयागराज में 12वीं रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेला में डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडे केंद्रीय मंत्री भारी उद्योग भारत सरकार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उनके द्वारा केंद्रीय सशस्त्र बलों के सैनिक 520 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र दिया गया। जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल दिल्ली पुलिस सीमा सुरक्षा बल जनजाति कार्यालय मंत्रालय सशस्त्र सीमा बल केंद्रीय प्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के अभ्यर्थी शामिल थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए उनके द्वारा देश की युवा पीढ़ी को रोजगार प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने नवनियुक्त उम्मीदवारों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें राष्ट्र के प्रति सत्य निष्ठा सेवा एवं समर्पण की भावना के साथ अपने नए दायित्वों के निर्वहन करने का संकल्प लेने को कहा। मुख्य अतिथि डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडे ने ग्रुप केंद्र प्रयागराज के पुलिस उपमहा निरीक्षक समस्त अधिकारियों एवं जवानों को रोजगार मेला के आयोजन की प्रशंसा गई।

## माफिया अशरफ की बीवी जैनब के मकान को गिराने की तैयारी

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार:** माफिया अशरफ की पत्नी के मकान के साथ तीन अन्य मकानों पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण का बल्डोजर चलने की तैयारी है। पुरामफ्ती में बने बफबोर्ड की जमीन पर बने आलीशान मकान में माफिया अतीक के भाई अशरफ की बीवी जैनब फातिमा रह रही थी। जिस मकान को प्लविकास प्राधिकरण ने पुलिस टीम के साथ कुर्क किया था। इस आलीशान मकान के साथ अन्य तीन मकानों को भी ध्वस्त किया जाएगा। इसकी तैयारी की जा रही है। मालूम हो कि माफिया अतीक अहमद के भाई खालिद अजीम उर्फ़ अशरफ ने बफ़बोर्ड की जमीन पर कब्जा करके अवैध तरीके से एक आलीशान बंगला बनवाया था। जिसमें अशरफ की बीवी जैनब फातिमा रहती थी। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार चल रही जैनब के इस मकान को सील किया गया था। जिसके बाद से इस मकान के साथ अन्य तीन मकानों को भी पीडीए ने चिन्हित किया है। अब इन सभी मकानों को प्रयागराज विकास प्राधिकरण बल्डोजर चलाकर ध्वस्त कराएगा। विकास प्राधिकरण की तरफ से इन मकानो को गिराने की तैयारी की जा रही है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 195 जोड़े बने हमसफर

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जिले के 10 ब्लाकों में सोमवार को सामूहिक विवाह आयोजित किया गया। कुल 195 जोड़े एक दूजे के हुए।

रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक सभागार में सोमवार को 12 जोड़े एक दूजे हुए। लालगंज में 12 और सांगीपुर ब्लाक में 09 जोड़े हमसफर बने। नवयुगल जोड़ों को शासन की तरफ से गिफ्ट व 35 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। बीडीओ तथा एडीओ पंचायत प्रवीण कुमार ने वैवाहिक जोड़ों को विवाह का प्रमाण पत्र देकर उन्हें सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का आयोजन बीडीओ अश्विनी कुमार सोनकर ने किया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण महेन्द्र कुमार, एमडी सरोज, विकास यादव, विवेक कौलिक, राजेश गुप्ता, सरिता पाण्डेय, राकेश सिंह, प्रमोद पटेल, रूपनाथ पटेल, रेशमलाल जायसवाल, धीरज सिंह, मिथलेश सिंह आदि मौजूद रहे। इसी तरह गौरा ब्लाक में 28,शिवगढ़ में 14,बाबा बेलखरनाथ धाम ब्लाक में 25, सदर और पट्टी ब्लाक में 07 - 07,आसपुर देवसरा में 32, लक्ष्मणपुर में 49 जोड़े एक दूजे के हुए।




बाबा बेलखरनाथ धाम ब्लाक में नवविवाहित जोड़े को उपहार देते सदर विधायक राजेंद्र मौर्य के प्रतिनिधि अरुण मौर्य व बीडीओ राजीव पांडेय। अमृत विचार

## लापता दुकानदार घर पहुंचा अगवा करने का लगाया आरोप

**मानिकपुर प्रतापगढ़। अमृत विचार :** निमंत्रण से घर लौट रहे दुकानदार के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने पर पुलिस केस दर्ज कर खोजबीन कर रही थी। रविवार रात युवक घर लौटा तो उसके अगवा करने की बात को पुलिस सन्दिग्ध बता रही है। मानिकपुर थाना क्षेत्र के गुड़ियापर डंडौली गांव निवासी महेन्द्र कुमार द्विवेदी की भड़चक गांव के पास चाय नाश्ते की दुकान है। शनिवार रात वह दुकान बंद करने के बाद समापुर गांव में आयोजित शादी समारोह में गया। वहां से लौटते समय घर से करीब एक किमी पहले वह संदिग्ध दशा में गायब हो गया। भाई सुरेन्द्र की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पड़ताल शुरू की। रविवार रात वह घायलावस्था में पहुंचा। घर वालों को बताया कि उसे कार सवार लोग अगवा कर कहीं रखे थे उसे मारा पीटा गया। इससे वह दहशत में है। रात में आंखों में पट्टी बांध कर बाइक से घर से पहले बाग में छोड़ गए। भाई के अनुसार अभी महेंद्र बहुत अधिक बोलने की स्थित में नहीं है। प्रभारी निरीक्षक जयचंद भारती ने बताया कि अगवा करने की बात प्रथम दृष्टया संदिग्ध लग रही है। मामले की जांच कर सही खुलासा किया जाएगा।

## एक नजर

### 14 फरवरी को कादूनाला-थौरी मार्ग रहेगा बंद

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** कादूनाला थौरी मार्ग पर संकरे और क्षतिग्रस्त लघु सेतु के स्थान पर 3 गुणे 7 मी. आरसीसी लघु सेतु का निर्माण स्वीकृत हुआ है। पुल के निर्माण के लिए अधिशासी अभियंता इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि 14 फरवरी को आवागमन बंद रहेगा। अधिशासी अभियंता ने इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक को भी पत्र भेजा है। कादूनाला-थौरी मार्ग पर किमी एक पर लघु सेतु क्षतिग्रस्त है। दोनों तरफ वन विभाग का संरक्षित क्षेत्र होने के कारण डायवर्जन सम्भव नहीं है। रेलवे अंडर पास से किमी 1.250 तक कोई आबादी नहीं है। अधिशासी अभियंता ने कहा है कि मुसाफिरखाना की ओर से आने वाले वाहन, मुसाफिरखाना से दादरा रोड होते हुए पलिया, पूरे पहलवान चौराहा, गौतमपुर, गाजनपुर दुअरिया होते हुए नेवादा से दाहिने मुड़कर कादूनाला की ओर से जा सकते हैं। मुसाफिर खाना से थौरी वारिसगंज, रानी गंज होते हुए थौरी जा सकते हैं।

### अज्ञात युवती का शव बरामद

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** सोमवार के8 शाम कोतवाली क्षेत्र के रसूलाबाद गांव स्थित जंगल में 18 वर्षीय युवती का शव पड़ा मिला। मृतक युवती नीले रंग का सूट, पीला सलवार, सफेद रंग दुपट्टा लाल स्वेटर नाक कान में पीले धातु का एवं सफेद रंग का पायल पहने हुए हैं। ग्राम प्रधान व ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराकर अज्ञात शव की शिनाख्त के लिए लाश को मर्चुरी में रखवा दिया गया है।

### कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को दे रहे जानकारी

**अमेठी।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वाधान में ग्राम पंचायत परिक्रमा यात्रा का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में इस दौरान किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना, कृषक दुर्घटना योजना, मृदा हेल्थ कार्ड समेत अन्य योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया और आगामी चुनाव की रणनीतियों को साझा किया गया। आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, गरिमामई उपस्थित भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष देव नारायण तिवारी, जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा घनश्याम चौराशिया, जिला महामंत्री सोनू सिंह, जिला महामंत्री सिद्धार्थ पासी, जिला महामंत्री महिला मोर्चा श्रीमती निमिषा त्रिपाठी व सभी जिला पदाधिकारी व सभी मंडल के सम्मानित मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### स्कूल का ताला तोड़ बच्चों का खाद्यान्न चुराया

**अमेठी।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत पेंडारा स्थित कम्पोजिट विद्यालय का ताला तोड़कर बेखौफ चोरों द्वारा एमडीएम योजना के खाद्यान्न सहित अन्य सामग्री पार कर दी गई है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय पेंडारा की प्रधानाध्यापिका पुष्पलता मिश्रा ने बताया कि सोमवार की सुबह जब हम विद्यालय पहुंची तो कमरों के साथ ही रसोई घर का ताला टूटा मिला और एमडीएम योजना के खाद्यान्न सहित अन्य तमाम सामग्री बेखौफ चोरों द्वारा पार कर दी गई है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पुष्पलता मिश्रा ने बताया कि स्थानीय पुलिस के साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी को उक्त घटना के बारे में अवगत करा दिया गया है और इसके पूर्व में भी विद्यालय में चोरी हो चुकी है। राष्टीय शैक्षिक महासंघ सिंहपुर के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार तिवारी ने क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में चोरी की वारदातों पर नाराजगी जाहिर की है। शिक्षक नेता सत्येंद्र कुमार तिवारी ने चोरी की वारदातों के बारे में पुलिस प्रशासन के साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया है।

# निजी नलकूप : सरकार की तरफ से माफ, बिजली विभाग थमा रहा बिल

## 31 मार्च 2023 तक एक मुश्त व अधिकतम 12 किस्तों में किसानों ने जमा किया था बकाया बिल

अमेठी

**अमृत विचार।** निजी नलकूपों का शत प्रतिशत बिजली बिल माफ किए जाने की बात सरकार कह रही है, लेकिन बिजली विभाग बिल थमा रहा है। इससे ऊहापोह की स्थित बनी है। इस बार बकाए पर ब्याज माफी की योजना में पंजीयन से किसान किनारा किये हुए थे।

बकाया बिजली के बिलों पर बीते महीने ब्याज माफी योजना चल रही थी। इसमें निजी नलकूप बकाएदार एक मुश्त जमा कर ब्याज पर पूरी छूट पा सकते थे। लेकिन पिछले वर्ष सरकार ने निजी नलकूपों पर खर्च होने वाली बिजली का बिल माफ करने की घोषणा इस शर्त पर की थी कि मार्च 2023 से पहले जो किसान अपना बिजली का बिल का भुगतान कर देगा, उन्हीं किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

योजना का लाभ लेने के लिए उस दौरान किसान लालायित हुए थे। सरकार ने भी तीन चरणों में बिजली का बिल बकाया जमा करने के लिए तीन चरणों में जमा करने का विकल्प दिया था। पहले चरण में 100 फीसदी, दूसरे चरण में 90 फीसदी व तीसरे चरण में किसानों को बिल जमा करने पर 80 फीसदी सर चार्ज माफ किया था। सरकार ने पंजीयन के बाद एक मुश्त व अधिकतम 12 किस्तों में बिल बकाया जमा करने का मौका भी दिया था। उस दौरान किसान हर जतन कर नलकूपों का बकाया बिल जमा कर दिया था। इधर किसान नलकूप का संपूर्ण बिल माफी की उम्मीद लगाए थे। हालांकि बिजली विभाग लगातार निजी नलकूप का बिल अभी भी थमा रहा है। साढ़े सात व 10 एचपी नलकूप वाले किसानों को 30 रुपये प्रति एचपी व एक रुपये प्रति यूनिट बिजली बिल की भरपाई करनी पड़ रही है। हालांकि नलकूप पर जनरेट बिल में 500 रुपये प्रति किसानों को सब्सिडी दी जा रही है।



ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने 13 नवंबर को जनप्रतिनिधियों को पत्र जारी कर 1 अप्रैल 2023 के बाद किसानों का बिजली बिल माफ होने की बात कही थी। जिक्र किया था कि 31 मार्च तक या उसके पहले के बाकी बिल पर ब्याज माफी योजना का लाभ मिलेगा। अब किसान ऊहापोह में हैं।

अप्रैल 2023 से निजी नलकूप का बिल नहीं देना है इससे संबंधित कोई जानकारी बिजली बिल पर भी अंकित नहीं है। इससे किसान परेशान हैं।



मौखिक कह रहे नहीं जमा करना है, पर बिल थमा रहे हैं, बिल पर भुगतान की जाने वाली राशि की जगह शून्य के बजाय बकाया धनराशि दर्ज है, बिल में बकायेदारी दिखने से संशय की स्थिति बनी है।

**किसान राम सिंह**



ऊर्जा मंत्री की ओर से जनप्रतिनिधियों को पत्र जारी कर अप्रैल से निजी नलकूप का बिल माफ होने की जानकारी दी गई थी। बिजली खर्च गणना के लिए नलकूपों में मीटर भी लगाया गया, फिर भी विभागीय स्तर पर बिल जारी हो रहा है।

**किसान रमेश कुमार सिंह**



ओटीएस में पंजीयन कराने के बाद बकाए बिल का भुगतान कर दिया था, लेकिन प्रतिमाह बिल मीटर में जनरेट यूनिट के हिसाब से बिल आ रहा है, हालांकि अब 500 रुपये सब्सिडी मिल रही हैं, घोषणा के बाद बिल जनरेट होने से मन में ऊहापोह है।

**किसान प्रदीप सिंह उर्फ मुन्ना**



सरकार ने किसान के हितों और आय दोगुनी करने के लिए नलकूपों पर खर्च होने वाली बिजली को माफ कर दिया, विभागीय हीला हवाली के चलते बिल माफी योजना का लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है।

**किसान अनिल सिंह**



खेल मैदान में मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

## रायबरेली और अमेठी बी की टीमें जीतीं

**अमेठी।** जिला क्रिकेट संघ अमेठी द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय स्वामी परमहंस जी महाराज स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को दूसरे दिन जिसमें अथिति के रूप में बीडीओ अमेठी विजय कुमार वर्मा, भेटुवा ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ला, शिव प्रताप यादव, बीआरसी, उप जिला क्रीड़ाधिकारी मुशर्रफ रहे। पहला मैच बनारस बनाम अमेठी का रहा। जिसमें 20 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी कर रही बनारस ने नौ विकट के नुकसान पर 107 रन बनाए और लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेठी बी की टीम 18.3 ओवर में 51 रन बनाकर आल आउट हो गई। दूसरा मैच रायबरेली बनाम लखनऊ में पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 76 रन बनाए, लक्ष्य का पीछा करते हुए रायबरेली ने 11 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। बीसीसीसी उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने अपने संदेश में जिला क्रिकेट संघ अमेठी को सफल आयोजन के साथ खिलाड़ियों को शुभकामना प्रेषित की। संघ के सचिव राजेश तिवारी और निदेशक प्रांजल तिवारी ने कहा कि उन्हीं के सहयोग से अमेठी में नयी क्रिकेट की शुरुआत हुई हैं। निश्चित ही अमेठी की प्रतिभावों को उचित मंच मिलेगा। डीसीए अमेठी ने प्रस्ताव पारित कर राजीव शुक्ला का विशेष तौर पर धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी अथिति गण ने सफल आयोजन के साथ साथ सभी खिलाडियों को शुभकामना प्रेषित की। उक्त अवसर निदेशक प्रांजल तिवारी, उपाध्यक्ष मुकेश यादव, गोविंद मौर्य, मुख्य फिजियो डॉ. आलोक श्रीवास्तव के साथ सभी पधाधिकारी मौजूद रहे। यह जानकारी संघ निदेशक प्रांजल तिवारी ने प्रदान की।

# शासन की नाकामी बयां कर रहे छुट्टा जानवर, किसान परेशान

अमेठी

**अमृत विचार।** विकास खण्ड भेंटुआ के गांव सनहा, परतोष, सरूवांवा, सेमरा, मड़ेरिका सहित अन्य कई गांवों में तमाम प्रयास करने के बाद भी बेसहारा पशुओं से किसान अपनी फसल को नहीं बचा पा रहे हैं। जिसके चलते किसान परेशान हैं। उनके द्वारा खेतों की तारबंदी से लेकर रखवाली करने की तमाम कोशिश भी बेकार साबित हो रही है।

किसानों की समस्या को देखते हुए शासन के निर्देश में टिकरी गांव में गोशाला भी बनाई गईं। जिनमें बेसहारा पशुओं को पकड़कर रखा भी गया, लेकिन फिर भी काफी गांवों में गोशाला नहीं बनी हैं। ऐसे में पशुओं को भी नहीं पकड़ा गया है। जिस कारण बेसहारा पशु किसानों के खेतों में विचरण कर रहे हैं और फसलों को नुकसान भी पहुंचा रहे हैं। उनके द्वारा गेहूं, ज्यो, सरसों समेत आदि फसलों में नुकसान पहुंचाया जा रहा है। नुकसान से बचने के लिए किसान दिन-रात खेतों पर रहकर फसल बचाने की जुगत में लगे हैं। काफी किसानों ने तारबंदी भी करा ली और खेतों के चारों तरफ बांस भी बांध दिए हैं। तमाम प्रयास करने के बावजूद भी किसान अपनी फसलों को बचाने में कामयाब नहीं हो रहे हैं।



गेहूं की फसल को नष्ट करते बेजुबान मवेशी। अमृत विचार

क्षेत्र में बेसहारा पशुओं की संख्या काफी अधिक है। सरूवांवा गांव निवासी किसान प्रमोद, परतोष गांव निवासी सूबेदार आदि का कहना है कि फसल को बचाने के लिए तारबंदी की है, लेकिन पशु तारबंदी के पोलों को तोड़कर घुस जाते हैं और फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों ने पशुओं को पकड़कर गोशाला भिजवाने की मांग की है।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा का अमेठी में भव्य स्वागत होगा : शर्मा

अमेठी

**अमृत विचार।** वरिष्ठ रणनीतिकार पूर्व राष्ट्रीय सचिव सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा की उपस्थिति में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री व उ.प्र. प्रभारी राजेश तिवारी, प्रदेश उपध्यक्ष मकसूद खान, मनीष मिश्र की मौजूदगी में अमेठी जिला मुख्यालय केंद्रीय जनसंपर्क कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में सोमवार को न्याय यात्रा भव्य स्वागत तैयारी के लिए बैठक में रणनीति तैयार की गई।

किशोरी लाल शर्मा ने बताया कि यात्रा मणिपुर, इंफाल से शुरू होकर नागालैंड, आसाम, अरुणचाल, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखण्ड व अन्य राज्य होते हुए देश के 15 राज्यों से गुजरने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा 19 फ़रवरी को अमेठी जो देश की आजादी, एकता, अखंडता के लिए बलिदानी परिवार गांधी नेहरू परिवार की कर्म भूमि अमेठी पहुंच रही है। पूर्व मंत्री व प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि अमेठी में यात्रा के दौरान प्रियंका गांधी भी मौजूद रहेंगी। संगठन प्रभारी मकसूद खान ने कहा कि संपूर्ण देश की निगाहें न्याय यात्रा को लेकर अमेठी की ओर है। राहुल गांधी की न्याय यात्रा से घबराई सरकार सांप्रदायिक ताकतों के सहारे सैकड़ों कुत्सित षड्यंत्र किये परन्तु, डरो मत का नारा देने वाले न्याय यात्रा के अगुवा हम सबके नेता राहुल गांधी राष्ट्रपिता बापू जी के पद चिन्हो चलते हुए आ रहे हैं। न्याय यात्रा को देश के युवाओं, किसानों, महिलाओं, श्रमिकों एवं आम जनमानस का अपार समर्थन मिल रहा है।



केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों पर चर्चा करते केएल शर्मा

राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' देश के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और बुनियादी मुद्दों को लेकर निकाली गयी है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने उपस्थित एवं अमेठी के सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं से आग्रह किया कि अमेठी संसदीय क्षेत्र के हर परिवार घर घर जाकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा का संदेश दें और भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए निवेदात्मक तरीके से आमंत्रित करें। प्रदेश महासचिव योगेंद्र मिश्र ने न्याय यात्रा कार्यक्रम की रुप रेखा और मार्ग की जानकारी को बताया कि राहुल अठेहा से अमेठी कस्बा सगरा तिराहा बरामासी ताला टिकरिया बाईपास के रास्ते स्टेट बैंक, बी मार्ट, गौरीगंज क़स्बा होते हुए बाबूगंज (निकट टोल प्लाजा ) में विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। संगठनात्मक बैठक में अमेठी गौरीगंज सलोन के पूर्व प्रत्याशी व पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह उपस्थित रहे। बैठक में सेवादल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, छात्र संगठन, अल्पसंख्यक सहित अन्य फ्रंटल संगठनों सहित सभी 17 ब्लॉक अध्यक्षों ने अपनी अपनी जिम्मेदारी को बताया।

# पुलिस अधीक्षक ने गौरीगंज में की पैदल गश्त



पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी व साथ में मौजूद पुलिसकर्मी।

अमेठी

**अमृत विचार।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा "मिशन शक्ति" नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से तथा आम जनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा गौरीगंज में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा मुख्य मार्गों, चौराहों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहां पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई।

## बिछड़े बेटे को पुलिस ने पिता से मिलाया

**अमेठी।** थाना फुरसतगंज क्षेत्र के उसरहा बाबा चौराहे पर रविवार को दुकानदारों से कुछ खाने के लिए पैसे मांगते समय फुरसतगंज पुलिस ने उसकी पहचान पंछी। जिसमें उसने अपना नाम कुलदीप शर्मा व पिता का नाम वीरेंद्र शर्मा बताया साथ ही उसने अपने पिता का मोबाइल नंबर भी पुलिस को बताया। जिसके बाद रविवार को फुरसतगंज पुलिस ने पंजाब के मोहाली में रह रहे उसके पिता बीरेन्द्र शर्मा को फोन पर संपर्क किया। उन्होंने बताया कि हमारा बेटा 21 जनवरी 2024 को घर से बिना बताए गायब हो गया था। जिसकी गुमसुदगी थाना मोहाली में दर्ज है। जिसके बाद फुरसतगंज पुलिस ने मिले युवक की बात बीरेन्द्र शर्मा से कराई और उसका हुलिया भी बताया। जिसके बाद पिता ने बताया यह हमारा ही लड़का है। पिता ने फुरसतगंज पुलिस का आभार व्यक्त किया। थाना प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने बताया मिले युवक को पहचान करा पिता को सुपुर्द कर दिया गया है। इस मौके पर उपनिरीक्षक महेश यादव व पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# रामभक्त पर उपद्रवियों ने किया पथराव, अभद्रता

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** अयोध्या धाम में बने दिव्य व भव्य प्रभु श्री राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कुछ श्रद्धालु बस, ट्रेन और हवाई जहाज के सहारे सैकड़ों किलोमीटर दूर से तो कुछ मोटर साइकिल, साइकिल व पैदल यात्रा कर अयोध्या धाम पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ का एक युवक उल्टे पांव चलकर अयोध्या धाम की यात्रा कर रहा है। उसके सुलतानपुर जिले की सीमा में प्रवेश करते ही कुछ अराजक तत्वों ने पथराव कर उसके साथ अभद्रता की। जिसकी शिकायत श्रद्धालु ने जिले की डीएम से मिलकर की है। डीएम ने सीओ सिटी शिवम मिश्र को आगे की यात्रा में समस्या न आए इसके लिए विशेष बंदोबस्त करने के निर्देश दिए हैं।

छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ गांव निवासी युवा मेहुल लखानी उल्टे पांव अयोध्या धाम की यात्रा कर रहे हैं। रविवार की शाम जब वह अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग जो की राम वनगमन मार्ग है, से अयोध्या धाम की तरफ उलटे पांव आगे बढ़ते हुए जिले की सीमा में प्रवेश किया तो अमेठी से सटे रामगंज के पास सुलतानपुर की सीमा में कुछ अराजकतत्वों ने उन पर पथराव कर उनसे अभद्रता की।

जानकारी पर पहुंचे कुछ समाजसेवियों ने उनके रात्रि विश्राम व भोजन की व्यवस्था की। युवा मेहुल कहते हैं कि ऐसा नहीं है कि मैं बचपन से उल्टा चल रहा हूं। समाज में आज विचार, सामाजिक कृत्य काफी उल्टे हो रहे हैं। समाज की नकारात्मकता को दूर करने के लिए एक संदेश देना चाहता हूं। 900 किमी उल्टे यात्रा का संकल्प लिया था। अब तक 880 किमी पूरा कर चुका हूं। भगवान राम का दर्शन पाकर जीवन धन्य हो जाएगा।

## सार-संक्षेप

### अनियमितता बरतने पर दो फार्मासिस्ट किये गए इधर से उधर

**अमेठी।** निरीक्षण के दौरान कई बार चेतावनी देने के बाद भी दवावों के रखरखाव में सुधार न लाने पर सीएमओ ने सोमवार को दो फार्माशिष्ट को इधर से उधर किया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए समय समय पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उनके द्वारा निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों को पूर्ण, परिसर की साफ सफाई, दवावों के रखरखाव व आये हुए मरीजों का समुचित इलाज करने के लिए बराबर प्रेरित किया जाता रहता है। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि दो-तीन बार पीएचसी रानीगंज व पीएचसी गोसाईगंज का निरीक्षण किया गया। हर बार के निरीक्षण में दोनों पीएचसी पर तैनात फार्माशिष्ट निर्देशो के बाद भी दवा के रखरखाव में कोई रुचि नहीं ले रहे थे। अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने पर जनहित में मद्देनजर रखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज में तैनात फार्माशिष्ट सुनील कुमार तिवारी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज में तैनात फार्माशिष्ट मनोज कुमार मिश्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज स्थानांतरण कर दिया गया है।

### चलती बस में दिल का दौरा पड़ने से परिचालक की हुई मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** अमेठी आजमगढ़ से लखनऊ की ओर जा रही सुल्तानपुर डिपो बस के परिचालक का दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। चालक की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने सीएचसी पहुंचाया। रविवार देर रात आजमगढ़ से लखनऊ की ओर जा रही सुल्तानपुर डिपो बस संख्या यूपी 78 एचएन 2285 के परिचालक रूपेश पुत्र विनय प्रकाश (49) राष्ट्रीय राजमार्ग हाईवे स्थित डेरा बसी ढाबे पर बस रोक कर नाश्ता किया। इसके पश्चात रास्ते में परिचालक को दिल का दौरा पड़ा। चालक की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उसे स्थानीय सीएचसी मुसाफिरखाना पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने परिचालक रूपेश को मृत घोषित कर दिया। बस चालक शिव कुमार उपाध्याय ने बताया कि बस लेकर जब अलीगंज के पास पहुंचे थे। तभी परिचालक को कुछ दिक्कत हुई थी। अस्पताल ले जाने की बात पर उन्होंने कहा कि चलो आगे देखते है। कुछ ही दूर बस चलने पर समस्या बढ़ी तो परिचालक बस की सबसे पीछे वाली सीट पर जाकर लेट गए। पीछे वाली सीट पर बैठे यात्रियों ने देखा तो परिचालक का शरीर पसीना पसीना हो गया था।

**आस्था** पिछले सात साल से अमेठी की संगत मानवता की सेवा में लगी हुई है

# 52 दिवसीय लंगर के समापन पर आयोजित की गई गोष्ठी

अमेठी

**अमृत विचार।** गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर।आयोजन समिति की ओर से सोमवार को 52 दिवसीय लंगर के समापन के बाद सम्मान समारोह और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

विचार गोष्ठी के बाद कवि गोष्ठी भी आयोजित की गई। लंगर समिति के संस्थापक बाबा मनोहर सिंह ने रेलवे स्टेशन अमेठी पर तैनात बच्चों की जान बचाने वाले टीटीई राजेन्द्र सिंह को सम्मान पत्र, सरोपा, स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सिक्ख धर्म के सभी गुरुओं की शिक्षाओं और लंगर समिति की ओर पिछले सात वर्षों में किए गए कार्यों पर विस्तार से संवाद हुआ। बाबा मनोहर सिंह ने कहा कि भीड़ से कभी भी कुछ सीखने को नहीं मिलता। गुरूओं का इतिहास पढ़ने से संदेश मिलता है कि अच्छे कामों में संख्या बल कभी आड़े नहीं आता है। एक हो तो गुरु को याद करो, दो हो तो संगत, तीन हो तो अपार संगत। पिछले सात साल से अमेठी की संगत मानवता की सेवा में लगी हुई है। जिन प्रेम कियो, तिनही प्रभु पाओ, गुरुवाणी का उल्लेख किया और कहा कि प्रेम और सद्भाव के बिना मानवता की सेवा संभव नहीं, ईश्वर भी नहीं मिलेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। लंगर समिति के सचिव सदाशिव पांडेय ने अतिथियों और उपस्थित संगत का स्वागत किया और लंगर समिति के कार्यों की जानकारी दी। वरिष्ठ पत्रकार अम्बरीश मिश्र ने कहा कि गुरु नानक देव ने 15वीं शताब्दी में वाहे आडम्बर और भेद भावपूर्ण सामाजिक व्यवस्था के विरुद्ध बिगुल फूंका और अपनी शिक्षाओं के माध्यम से हर व्यक्ति में ईश्वर को देखने की भावना भरी।



स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते लंगर समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

सेवानिवृत्त शिक्षक हरिशंकर मिश्र ने कहा कि अवध प्रांत में आकर सिक्ख धर्म के गुरूओं ने मानवता के संदेश दिए। अयोध्या की तरह अमेठी का भी नाम है, यहां लंगर शुरू करके बाबा मनोहर सिंह ने बहुत ऊंचा काम किया है। डा. अर्जुन पांडेय ने कहा कि सेवा धर्म, दुनिया में सबसे कठिन काम है। बाबा मनोहर सिंह के सेवाभाव ने युवाओं के साथ बुजुर्गों को भी जो प्रेरणा, ताकत व ऊर्जा प्रदान की है। उसका वर्णन शब्दों में सम्भव नहीं है। विचार गोष्ठी और सम्मान कार्यक्रम का संचालन मुख्य सेवादार संजीव भारती ने किया। कार्यकारी अध्यक्ष हरवंश सिंह ने आभार व्यक्त किया।

# भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह के मामले में सुनवाई टली

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई नही हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तारीख अभियोजन साक्ष्य के लिए नियत की है।

अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह पर एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने आरोप तय किया था। विशेष लोक अभियोजक के मुताबिक 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि उन्होंने बिना अनुमति जुलूस निकाला था। केस में दरोगा आरपी शाही का साक्ष्य होना है। अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में सोमवार को वकीलों की हड़ताल के कारण आरोपियों पर आरोप नहीं तय हो सका।

### चिकित्सक हत्याकांड के आरोपियों की हिरासत बढ़ी

**संवाददाता, सुलतानपुर।** बीते साल शहर के शास्त्रीनगर मोहल्ले में डॉक्टर घनश्याम तिवारी हत्याकांड के चार आरोपियों को सोमवार को जेल से सीजेएम कोर्ट में पेशी पर लाया गया। वकीलों की हड़ताल के कारण सुनवाई 26 फरवरी के लिए नियत की गई। बीते 23 सितंबर को हुए हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह, चचेरे भाई विजय नारायण सिंह एवं धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग निवासी अजय के ड्राइवर दीपक सिंह के खिलाफ बीते दिनों चार्जशीट दाखिल की थी। दोपहर बाद आरोपियों को कोर्ट लाया गया जिसके बाद अगली सुनवाई 26 फरवरी नियत कर दी गई।

# धर्म दर्शन

## जीवात्मा का स्वरूप



जीवात्मा के स्वरूप का वर्णन करते हुए श्रुति कहती है जो गुणों से सम्बद्ध, फलप्रद कर्म का कर्ता और उस किए हुए कर्म का उपभोग करने वाला है, वह विभिन्न रूपों वाला, त्रिगुणमय, तीन मार्गों से भ्रमण करने वाला प्राणों का अधिष्ठाता जीव अपने कर्मों के अनुसार गमन करता है।

यहां पर गुणों से बंधे हुए जीव के स्वरूप का वर्णन किया गया है, गुणातीत का स्वरूप इससे भिन्न है। जीवात्मा सत्व, रज, तम इन तीन गुणों में बंधा हुआ है, अतः वह नाना प्रकार के कर्म भोगरूपी फल की प्राप्ति के लिए करता है और अपने किए हुए उन कर्मों का फल भोगने के लिए नाना योनियों में जन्म लेकर विभिन्न रूपों में प्रकट होता है। मृत्यु के अनंतर उसकी कर्मानुसार तीन गतियां होती हैं अर्थात् शरीर छोड़ने पर वह तीन मार्गों से देवयान, पितृयान और तीसरा निरंतर जन्ममृत्यु के चक्र से जाता है। जब तक प्राणों का अधिपति यह जीवात्मा मुक्त नहीं हो जाता, तब तक अपने किए हुए कर्मों से प्रेरित होकर नाना लोकों में भिन्न-भिन्न योनियों में घूमता रहता है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

यह जीवात्मा अंगूठे के बराबर प्रमाणवाला, सूर्य के समान ज्योतिस्वरूप, संकल्प और अहंकार से युक्त तथा बुद्धि और शरीर के गुणों से भी युक्त है। मनुष्य का हृदय अंगूठे के नाप का माना गया है। हृदय में ही जीवात्मा का निवास है इसलिए उसे अंगूठे के माप का कहा जाता है। जीवात्मा का वास्तविक स्वरूप सूर्य की भांति प्रकाशमान (विज्ञानमय) है। उसे अज्ञान रूपी अंधकार छू तक नहीं गया है। संकल्प और अहंकार से युक्त होकर ममता, अहंता आदि से आबद्ध होने के कारण ही यह सूजे की नोंक के समान सूक्ष्म आकार वाला है और इसी कारण परमात्मा से भिन्न है। जीव के तत्व को जानने वाले ज्ञानी पुरुषों ने गुणों से युक्त हुए जीवात्मा का स्वरूप ऐसा ही देखा है।

वालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च।
भागो जीवः स विज्ञेयः स चानन्त्याय कल्पते।।

जीव की सूक्ष्मता को आगे स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि सौ भागों में विभक्त किया हुआ जो केश के अग्रभाग का सौवां भाग है, उस जीव को उसके बराबर जानना चाहिए किंतु वही अनंत रूप हो जाता है।

एक बाल की नोंक के हम सौ टुकड़े कर लें फिर उनमें से एक टुकड़े के पुनः सौ टुकड़े कर लें। यह एक टुकड़ा जितना सूक्ष्म हो सकता है अर्थात् बाल की नोंक के दस हजारवें भाग के समान जीवात्मा को सूक्ष्म समझना चाहिए। यह उसकी सूक्ष्मता का लक्ष्य कराने के लिए केवल उदाहरण स्वरूप ही है। वास्तव में चेतन और सूक्ष्म वस्तु का स्वरूप जड़ और स्थूल वस्तु की उपमा से नहीं समझा जा सकता। यह सूक्ष्म होने पर भी स्थूल वस्तु में सर्वत्र व्याप्त रह सकता है। इसीलिए कहा गया है कि वह इतना सूक्ष्म होने पर भी अनंत भाव से युक्त होने में अर्थात असीम होने में समर्थ है। वह जड़ जगत में सर्वत्र व्याप्त है लेकिन बुद्धि के गुण संकल्प और अपने गुणरूप अहंकार से युक्त होने के कारण ही एकदेशीय बन रहा है।

यह जीवात्मा वास्तव में न तो स्त्री है, न पुरुष है और न नपुंसक ही है। वह जब जिस शरीर को ग्रहण करता है उस समय उससे संयुक्त होकर वैसा ही बन जाता है। जीवात्मा सर्वभेदशून्य है, सारी उपाधियों से रहित है।

## सुसंगत है मां सरस्वती का पुत्री और पत्नी होना

मां सरस्वती के संबंध में अनेक धर्मग्रंथों में प्रसंग आता है कि वह त्रिदेवों में सृजन के देवता ब्रह्मा की पत्नी और पुत्री दोनों थीं। इस प्रसंग की गहराई में उतरने के पहले लौकिक जीवन में मां सरस्वती की पत्नी और पुत्री की स्थिति पर गौर करने की जरूरत है। जहां एक नारी पत्नी बनकर जीवन-यात्रा में सहधर्मिणी होती है वहीं पुत्री के रूप एक नारी का पोषण पिता करता है। इस भाव पर दृष्टि डालने से स्थिति स्पष्ट हो जाती है। जब ज्ञान से अबोध शिशु विद्या को अर्जित करता है तब विद्या पुत्री के रूप में होती है क्योंकि नवजात शिशु की तरह विद्या और ज्ञान को संजो-संजो कर मस्तिष्क में संचित करना पड़ता है। जब विद्या शिशु रूप से पुष्ट हो जाती है तब वही विद्या जीवन-संचालन में सहधर्मिणी बन जाती है और उसी ज्ञान एवं विद्या से जीविकोपार्जन होता है। यानी मस्तिष्क और विद्या का रूप समयानुसार बदल जाता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

पंच भौतिक तत्वों के सम्मिलन से जीव की संरचना होती है और वह इस संसार-सरोवर में जन्म लेता है तो इस सरोवर में तैरने और प्रवाहित होने की क्षमता पंच ज्ञानेन्द्रियों से संचालित मन-मस्तिष्क, बुद्धि, ज्ञान और विवेक से ही संभव है। इनमें जो जिस स्तर तक प्रखर होता है, उसकी छलांग उतनी ही ऊंचाई पर होती है। सरस्वती शब्द में सर (सरोवर, नवनीत आदि) शब्द 'सृ धातु (जिसका अर्थ गतिशील या प्रवहमान होना है) और अच् प्रत्यय से मिलकर बना है। सरस्वती शब्द में 'सर' शब्द सरोवर का सूचक है। सरोवर शब्द 'सरस्' शब्द+असुन' प्रत्यय से निर्मित है। वाणी एवं ज्ञान की देवी के अर्थ में सरस्वती शब्द की व्युत्पत्ति सरस्वत्+ङीप् प्रत्यय से हुई है। इस तरह सरस्वती का अर्थ सरोवर, प्रवाह होता है। यह प्रवाह वैचारिक और मानसिक स्तर पर मनुष्य को कितनी ऊंचाई तक ले जा सकता है, उसका द्योतक है। क्योंकि मनुष्य पशु के नजदीक का प्राणी है। सनातन संस्कृति के 10 अवतारों में भी जलकर-थलचर पशु अवतार का वर्णन है। मनुष्य पशु ही रहना चाहता है या वह देवता बनना चाहता है, यह उसकी साधना पर निर्भर है। इस साधना में विवेक के देवता प्रथम देव गणेश जी होते हैं तथा विद्या की देवी मां सरस्वती होती हैं। माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश-चतुर्थी का पर्व इसीलिए रखा गया क्योंकि अंधकार में ही विवेक के प्रकाश की जरूरत पड़ती है। माता पुत्र के विवेक के लिए ही व्रत-पूजा करती है तो इसी महीने के शुक्ल पक्ष में पंचमी तिथि को माता की पूजा की व्यवस्था ऋषियों ने की। गणेश की चतुर्थी तिथि की पूजा चतुर्दिक दिशाओं में विवेक-युक्त जीवन यात्रा के साथ पुरुषार्थ चतुष्टय धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष के लिए सकारात्मक प्राप्ति की कामना परिलक्षित होती है। मां सरस्वती की पूजा पंच ज्ञानेन्द्रियों का उस विवेक से आबद्ध रहने का सूचक है।



सरस्वती के हाथ में प्रमुख रूप से वीणा विद्यमान है। इसका तुम्बा नीचे की ओर है। वीणा सात तारों से बजने वाला वाद्य यंत्र है। मनुष्य यदि पंच ज्ञानेन्द्रियों के सात द्वारों को नियंत्रित करने के लिए यदि भौतिक-कामनाओं के विलोम में जीने की शक्ति अर्जित कर ले तो श्रेष्ठता की ओर कदम स्वतः ही बढ़ने लगेंगे। क्योंकि इंद्रियां लौकिक सुख के पीछे दौड़ती हैं और अधोगामी बनाने में सहायक होती हैं। वीणा का तुम्बा मनुष्य के सिर की तरह नीचे और पैर वाला हिस्सा ऊपर है। इसी वीणा के बल पर नारद हर लोक की सुध-बुध ही नहीं लेते थे बल्कि त्रिदेव तक उनकी बातों और सूचनाओं को तरजीह देते थे। नारद कभी माया के अधीन नहीं बल्कि मायाधीश नारायण के अधीन रहे। जब विश्वमोहिनी पर अनुरक्त हुए और उससे विवाह करने की कामना जागी तब वे नारायण के पास जाकर यह नहीं कहते कि मेरा विवाह विश्वमोहिनी से हो ही जाए बल्कि 'जेहिं विधि होहि नाथ हित मोरा' कहते हैं। मन में जागी किसी अवांछित कामना को विवेक की कसौटी पर कसने से अवांछित कामनाएं विनष्ट हो जाती हैं। इस स्थिति में मां सरस्वती मनुष्य भवसागर में डूबने नहीं देती। विद्या और ज्ञान के पतवार के सहारे मनुष्य श्रेष्ठतम मानव बन जाता है।

## ब्रह्म और जीव दोनों चेतन

संन्यासी बनने के बाद रामानुजाचार्य अथवा यतिरामानुजम् की शिष्य मंडली बड़ी तेजी से बढ़ने लगी। उनकी कीर्ति यहां तक बढ़ी कि उनके पूर्व गुरू यादव प्रकाश ने भी, इनका शिष्यत्व स्वीकार किया और "यतिसमुच्चय" नामक ग्रंथ की रचना की। उनके अधीन वैदिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूर-दूर से शिष्य आने लगे। एक दिन उनके गुरू यमुनाचार्य के पुत्र वरदरंगम् आचार्य के पास आ पहुंचे और उनसे श्रीरंगपुरम चल कर वहां के अध्यक्ष पद को स्वीकार करने को सहमत किया। श्रीरंगम् आकर रामानुजम् ने वहां के मंत्रों के ख्याति प्राप्त आचार्य गोष्ठी पूर्ण से दीक्षा ली। गोष्ठी पूर्ण के मना करने पर भी रामानुज ने मंत्रों का रहस्य जन सामान्य के हित में मान उद्घाटित करना शुरू कर दिया। गोष्ठी पूर्ण से यह मंत्र रहस्य जान कर कि मंत्रों में वह सामर्थ्य है कि इनका श्रद्धापूर्वक नियमित पाठ, मनुष्य के मोक्ष या मुक्ति में सहायक हो सकता है, उन परम गोपनीय मंत्रों को खुले आम सार्वजनिक करना शुरु कर दिया। उन्होंने जनहित में मंत्र रहस्य को सार्वजनिक करने के लिए गुरू गोष्ठी पूर्ण को सहमत कर लिया। प्रसन्नता पूर्वक गुरू गोष्ठी पूर्ण ने उनको आशीष दिया कि, "आज से विशिष्टाद्वैत मत तुम्हारे नाम पर 'रामानुजदर्शन' के नाम से विख्यात होगा।" मैसूर के तत्कालीन नरेश राजा विट्ठिदेव की सहायता से आचार्य श्री रामानुजने, "श्रीवैष्णवमत" के चतुर्दिक प्रचार के लिए अपने 74 सुयोग्य शिष्यों को नियुक्त किया। इस प्रकार अपना सारा जीवन भजन-साधन तथा वैष्णव धर्म एवं विशिष्टाद्वैत मत के चतुर्दिकसुप्रचार में लगा कर अंततः विक्रम संवत् 1194 में श्री हरि षिष्णु के दिव्य धाम के लिए प्रस्थान किया।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

यतिराराज रामानुजम् या रामानुजाचार्य ने अपने मत की पुष्टि के लिए जिन अनेक ग्रंथों की रचना की, उनमें उनके सुख्यात् "श्रीभाष्य" के अति रिक्त, वेदान्त संग्रह, वेदान्त प्रदीप, वेदान्तसार, वेदान्ततत्वसार, गीताभाष्य, गद्यत्रय, भगवदारा धनक्रम बहुत लोकप्रिय हुए। इसके अतिरिक्त अष्टादशरहस्य, कंटकोद्धार, कूटसंदेह, ईशावास्योपनिषदभाष्य, गुणरत्नकोश, चक्रोल्लास, दिव्यंसूरिप्रकाश दीपिका, देवतास्वारस्य, नारायणमंत्रार्थ, न्यायरत्नमाला, मुंडकोपनिषदव्याख्या, दिव्यसंरिपूरभावदीपिका, योगसूत्रभाष्य, रामपाल, नित्यपद्धति, रामपद्धति, रामपूजापद्धति, रेमरहस्य, राममंत्रपद्धति, विशिष्टाद्वैतभाष्य, विष्णुसहस्रनामभाष्य, शतदूषणी, वेदार्थसंग्रह, संकल्प सूर्योदय टीका, श्वेताश्वतरोपनिषद्व्याख्या, सच्चरित्ररक्षा आदि। दुर्भाग्य वश, इन रचनाओं का कालक्रम निर्धारण असंभव है। इनकी सभी कृतियां संस्कृत में हैं। रामानुज ने गुरू यमुनाचार्य के सिद्धांतों की विस्तृत और बोधगम्य प्रस्तुति को लोक प्रिय बनाया यह भी तीन ही मौलिक पदार्थों का अस्तित्व मानते हैं - चित् (जीव), अचित् (जड़जगत या समूह) तथा ईश्वर या पुरूषोत्तम।

इनके अनुसार स्थूल-सूक्ष्म, चेतन-अचेतन विशिष्ट ब्रह्म ही ईश्वर है। अनंत जीव और जगत उनका शरीर है। वही इस शरीर की आत्मा है। ब्रह्म अशेष गुणों का आलय या आवास है। उसमें निकृष्ट या हेय कुछ भी नहीं है। सर्वेश्वरत्व, सर्वग्यत्व, सर्वनियनतृत्व आदि इसके गुण या लक्षण हैं। यह सूक्ष्म चिंतन और अचेतन रूप में जगत का उपादान (प्राप्ति या प्राप्त करना) कारण है। संकल्प विशिष्ट रूप से निमित्त कारण है। जीव और जगत इसका शरीर है। यही सृष्टि का निर्माता और संहारकर्ता है। यही अंतर्यामी और पूजनार्थ अवतार भेद से शंख, चक्र, गदा, पद्मधारी चतुर्भुज है। श्री, भू और लीला देवी सहित किरीट आदि आभूषणों से अलंकृत है। जड़जगत, ब्रह्म का शरीर है। ब्रह्म ही जगत का उपादान और निमित्त कारण है। यह जगत रूप में प्रकट होकर भी विकार (दोष रहित या निर्दोष) है। यह जगत सत्य है, मिथ्या नहीं है। जीव भी ब्रह्म का शरीर है। ब्रह्म और जीव दोनों चेतन हैं ब्रह्मविभु (सर्वव्यापक) तथा जीव अणु है। ब्रेक पूर्ण तथा जीव खण्डित है। प्रत्येक शरीर में जीव भिन्न या पृथक् है।

# प्रदेश

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर बस से भिड़ी कार, पांच युवक जिंदा जले

### डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई बस, पीछे से आ रही कार बस से भिड़ी

- दोनों वाहनों में लगी आग, मरने वाले युवक आपस में थे दोस्त

संवाददाता, मथुरा/ फिरोजाबाद

**अमृत विचारः** सोमवार सुबह करीब सात बजे मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा हो गया। यहां स्लीपर बस डिवाइडर से टकरा गई। इसी दौरान पीछे आ रही कार भी बस से भिड़ गई। इसी बीच धमाका हुआ और दोनों गाड़ियां जलने लगीं। इस हादसे में कार सवार पांचों लोगों की जलने से मौत हो गयी। ये हादसा थाना महावन क्षेत्र माइल स्टोन 116 पर हुआ।



दुर्घटना के बाद जलती बस और कार। अमृत विचार

हादसे के बाद बस की सवारियों ने आनन- फानन में बस से कूदकर अपनी जान बचाई। कार में जले पांचों युवकों की पहचान अंशुमान पुत्र मनोज यादव निवासी ककरारा थाना खैरगढ़, अतिन कुमार यादव निवासी एटा चौराहा शिकोहाबाद और फिरोजाबाद निवासी शिव किशन रावत, जायद खान, सरवर हुसैन के रूप में हुई है। पांचों आपस में दोस्त थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि बस में सवार किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई और सभी यात्रियों को अलग-अलग वाहनों से उनके गंतव्य के लिए भेज दिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### 12 मार्च को थी अतिन की शादी

अतिन दिल्ली में रहकर परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। अतिन की 12 मार्च की शादी थी। पूरा परिवार शादी की तैयारियों में जुटा हुआ था। जैसे ही उनकी मौत की खबर परिवार को लगी तो शादी वाले घर में कोहराम मच गया। घर से ड्यूटी के लिए निकले थे। अंशुमान की मौत पर उसकी पत्नी विशाखा के अलावा पिता मनोज कुमार, बड़ी बहन अंशिका यादव तथा मां पुष्पा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। शिकोहाबाद से अंशुमान अपनी स्विफ्ट डिजाइर कार को लेकर नोयडा नौकरी के लिए सोमवार सुबह घर से निकले थे। उसके साथ दोस्त अतिन समेत पांच लोग थे। अंशुमान अपने पिता की इकलौती संतान थे। उसकी एक साल पूर्व शादी हुई थी। जैद सईद खान दिल्ली एनसीआर में कॉल सेंटर पर नौकरी करते थे। सरवर हुसैन और शिव किशन सुहाग गुड़गांव में जॉब करते थे।

## ज्ञानवापी मामले में सुनवाई 15 तक के लिए टली

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाना में हिंदुओं को पूजा की अनुमति वाले वाराणसी की अदालत के आदेश के खिलाफ अपील पर सुनवाई सोमवार को टाल दी और अगली तारीख 15 फरवरी तय की। वाराणसी की अदालत के आदेश के खिलाफ अपील करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी के वकील एसएफए नकवी और पुनीत गुप्ता की दलीलें सुनने के बाद नकवी के अनुरोध पर न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने सुनवाई टालने का आदेश पारित किया। अंजुमन इंतेजामिया की ओर से पेश एफएफए नकवी ने दलील दी कि विवादित संपत्ति पर वादी (व्यास परिवार) का क्या अधिकार है, इस पर निर्णय नहीं किया गया और इस प्रकार से वादी का अधिकार निर्धारित किए बगैर पूजा की अनुमति देने का आदेश अवैध है। सोमवार को मुस्लिम पक्ष ने अदालत के आदेशों की प्रमाणित प्रतियां भी दाखिल कीं जो पूर्व में दाखिल नहीं की गई थीं और इन प्रतियों को रिकार्ड में दर्ज किया गया। विवादित संपत्ति पर हिंदू पक्ष का कब्जा दर्शाने वाले कुछ परिपत्र हिंदू पक्ष की ओर से दायर किए गए।

## वर्ग पहेली-341



**बाएं से दाएं**

4. 1. वह जो बहुत वीर हो 2. पवनपुत्र हनुमान 3. चौबीसवें और अंतिम जैन तीर्थंकर 4. गौतम बुद्ध 5. सिंह, शेर 6. गरुड़ 7. बाज़ नामक पक्षी 8. वज्र 9. घोड़ा।

5. 1. उत्कृष्ट कार्य हेतु किसी को उपहारस्वरूप दिया जाने वाला सोने, चांदी, तांबा आदि धातु का वह टुकड़ा जिसपर प्राय: देने वाले का नाम अंकित रहता है, तमगा, (मेडल) 2. पूजा हेतु निर्मित किसी देवता के चरण की प्रतिमूर्ति 3. आभूषण के रूप में पहना जाने वाला वह धातुखंड जिसपर किसी देवता के चरण-चिह्न अंकित हों 4. वैदिक पद-पाठ का ज्ञाता 5. एक प्रचीन गोत्र प्रवर्तक ऋषि।

7. 1. कक्षा-प्रतिनिधि, कक्षानायक 2. कंप्यूटर सूचना-सामग्री प्रदर्शित करने वाला परदा, कंप्यूटर का वह इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जिसके परदे पर किसी प्रक्रम या प्रॉसेस को देखा जाता है।

10. शराब, मदिरा, मद्य।

11. 1. मैदे से बनी एक प्रकार की प्रसिद्ध मिठाई 2. एक जंगली वृक्ष और उसका फूल 3. पक्षियों का खाद्य पदार्थ।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. एक झाड़ी जिसकी पत्तियां दवा बनाने के काम आती हैं और जिसके बीजों से लाल रंग भी निकलता है 2. इस झाड़ के बीजों से निकलने वाला लाल रंग।

2. 1. वस्तुओं के इधर से उधर होने का शब्द 2. कुछ ढूंढ़ने से होने वाली आवाज़।

3. 1. अनियमित रूप से व्युत्पन्न, रूढ़ 2. जिसका योग से संबंध न हो 3. जो यौगिक न हो, तत्व या मिश्रण (पदार्थ)।

6. 1. स्थान, जगह, ठौर 2. दरवाज़ा, द्वार 3. दहलीज़।, अंदर, में।

8. पैर साफ़ करने का पत्थर, झामक, (प्युमिक स्टोन)।

9. बड़ी बहन का पति, बहनोई।

### वर्ग पहेली - 340 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 रू | | 2 छु | ई | 3 मु | ई |
| ठ | | | | ख़ | |
| ना | | 4 वे | | ता | |
| | 5 फ़ो | ज | दा | री | |
| | | यं | | | 6 फे |
| 7 पो | षि | त | | | ला |
| | | | 8 क | ढ़ा | व |

## सुडोकू-58

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | | | | 4 | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 3 | 5 | | 1 | | | 6 | | |
| | | 7 | | | | | 8 | |
| | | 3 | | | 8 | 9 | | |
| | 9 | | | | 1 | | | 7 |
| | | 6 | | | | | 7 | 9 |
| | 8 | | | | | | 4 | |
| 5 | | | 9 | | | | | 6 |

### सुडोकू - 57 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 4 | 3 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 2 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 1 | 8 | 6 | 5 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 9 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 14 .41 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 12 .35 तक तत्पश्चात उत्तर रेवती।

**मेष** – आज घर के किसी सदस्य की अस्वस्थता आपको परेशान कर सकती है। आवश्यक कार्यों को दिन के तीसरे पहर में करना लाभप्रद होगा। व्यापार में स्थितियां संभलती हुई प्रतीत होंगी। समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

**वृष** – आज कोई बड़ा खर्च अचानक सामने आ सकता है। एक साथ दो मामलों को निपटाना पड़ सकता है। ज्यादा आदर्शवादी होने से भी नुकसान होने की संभावना है। किसी के भी सामने स्वयं अपने मुख से अपनी प्रशन्सा न करें।

**मिथुन** – आज रिश्तों में मधुरता बनाए रखने में आपकी बड़ी भूमिका होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। करियर को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे। मित्रों के साथ फोन पर बात होगी। सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे। महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ मीटिंग कर सकते हैं।

**कर्क** – आज चुस्ती फुर्ती के लिए व्यायाम अवश्य करें। दोपहर के बाद कुछ तनाव में आ सकते हैं। आपके काम धीमी गति से पूरे होंगे। अपनी गलती का ठीकरा दूसरों पर न फोड़ें। आपके व्यवहार में आए परिवर्तन के कारण लोग अचरज में आ सकते हैं।

**सिंह** – आज दांपत्य संबंधों में मधुरता होगी। अचानक से बजट में कमी आ सकती है। नए कार्यों में धन निवेश कर सकते हैं। ऐसे मुद्दों पर चर्चा से दूर रहें, जिसके विषय में आपके पास कम जानकारी है। दूसरे लोगों की मदद करेंगे।

**कन्या** – आज मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्यों को लेकर भ्रमित न हों। दोपहर के बाद काम में मन नहीं लगेगा। स्वास्थ्य थोड़ा खराब हो सकता है। धन को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

**तुला** – आज व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आयेगी। अटकी हुई पेमेन्ट आपको वापस मिल सकती है। अविवाहितों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिल सकते हैं। पारिवारिक वातावरण मधुर रहेगा।

**वृश्चिक** – आज आपको हाल में ही शुरू किए गए कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। प्रेम संबंध रोमान्टिक रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। किसी भी काम को कल पर न टालें। संतान के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर का माहौल सुखद रहेगा।

**धनु** – आज आय में वृद्धि होने की संभावना है। फुटकर व्यापारी नए सामान की खेप मंगवा सकते हैं। आपको भागदौड़ काफी ज्यादा करनी पड़ेगी। आप दूसरों के झगड़ों को सुलझाने का प्रयास कर सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें।

**मकर** – आज जॉब में उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। समाज में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। मन में नए और क्रियेटिव विचार उत्पन्न हो सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में हिस्सेदारी मिल सकती है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – आज नौकरीपेशा लोगों को घर पर भी बहुत कुछ काम करना पड़ेगा। विद्यार्थी अध्ययन को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दोपहर के बाद स्थितियों में सुधार आयेगा। धन को लेकर आ रही समस्याओं का निपटारा होगा।

**मीन** – आज का दिन कुछ प्रतिकूल हो सकता है। शांतिपूर्वक मामलों को सुलझाने का प्रयास करें। अपनी किसी शौक को करियर के रूप में चुन सकते हैं। बड़े आर्थिक निवेश के लिए समय अनुकूल नहीं है। अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
आज का अर्जुन – सुबह : 09 .00
हम साथ साथ है – रात : 09 .00

Utsav Gold
हम दो हमारे दो – सुबह : 07 .00
एक विलन – रात : 07 .30

SONY MAX
पीके – सुबह : 09 .00
कबीर सिंह – शाम : 06 .00

ZEE CINEMA
हमेशा – दोपहर :12 .40
केदारनाथ – रात : 07 .00

colors CINEPLEX
नकाब – सुबह : 07 .00
ऐ दिल है मुश्किल – शाम : 06 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दोस्त – तेरी बीवी कुछ कहती नहीं, जब शाम को दारू पीकर घर जाता है?
बब्लू – कहती नहीं, बोलती है...
दोस्त – क्या...?
बब्लू – बोलती है, कीड़े पड़ेंगे तुम्हारे दोस्तों को जिन्होंने तुम्हें बिगाड़ा...!

एक बार पति-पत्नी में जमकर लड़ाई हो गई।
गुस्से में आकर पत्नी (पति से) बोली- अब तो हद हो गई, पानी सिर से ऊपर चला गया है, मैं अपनी मां के घर जा रही हूं और कभी वापस नहीं आऊंगी...
पति- जाने से पहले एक खुशखबरी सुनती जाओ, कल तुम्हारी मां भी अपने पति से लड़कर अपने मायके चली गई है...

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# श्रीलंका, मॉरीशस में यूपीआई सेवा शुरू

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों के लिए इसे विशेष दिन बताया

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत की यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं की शुरुआत सोमवार को श्रीलंका और मॉरीशस में हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकी से जोड़ने वाला बताया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ ने भी हिस्सा लिया। अपनी टिप्पणी में मोदी ने उम्मीद जताई कि नई फिनटेक सेवाएं दोनों देशों की मदद करेंगी।

उन्होंने कहा कि यूपीआई भारत के साथ साझेदारी को एकजुट करने की नई जिम्मेदारियों को क्रियान्वित कर रहा है। उन्होंने कहा-आज हिंद महासागर क्षेत्र के तीन मित्र देशों के लिए एक विशेष दिन है क्योंकि हम अपने ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक डिजिटल तकनीक के साथ जोड़ रहे हैं। मोदी ने कहा-मुझे विश्वास है कि यूपीआई प्रणाली से श्रीलंका और मॉरीशस को फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे से भारत में क्रांतिकारी बदलाव आया है। उन्होंने 'पड़ोस प्रथम' नीति पर भारत की केंद्रित नीति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा-चाहे वह प्राकृतिक आपदा हो, स्वास्थ्य से जुड़ी हो, आर्थिक या अंतर्राष्ट्रीय मंच पर समर्थन, भारत ने सबसे पहले प्रतिक्रिया दी है। भारत आगे भी यह जारी रखेगा।

श्रीलंका और मॉरीशस में भारतीय सेवाओं की शुरुआत दोनों देशों के साथ भारत के बढ़ते द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों की पृष्ठभूमि में हुई है। इससे श्रीलंका और मॉरीशस की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के साथ ही भारत की यात्रा करने वाले इन देशों के नागरिकों के लिए यूपीआई की सेवा उपलब्ध होगी।

### यूपीआई को लेकर कई देश दिखा रहे हैं रुचिः दास



आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) को लेकर कई अन्य देशों ने रुचि दिखाई है और उनके साथ बातचीत जारी है। दास ने यहां आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए अगले वित्त वर्ष में सात प्रतिशत वृद्धि का अनुमान बिल्कुल उपयुक्त है। यूपीआई के बारे में उन्होंने कहा-कई देशों ने यूपीआई और रूपे कार्ड को लेकर रुचि दिखायी है और इस संदर्भ में उनके साथ बातचीत जारी है। हालांकि, दास ने उन देशों के नाम नहीं बताए, जिन्होंने यूपीआई को लेकर रुचि दिखायी है। उन्होंने भारत और मॉरीशस के बीच रूपे कार्ड और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सुविधा और भारत और श्रीलंका के बीच यूपीआई कनेक्टिविटी की जानकारी देते हुए यह बात कही। इसके साथ मॉरीशस जाने वाले भारतीय यात्री एक व्यापारी को वहां यूपीआई के जरिए भुगतान कर सकेंगे।

# आरबीआई का पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ कार्रवाई की समीक्षा से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) के खिलाफ की गई कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार किया। कहा कि यह निर्णय पीपीबीएल के कामकाज के व्यापक मूल्यांकन और ग्राहकों के हितों को ध्यान में रखकर लिया गया है।

आरबीआई ने 31 जनवरी पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे 29 फरवरी के बाद किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट, फास्टटैग और अन्य उत्पादों में जमा या टॉप-अप स्वीकार करना बंद करने का निर्देश दिया। दास ने यहां आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-इस समय मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि पीपीबीएल मामले में फैसले की कोई समीक्षा नहीं होगी। यदि आप निर्णय की समीक्षा की उम्मीद कर रहे हैं, तो मैं यह साफ कर दूं कि इसकी कोई समीक्षा नहीं होगी। केंद्रीय निदेशक मंडल की इस बैठक को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संबोधित किया। गवर्नर ने कहा कि आरबीआई के नियमन के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के खिलाफ कोई भी निर्णय व्यापक मूल्यांकन के बाद ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि आरबीआई वित्त-प्रौद्योगिकी क्षेत्र का समर्थन करता रहा है, लेकिन इसके साथ वह ग्राहकों के हितों की रक्षा और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

▸▸ केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक में गवर्नर ने दी जानकारी




### शंकाओं का समाधान करेगा एफएक्यू

आरबीआई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को लेकर ग्राहकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों के समाधान को लेकर इस सप्ताह एफएक्यू (बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची) जारी करेगा। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के परंपरागत संबोधन के बाद गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा-एफएक्यू की प्रतीक्षा करें। इसमें पीपीबीएल के ग्राहकों से संबंधित मामलों का स्पष्टीकरण होगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800-48,000 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 40, 500 |
| चांदी (999) | 72,800 |
| चांदी तैयार | 73,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 73, 300 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 720(अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,150 |
| चांदी आभूषण | 73,200। |

## हवाई पट्टी पर घुसपैठ रोकने के लिए परिपत्र जारी

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने हवाई पट्टी पर 'घुसपैठ' की घटनाओं को रोकने के लिए सभी हवाई अड्डों पर रनवे सुरक्षा टीम गठित करने और प्रौद्योगिकी की मदद लेने को कहा है। डीजीसीए ने पिछले महीने जापान के हानेडा हवाई अड्डे पर हवाई पट्टी पर हुई घुसपैठ के कारण विमानों की टक्कर के मद्देनजर एक परिपत्र जारी किया है। इसमें सभी हवाई अड्डों पर हवाई पट्टी सुरक्षा दल की स्थापना और उनका प्रभावी कामकाज सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

## मुनाफा वसूली से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 523 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर धातु एवं बैंकिंग शेयरों में मुनाफावसूली से सोमवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स 523 अंक लुढ़क गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 523 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,072.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 71,756.58 अंक के ऊपरी और 70,922.57 अंक के निचले स्तर को भी छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का



निफ्टी भी 166.45 अंक यानी 0.76 प्रतिशत टूटकर 21,616.05 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए जबकि निफ्टी के 50 में से 34 शेयरों में गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-खासकर छोटे एवं मझोले शेयरों में गिरावट की स्थिति रही।

## भारत का वनस्पति तेल आयात जनवरी में 28% घटकर 12 लाख टन

**नई दिल्ली।** देश का वनस्पति तेल आयात जनवरी में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत घटकर 12 लाख टन रह गया है। उद्योग निकाय एसईए ने यह जानकारी दी। जनवरी, 2023 में वनस्पति तेल का आयात 16.61 लाख टन था। भारत दुनिया में वनस्पति तेल का प्रमुख खरीदार है। चालू तेल वर्ष की पहली तिमाही में कुल आयात 23 प्रतिशत घटकर 36.73 लाख टन रह गया, जो इससे पिछले वर्ष की समान तिमाही में 47.73 लाख टन था। एसईए के मुताबिक, आयात किए गए कुल वनस्पति तेलों में लगभग 7,82,983 टन पाम ऑयल और 4,08,938 टन सॉफ्ट ऑयल थे।

## औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दिसंबर में सुस्त पड़कर 3.8 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सरकार की तरफ से जारी किए गए आंकड़े

देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दिसंबर, 2023 में सालाना आधार पर घटकर 3.8 प्रतिशत रही है। एक साल पहले समान महीने में औद्योगिक उत्पादन 5.1 प्रतिशत बढ़ा था।

सरकार की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर के महीने में औद्योगिक उत्पादन 3.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। यह आंकड़ा औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर जारी किया गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आधिकारिक बयान से पता चलता है कि दिसंबर, 2023 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 3.9 प्रतिशत बढ़ा जो एक साल पहले की समान अवधि में 3.6 प्रतिशत था। दिसंबर, 2023 में खनन उत्पादन 5.1 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 1.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर) में आईआईपी की कुल वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 5.5 प्रतिशत रहा था।



# भर्ती की प्रक्रिया को बना दिया पूरी तरह पारदर्शी

## रोजगार मेलाः प्रधानमंत्री मोदी बोले-राजग ने डेढ़ गुना अधिक रोजगार उपलब्ध कराए

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ एक लाख से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के 10 वर्षों की तुलना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने डेढ़ गुना अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। रोजगार मेले के तहत हाल ही में भर्ती किए गए एक लाख से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र वितरित करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उन्हें संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि उस दौरान नौकरी के लिए विज्ञापन जारी होने से लेकर नियुक्ति पत्र देने तक बहुत लंबा समय लग जाता था तथा इसका फायदा उठाकर 'रिश्वत का खेल' भी जमकर होता था।

उन्होंने कहा-हमने भारत सरकार में भर्ती की प्रक्रिया को अब पूरी तरह पारदर्शी बना दिया है। इतना ही नहीं, सरकार का बहुत जोर है कि भर्ती प्रक्रिया एक तय समय के भीतर पूरी कर ली जाए। इससे हर युवा को अपनी योग्यता साबित करने का समान अवसर मिलने लगा है। उन्होंने कहा, ''आज, प्रत्येक युवा का मानना है कि वे कड़ी मेहनत और कौशल की बदौलत नौकरी हासिल कर सकते हैं। वर्तमान सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पिछली सरकारों की तुलना में 1.5 गुना अधिक युवाओं को नौकरी दी है। यह जानकारी देते हुए कि आज रोजगार मेले के माध्यम से रेलवे में भी भर्ती हो रही है, प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जब यात्रा की बात आती है तो रेलवे आम लोगों की पहली पसंद है।

मोदी ने इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया कि भारत में रेलवे बड़े पैमाने पर बदलाव के दौर से गुजर रही है और अगले दशक में इस क्षेत्र का पूरी तरह कायाकल्प होगा। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले रेलवे पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया था जबकि आज रेल लाइनों का विद्युतीकरण और दोहरीकरण बढ़ा है और साथ ही नयी ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने और यात्रियों के लिए सुविधाओं में भी वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में उनके सत्ता में आने के बाद रेलवे के आधुनिकीकरण और उन्नयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे ट्रेन यात्रा अनुभव को फिर से नया बनाने के लिए एक अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के बजट के तहत वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी 40,000 आधुनिक बोगियां तैयार कर उन्हें सामान्य ट्रेनों में जोड़ा जाएगा, जिससे यात्रियों के लिए सुविधा और सहूलियत बढ़ेगी।

## जम्मू-कश्मीर में घर में आग लगने से तीन बहनों की मौत

**बनिहाल/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में रामबन जिले के एक सुदूर गांव में एक मकान में आग लगने से सोमवार को तीन बहनों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि उखराल मंडल के धनमस्ता-तजनीहाल गांव में तीन मंजिला मकान में सोमवार सुबह आग लग गयी। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त बिस्मा (18), शाइका (14) और सानिया (11) सबसे ऊपरी मंजिल पर सो रही थीं और आग के पूरे घर में फैलने के कारण वे बाहर नहीं निकल पायीं। अधिकारियों ने बताया कि दमकल और आपातकालीन सेवाओं के कर्मियों ने उनके शव बरामद किए। आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चला है। उपायुक्त बशीर-उल-हक ने घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि रेड क्रॉस फंड के तहत शोक संतप्त परिवार को तीन लाख रुपये की तत्काल सहायता राशि दी जाएगी।

# राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समय घटाया

लखनऊ, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का उत्तर प्रदेश में समय घटा दिया गया है और इसके लिये बोर्ड परीक्षाओं का हवाला दिया गया है। अब यह यात्रा 11 दिन के बजाय छह दिन ही उत्तर प्रदेश में रहेगी। कांग्रेस के एक नेता ने इसकी जानकारी दी।

यह निर्णय उन संकेतों के बाद लिया गया है कि समाजवादी पार्टी की सहयोगी और जयंत सिंह चौधरी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा से हाथ मिला सकती है। हालांकि, कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं और छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए राज्य में अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का समय घटा दिया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उत्तर प्रदेश में पूरी यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा भी रहेंगी। राय ने कार्यक्रम रद्द किए जाने संबंधी अटकलों को गलत बताते हुए कहा कि रालोद के मामले से इसका कोई लेना-देना नहीं है।

▸▸ पश्चिमांचल के जिलों में नहीं जाएगी यात्रा

### देश में लोगों को नहीं मिल रही हैं नौकरियांः राहुल



**कोरबा (छत्तीसगढ़)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर सोमवार को निशाना साधा और कहा कि देश में लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है तथा वे महंगाई की मार झेल रहे हैं। गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से जागने को कहा और आरोप लगाया कि जनता की जेबें लूटी जा रही हैं तथा उन्हें गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा-पिछड़े वर्ग, दलित और आदिवासी देश की आबादी का 74 प्रतिशत हिस्सा हैं, लेकिन इन समुदायों का एक भी व्यक्ति भारत की शीर्ष 200 कंपनियों का मालिक या प्रबंधन में शामिल नहीं है, जिन्हें 'देश का सारा पैसा' दिया जा रहा है।

### एक नजर

## जयपुर के बाल सुधार गृह से 23 नाबालिग कैदी फरार

**जयपुर।** जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र स्थित बाल सुधार गृह से सोमवार सुबह 23 नाबालिग कैदी खिड़की तोड़कर फरार हो गए। थानाधिकारी जुल्फीकार ने बताया कि सुधार गृह प्रशासन की ओर से इस संबंध में दी गई शिकायत के आधार पर इन नाबालिग कैदियों के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की अलग अलग टीम फरार नाबालिग कैदियों की तलाश कर रही हैं।

## सेना ने पाकिस्तानी ड्रोन पर की गोलाबारी

**मेंढर/जम्मू।** सेना के जवानों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलाबारी की। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन रविवार देर रात भारतीय क्षेत्र में कुछ देर मंडराने के बाद पाकिस्तान की ओर लौट गया। उन्होंने कहा कि मेंढर के नार मनकोट इलाके में दुश्मन के ड्रोन की गतिविधि देखी गई, जिसके बाद सैनिकों ने उस पर गोलियां चलाईं।

## टीएमसी नेता शाहजहां ईडी के सामने अब तक नहीं हुए पेश

### राशन घोटाला

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शाहजहां शेख सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अबतक पेश नहीं हुए। उन्हें कई करोड़ रुपये के राशन घोटाले के सिलसिले में तीसरा समन जारी किया गया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि ईडी के अधिकारी सॉल्ट लेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित अपने दफ्तर में सवालों की सूची के साथ टीएमसी नेता का इंतजार कर रहे हैं। ईडी के अधिकारी ने बताया कि हम सुबह से शाहजहां शेख का इंतजार कर रहे हैं। वह अबतक सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित हमारे कार्यालय में पेश नहीं हुए हैं। उनकी ओर से कोई भी हमारे अधिकारियों के सामने आज पेश नहीं हुआ है। हम उनकी आज शाम तक प्रतीक्षा करेंगे।" ईडी ने करोड़ों रुपये के राशन घोटाले में कथित संलिप्तता को लेकर टीएमसी नेता को समन जारी किया था।

## उच्च न्यायालय ने सौम्या विश्वनाथन हत्या मामले में चार दोषियों को जमानत दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे चार दोषियों को सोमवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन ने रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील के लंबित रहने तक उनकी सजा निलंबित कर दी। पीठ ने कहा कि दोषी 14 साल से हिरासत में हैं। उच्च न्यायालय ने 23 जनवरी को दिल्ली पुलिस से चार दोषियों द्वारा दाखिल अपील पर जवाब देने को कहा था। एक अंग्रेजी समाचार चैनल में काम करने वाली विश्वनाथन की 30 सितंबर 2008 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के पालन के बगैर घरों को ढहा देना फैशन बन गया है

### मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने टिप्पणी

इंदौर, एजेंसी



मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने धार्मिक नगरी उज्जैन में दो घरों के कुछ हिस्सों को ढहाए जाने को लेकर कहा कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का पालन किए बगैर किसी भी घर को ढहा देना स्थानीय प्रशासन और स्थानीय निकायों के लिए 'फैशन' बन गया है। अदालत ने दो महिलाओं की याचिका मंजूर करते हुए यह टिप्पणी की और उन्हें सरकारी खजाने से एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।

उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विवेक रुसिया ने दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर करने के बाद उज्जैन निवासी राधा लांगरी और विमला गुर्जर की याचिका को स्वीकार किया। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को चार हफ्तों की तय प्रक्रिया के तहत सुनवाई का अवसर नहीं दिए जाने के कारण उनके घरों के कुछ हिस्सों को उज्जैन नगर निगम द्वारा ढहाए जाने को अवैध करार दिया। दोनों याचिकाकर्ताओं ने उज्जैन के सांदीपनि नगर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की आवास योजना के दो घरों के हिस्सों को स्थानीय प्रशासन द्वारा 13 दिसंबर 2022 को ढहाए जाने को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया था।

उच्च न्यायालय ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन कर मकानों को ढहाए जाने की कार्रवाई को लेकर प्रशासन को लताड़ लगाते हुए कहा कि अदालत द्वारा लगातार देखा जा रहा है कि स्थानीय प्रशासन और स्थानीय निकायों के लिए रूप-रेखा बनाकर किसी भी घर को ढहा देना 'फैशन' बन गया है। उच्च न्यायालय ने उज्जैन नगर निगम के आयुक्त को उन अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया जिन्होंने याचिकाकर्ताओं के घरों के कुछ हिस्सों को ढहाए जाने की कार्रवाई के संबंध में मौके पर "फर्जी" पंचनामा बनाया था।

## एक पृथ्वी-एक स्वास्थ पर बनेगी समग्र चिकित्सा नीतिः राजेश

ब्यूरो, नई दिल्ली

**अमृत विचारः** यूनानी दिवस पर आयोजित "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य* विषयक सम्मेलन को संबोधित करते हुए आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा है कि यूनानी एवं आयुर्वेद सहित भारत के कई ऐसी चिकित्सा पद्धतियां है जो कम खर्चे में शर्तिया इलाज संभव है। पूसा परिसर में आयोजित इस सम्मेलन में कई यूनानी चिकित्सा पद्धति के डॉक्टरों ने हिस्सा लिया।

आयुष मंत्रालय ने केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरयूएम) द्वारा एपी शिंदे संगोष्ठी हॉल, एनएएससी, पूसा, नई दिल्ली में यूनानी दिवस 2024 और 'यूनानी चिकित्साः एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक चिकित्सा में भारत के वैश्विक नेतृत्व की बात की। कार्यक्रम में वैद्य जयंत देवपुजारी, अध्यक्ष, राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग, नई दिल्ली, प्रो. शकील अहमद रोमशू, कुलपति, इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, अवंतीपोरा, जम्मू-कश्मीर, डॉ. नज़ीर अहमद गनी, कुलपति, एसकेयूएएसटी-कश्मीर, डॉ. सुंचू ग्लोरी स्वरूपा, महानिदेशक, राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान, हैदराबाद, डॉ. एम. ए. कासमी, सलाहकार (यूनानी), डॉ. एन. ज़हीर अहमद आदि रहे।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा की 370, राजग की 400 से अधिक सीट पर होगी जीतः शाह

अहमदाबाद, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय गृह मंत्री अहमदाबाद में लोस चुनाव नतीजे के बारे में बोले



केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के नतीजे को लेकर लोगों के मन में कोई संशय नहीं है क्योंकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 370 सीट जीतेगी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 से अधिक सीटें जीतेगा।

शाह ने कांग्रेस पर भी कटाक्ष किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के शासन में से पहले पांच साल विपक्षी दल के शासनकाल में खोदे गए ''गड्ढे'' को भरने में चले गए और अन्य पांच (विकास की) नींव रखने में लगाए गए। वरिष्ठ भाजपा नेता ने अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) की 1,950 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद यहां कहा, ''उन्हें (मोदी को) तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। नींव पर एक शानदार इमारत बहुत तेज गति से बनेगी।'' शाह ने कहा, ''मैं कल कर्नाटक में था और मैंने जनवरी में 11 राज्यों का दौरा किया। लोकसभा चुनाव (के नतीजे) के बारे में किसी भी राज्य में कोई संशय नहीं है। पूरे देश में यह माहौल है कि भाजपा को 370 सीट और राजग को 400 से ज्यादा सीट मिलेंगी।'' उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने कई कार्यों को गति और दिशा दी तथा ऐसे लक्ष्य पूरे किए जिनकी कल्पना करना मुश्किल था। शाह ने कहा कि यह 'गुजरात मॉडल' ही था जिसके कारण लोगों ने 2014 में मोदी को देश का प्रधानमंत्री चुना। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि 10 साल में प्रधानमंत्री ने देश को नई ऊंचाई पर ले जाने का खाका खींचा और लोगों को भरोसा है कि 2047 में भारत दुनिया में अव्वल होगा।

# एकता-सद्भाव के साथ राष्ट्र का निर्माण करें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **भागवत ने लोगों से अहिंसा के मार्ग पर चलने का किया आह्वान, बोले अब दुनिया हमारी ओर देख रही**



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को लोगों से एकता, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत में दर्शन का उच्चतम स्तर है और दुनिया अपनी समस्याओं के समाधान के लिए हमारी ओर देख रही है।

भागवत ने जैन तीर्थंकर महावीर के 2550वें 'निर्वाण' वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में लोग अपनी भौतिकवादी जीवन शैली के कारण पीड़ित हैं। उन्होंने कहा, दुनिया अब अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद से भारत की ओर देख रही है, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि उनकी भौतिकवादी जीवन शैली उन्हें वह खुशी नहीं देती जो हर कोई चाहता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भौतिकवादी चीजों में कोई खुशी नहीं है।

भागवत ने कहा कि सभी के साथ सौहार्दपूर्वक रहें, अहिंसा का पालन करें, धैर्य रखें, चोरी न करें, यही जाने का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज पूर्ण सत्य की खोज के लिए अलग-अलग रास्ते चुनता है। रास्ते अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक ही है।

हमारे समाज में कई तरह के लोग हैं, जैसे जैन, सिख। लेकिन इस देश के लोग होने के नाते हम सब एक हैं और एक रहते हुए, हमें राष्ट्र का निर्माण करना है। भागवत ने कहा कि भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में लोगों ने पूर्ण "सत्य और शाश्वत खुशी" की तलाश में अलग-अलग रास्ते अपनाए, लेकिन भारत की खोज और बाकी दुनिया की खोज के बीच अंतर यह था कि वे इसे बाहर की दृश्य दुनिया में खोजने के बाद रुक गए और हमने, बाहर की खोज के बाद इसे अपने भीतर खोजना शुरू किया और सच्चाई का एहसास किया।

# केवाईसी 28 फरवरी से पहले अपडेट करना जरूरी

*नई दिल्ली। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने कहा है कि 28 फरवरी के बाद बिना केवाईसी वाले फास्टैग बंद हो जाएंगे, इससे पहले केवाईसी की अंतिम तारीख 31 जनवरी थी, लेकिन अब दिनांक बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी गई है। बता दें, बिना केवाईसी वाले फास्टैग में बैलेंस होने पर भी बंद हो जाएंगे। इसलिए केवाईसी कराना जरूरी है। आईए जानते है इसके बारे में फास्टैग क्या है, और केवाईसी कैसे करें अपडेट।*




### क्या है फास्टैग

फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम है जो रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन टेक्नोलॉजी पर आधारित है। ये टैग अधिकृत बैंक द्वारा किया जाता है और ऑनलाइन माध्यम से इससे टोल लिया जाता है। इसके उपयोग से आप टोल टैक्स पर लंबे समय तक लाइन में लगे बिना ही टोल चुका देते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों के सभी टोल प्लाजा पर लगे रीडर्स कार की विंडस्क्रीन पर चिपकाए गए टैग को स्कैन करते हैं और लिंक किए गए अकाउंट के माध्यम से भुगतान हो जाता है।




### फास्टैग क्यों हो रहे अपडेट

एनएचएआई पिछले दिनों एक गाड़ी, एक फास्टैग इनिशिएटिव शुरू किया गया है। मतलब एक गाड़ी के लिए एक ही फास्टैग जारी होगा। ये फास्टैग जिस गाड़ी के लिए जारी हुआ है केवल उसी के लिए इस्तेमाल होना चाहिए। बिना केवाईसी के फास्टैग जारी करना आरबीआई के नियमों का उल्लंघन है। फास्टैग केवाईसी कैसे अपडेट कर सकते हैं?

### सरकार द्वारा अधिकृत वेबसाइट से करें अपडेट

ऑनलाइन अपडेट करने के लिए फास्टैग की वेबसाइट (fastag.ihmcl.com) पर जाएं। पेज पर टॉप में लॉगिन आइकन है। वहां रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और पासवर्ड से लॉगिन करें। पासवर्ड याद नहीं तो मोबाइल दर्ज कर ओटीपी जेनरेट करके भी लॉगिन कर सकते हैं। फिर माय प्रोफाइल पर जाकर केवाईसी अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए आईडी व एड्रेस प्रूफ, वाहन की आरसी और पासपोर्ट साइज के फोटो की जरूरत होगी। दूसरा ऑफलाइन तरीका यह है कि आपका फास्टैग जिस बैंक का है, उसकी ब्रांच में जाकर भी केवाईसी अपडेट करा सकते हैं। किसी भी जानकारी के लिए नजदीकी टोल प्लाजा जा सकते हैं, या टोल फ्री नंबर 1033 पर कॉल कर सकते हैं। बता दें, सभी दस्तावेज सही हुए तो आवेदन सबमिट करने के 7 दिन में केवाईसी अपग्रेड हो जाता है। आप माई प्रोफाइल पेज में ही अपने केवाईसी की स्थिति की जांच कर सकते हैं।

## एक नजर

### ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फारूक अब्दुल्ला को भेजा समन

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पूछताछ के लिए तलब किया है। बता दें कि इससे पहले ईडी ने गत 11 जनवरी को भी उन्हें अपने स्थानीय कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन डॉ अब्दुल्ला नहीं गए थे। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि डॉ फारूक अब्दुल्ला को जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन में हुए घोटाले के मामले में जारी जांच के सिलसिले में बुलाया गया है। जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन में जेकेसीए को वर्ष 2001-12 के दौरान बीसीसीआई ने जम्मू कश्मीर में क्रिकेट व संबंधित गतिविधियों के विकास के लिए 112 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई थी।

### अमेरिकाः चर्च में अंधाधुंध गोलीबारी में पांच साल का बच्चा घायल

**वाशिंगटन।** ह्यूस्टन में एक चर्च में गोलीबारी की गई। हालांकि, पुलिस ने गोलीबारी करने वाली महिला को मार गिराया। इस दौरान एक छोटे बच्चे समेत दो लोगों को गोली लगी है। शहर के पुलिस प्रमुख ट्रॉय फिनर ने बताया कि पांच साल के एक बच्चे की हालत गंभीर है, जबकि कूल्हे में गोली लगने से घायल 57 वर्षीय एक व्यक्ति की हालत स्थिर है। वहीं, लेकवुड चर्च ने एक्स पर दोपहर में बताया कि एक हमलावर द्वारा लगातार गोलियां चलाई जा रही थीं। जांच में जुटी पुलिस।

### कर्नाटक के कोप्पल में महिला से दुष्कर्म, छह आरोपी गिरफ्तार

**कोप्पल।** कोप्पल जिले के गंगावती में महिला से बलात्कार के आरोप में सोमवार को पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक महिला और उसका पति घर जाने के लिए बस स्टॉप पर बस का इंतजार कर रहे थे। घरेलू विवाद को लेकर दंपति में झगड़ा हो गया। जैसे ही बहस तेज हुई छह लोगों ने हस्तक्षेप किया और पति से झगड़ना शुरू कर दिया। इसके बाद उन्होंने पीड़िता के पति की पिटाई शुरू कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला ने शिकायत में पति की पिटाई और बलात्कार का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि आठ और नौ फरवरी की रात को 21 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार करने और उसके पति की पिटाई करने का मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में छह लोगों के शव बरामद

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में सोमवार को गोलियों से छलनी छह शव बरामद किए। शुरुआत में यह संदेह जताया गया कि ये पांच शव उन श्रमिकों के हैं जिनका पिछले महीने तुरबत के होशाब से अपहरण किया गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शवों की पहचान की की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अकबर बलूच ने कहा, शव किला अब्दुल्ला के निर्जन इलाके में एक पहाड़ी हिस्से से बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रांत में अनसुलझे जनजातीय विवादों के कारण भी कई लक्षित हत्याएं की जाती हैं।

## पाकिस्तानःपीएम बनने की रेस में नवाज, इमरान समर्थित पीटीआई की दो टूक

# विपक्ष में बैठना मंजूर, गठबंधन नहीं करेंगे

**लाहौर, एजेंसी**



पाकिस्तान में चुनाव नतीजे के बाद अब सरकार बनाने के लिए जोड़-तोड़ की कोशिश शुरू हो गई है। हालांकि इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने साफ इनकार कर दिया है कि वे सत्ता के लिए नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन या बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी से कोई गठबंधन नहीं करने वाले हैं। पीटीआई के चेयरमैन बैरिस्टर गौहर खान ने पीएमएल-एन और पीपीपी के साथ किसी सीट बंटवारे की बातचीत से साफ मना कर दिया है।

बैरिस्टर गौहर खान ने कहा कि 'वे अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दोनों पार्टियों से गठबंधन करने का कोई इरादा नहीं है।' पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, गौहर खान ने कहा 'हम दोनों के साथ सहज नहीं हैं। इनके साथ सरकार बनाने से अच्छा होगा कि हम विपक्ष में बैठें।' उन्होंने कहा कि अगर वे सरकार बनाने में सफल नहीं हुए तो वे मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। पीटीआई, जमात ए इस्लामी के साथ गठबंधन करने की कोशिश कर रही है। चुनाव नतीजे में जमात ए इस्लामी को खैबर पख्तूनख्वा असेंबली में तीन सीटें मिली हैं। दोनों पार्टियां पहले भी गठबंधन में रह चुकी हैं। हालांकि मई 2018 में जमात ए इस्लामी ने पीटीआई के साथ गठबंधन तोड़ लिया था। पीटीआई मजलिस ए वहदतुल मुसलमीन के साथ भी गठबंधन की कोशिश कर रही है। पाकिस्तान में हुए आम चुनाव के नतीजे में इमरान खान की पार्टी 101 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी है, लेकिन अभी भी वह बहुमत के आंकड़े 133 से दूर है।

नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन को 75 और पीपीपी को 54 सीटों पर जीत मिली है। ऐसे में पीएमएल-एन और पीपीपी गठबंधन कर पाकिस्तान में सरकार बना सकती हैं।

### नवाज शरीफ को पांच और निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन मिला



पाकिस्तान में हुए आम चुनाव और उसके परिणामों की घोषणा के बाद रिकॉर्ड पांचवीं बार प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीटें जीत कर तकनीकी रूप से सबसे बड़ी पार्टी बनी है। इस बीच, असेंबली में किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं होने के कारण पीएमएल-एन गठबंधन की सरकार बनाने में जुटी हुई है। वहीं, पार्टी को पांच और निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन मिल गया है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पार्टी में सभी पांच सदस्यों ने सोमवार को शामिल होने का फैसला किया। मालूम हो कि कि एक दिन पहले इमरान खान की तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित एक निर्दलीय उम्मीदवार ने पीएमएल-एन में शामिल हो गया था। वहीं, इन पांच सदस्यों के पीएमएल-एन में शामिल होने के बाद पार्टी को समर्थन करने वाले कुल निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या अब छह हो गई है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि पूर्व पीएम नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ से निर्दलीय नवनिर्वाचित सदस्यों के रूप में सरदार शमशीर मजारी, इमरान अकरम, सोहेल खान, खिज्र हुसैन मजारी और साहिबजादा मोहम्मद गाजिन अब्बासी ने मुलाकात की है।

# बायकॉटः चिंतित अमेरिका, युद्ध विराम में झोंकी ताकत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को चार महीने से ज्यादा हो चुके हैं। इजराइल का समर्थन करने के कारण अमेरिकी प्रोडक्ट का बहिष्कार हो रहा है। कई अमेरिकी मल्टी नेशनल कंपनियों के उत्पादों का मिडिल- ईस्ट से लेकर एशिया और इंडोनेशिया तक के मुस्लिमों ने बायकॉट किया है।

अपनी कंपनियों को हो रहे नुकसान के चलते अमेरिका ने गाजा में संघर्ष विराम के प्रयास तेज कर दिए हैं। बहिष्कार के चलते अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन कतर और मिस्र के बाद यरूशलम की यात्री। इजराइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद चार माह में ब्लिंकन ने पांचवी इजराइल यात्रा की थी, लेकिन ब्लिंकन प्रयासों पर खरे नहीं उतर पाए। इजराइल ने संघर्ष विराम के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। इस पर ब्लिंकन ने कहा हैं कि आतंकी हमले से इजराइल को दूसरों पर क्रूरता का लाइसेंस नहीं मिल जाता है।



**1967** से 1991 तक कोका कोला का इजराइल में प्लांट के कारण अरब देशों ने किया था बहिष्कार

### बायकॉट अमेरिका अरब से लेकर इंडोनेशिया तक फैला

**मैकडोनल्ड-** इजराइल समर्थन के कारण बहिष्कार हो रहा है। कंपनी के मुताबिक 2023 की आखिरी तिमाही में मिडिल ईस्ट और एशिया में वृद्धि 0.7% रही। एक साल पहले 3.4% थी। कंपनी ने इजराइली सैनिकों को मुफ्त भोजन बांटा था। स्टारबक्स पिछले सप्ताह कॉफी चेन स्टारबक्स ने कंपनी की ग्लोबल ग्रोथ अनुमान 5 से 7% से घटाकर 4-6% कर दिया है। अमेरिकी में इजराइल विरोधी अभियान के कारण वहां भी ग्रोथ कम हुई है। इंडोनेशिया में भी बहिष्कार हो रहा है।

**कोका कोला-** इजराइल में प्लांट के कारण अरब देशों ने 1967 से 1991 तक कोका कोला का बहिष्कार किया। कोक को मार्केट से हटाने के लिए नवंबर 23 में तुर्किये संसद में वोटिंग हुई। तुर्किये में 2023 की अंतिम तिमाही में बिक्री में 22% कम रही है।

**डोमिनोज-** बहिस्कार करने वालों का दावा है कि डोमिनोज ने भी इजराइली सैनिकों को फ्री फूड दिया। दुनियाभर की फ्रेंचाइजी को झटका लगा है। मलेशिया में डोमिनोज ब्रांड के स्टोर की बिक्री 2023 की दूसरी छमाही में 8.9% कम हो गई।

### इजराइल ने दो बंधकों को मुक्त कराया

**राफा।** इजराइल की सेना ने सोमवार गाजा से दो बंधकों को मुक्त कराया और एक नाटकीय घटनाक्रम में गोलीबारी के बीच बंधकों को सुरक्षित बाहर निकाला। हमास द्वारा क्षेत्र में बंधक बना कर रखे गए 100 से अधिक बंधकों की देश वापसी की दिशा में इजराइल की यह एक छोटी लेकिन प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण सफलता है। फिलिस्तीनी अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 67 फिलिस्तीनी मारे गए। अभियान दक्षिणी गाजा शहर रफह में चलाया गया था।

### ईडी के खिलाफ हेमंत की याचिका पर सुनवाई टली अब 27 को होगी सुनवाई

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका 27 फरवरी के लिए स्थगित कर दी है। अदालत इस दिन फिर से याचिका पर सुनवाई करेगी।



अदालत ने फेडरल एजेंसी से एक हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है। वकील जनरल राजीव रंजन ने कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने संशोधित आवेदन को प्रस्तुत करने की अनुमति दी है। हेमंत के वकील राजीव रंजन ने बताया, 'ईडी को जवाब देने का आदेश दिया गया है। अदालत ने 27 फरवरी की तारीख तय की है। हमें संशोधित आवेदन को प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई है।

### आग के अंगारे...





**आइसलैंड :** प्रिंडाविक आइसलैंड की मुख्य सड़क को पार करते हुए और ब्लू लैगून की ओर जाने वाली सड़क पर बहते हुए लावा का एक दृश्य सामने आया है। दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में एक ज्वालामुखी तीसरी बार फटा है। ज्वालामुखी फटने से आकाश में धुएं का गुबार छा गया और द्वीपीय राष्ट्र के सबसे बड़े पर्यटक केंद्रों में से एक ब्लू लैगून स्पा को खाली कराना पड़ा। ज्वालामुखी विस्फोटे के बाद 3,800 की आबादी वाले द्वीप से सुरक्षाकर्मियों द्वारा लोगों को सुरक्षित जगह ले जाया गया। ● एजेंसी

# कोचर दंपती को अंतरिम जमानत देने के खिलाफ याचिका का निपटारा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शीर्ष कोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर और उनके कारोबारी पति दीपक कोचर को अंतरिम जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका का सोमवार को निपटारा कर दिया।



जज बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने याचिका का निस्तारण उस समय कर दिया जब जांच एजेंसी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य मामले में पिछले सप्ताह अपना फैसला सुनाया है लेकिन फैसला अभी तक अपलोड नहीं किया गया है। 6 फरवरी को, बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीबीआई द्वारा चंदा कोचर और उनके पति की गिरफ्तारी को अवैध माना और दंपति को जमानत देने के जनवरी 2023 के अंतरिम आदेश की पुष्टि की।

### नायडू की याचिका पर सुनवाई 26 तक स्थगित

आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास निगम घोटाला मामले में पिछले महीने अग्रिम जमानत दी थी। इसके खिलाफ राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल की है। याचिका सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने सुनवाई के लिए आई और उसने मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 26 फरवरी तय की। याचिका न्यायमूर्ति बेला एम.त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई।

### लखीमपुर हिंसाः आरोपी आशीष की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के आरोपी आशीष मिश्रा को एक बार फिर शीर्ष अदालत से राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ा दी है।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने शीर्ष अदालत रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि वह मामले की प्रगति के बारे में निचली अदालत से रिपोर्ट प्राप्त करे और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। गौरतलब है, सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के आरोपी आशीष मिश्रा को पिछले साल 26 सितंबर को दिल्ली के अस्पताल में जाने की अनुमति दे दी थी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने उन्हें किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग न लेने और मीडिया से बात नहीं करने का आदेश दिया था।

**विज्ञान** | अमेरिका मैरीलैंड के स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के हालिया किए गए शोध से मिली जानकारी

# सूर्य के समाप्त होने के बाद भी सुरक्षित रहेगा बृहस्पति

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** हमारे सूर्य के खत्म होने के बाद ग्रहों का क्या होगा। सम्भव है कि बृहस्पति जैसे बड़े ग्रह सुरक्षित रहेंगे। शेष ग्रह शायद ही बच पाएं। हालिया बाहरी ग्रहों में किए गए शोध से यह जानकारी निकलकर आई है।

पहले समझा जाता था कि सूर्य के खत्म होने के बाद हमारे अन्य ग्रहों का जीवन भी समाप्त हो जाएगा। मगर हाल में हुए शोध में नई जानकारी सामने आई है। अमेरिका मैरीलैंड के स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक सुसान मुल्ली के नेतृत्व में 34 प्रकाश वर्ष की दूरी पर डब्लू डी 1202-232 और 35 प्रकाश वर्ष दूर डब्लू डी 2105-82 नामक अलग-अलग सफेद बौने सितारों की परिक्रमा करने वाले एक्सोप्लैनेट का अध्ययन किया।



35 प्रकाश वर्ष दूर ग्रह व उसका बौना तारा।

अध्ययन में इनके ग्रहों का द्रव्यमान बृहस्पति के 1 से 7 गुना के बीच पाया गया। जेम्स वेब दूरबीन से देखने पर स्पष्ट पता चल पाया कि अरबों वर्ष पुराने बृहस्पति जैसे यह एक्सोप्लैनेट हैं जो संभवतः अपने सफेद बौने मेजबान सितारों के वायुमंडल को प्रदूषित कर रहे हैं और अपने तारे के खत्म होने के बाद बचे रह गए, जो संभवतः अपने अधिक द्रव्यमान के कारण सुरक्षित रह गए। ज्ञात हो हमारा सूर्य भी खत्म होने के बाद व्हाइट ड्वार्फ बन जाएगा। लिहाजा हमारे सूर्य के सफेद बौने में बदल जाने के बाद बृहस्पति और शनि बचे रह पाएंगे।

### अब तक पांच हजार एक्सोप्लैनेट खोज चुके हैं वैज्ञानिक

ब्रह्मांड के अथाह सागर में वैज्ञानिक अब तक पांच हजार से अधिक एक्सोप्लैनेट खोज चुके हैं। खगोलविद एक्सोप्लैनेट के अपने मेजबान तारे पर पड़ने वाले प्रभावों का निरीक्षण करते आ रहे हैं और इन पर होने वाले प्रभावों के आधार पर अनेक निष्कर्ष निकालते हैं। हाल में की गई यह खोज सौर मंडल के ग्रहों की भविष्य की जानकारी प्रदान करती है। एस्ट्रोनॉमी जनरल में यह खोज प्रकाशित हुई है।

# यूएईः मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु को दर्शाया

**अबू धाबी, एजेंसी**

अरब देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में राम मंदिर जैसा भव्य मंदिर अब पूर्णत की ओर है। इस मंदिर (बीएपीएस) में 14 फरवरी को वसंत पंचमी पर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। पीमए मोदी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंगलवार को रवाना होंगे। बता दें, यह मंदिर यूएई की सद्भाव और सह-अस्तित्व की नीति की मिसाल होगा। हिंदू मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में 27 एकड़ क्षेत्र में किया गया है।

मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु के साथ अरबी आर्किटेक्चर में चंद्रमा को दर्शाया गया है, जिसका मुस्लिम समुदाय में भी बेहद महत्व है। यह मंदिर सभी धर्मों का स्वागत करेगा और भारत और अरब की संस्कृति के मिलाप की मिसाल होगा। यहां 100 से अधिक भारतीय स्कूली बच्चे पत्थरों को चित्रित करने में लगे हुए हैं। दरअसल, मंदिर उद्घाटन में शामिल होने वाले सभी मेहमानों को उपहार के तौर पर दिया जाएगा। पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे, जो संयुक्त अरब अमीरात में पहला पारंपरिक हिंदू पत्थर मंदिर है। बच्चे तीन महीने से हर रविवार को मंदिर स्थल पर पत्थर सेवा कर रहे हैं और अब छोटे खजाने कहे जाने वाले उपहारों को अंतिम रूप देने में लग गए हैं। 12 वर्षीय तिथि पटेल के लिए, पत्थर सेवा एक वीकेंड एक्टिविटी है, जिसमें उन्हें काफी मजा आता है। तिथि पटेल ने बताया, हमने मंदिर स्थल पर बचे हुए पत्थर और छोटी चट्टानें इकट्ठा कीं। फिर हमने उन्हें धोया और पॉलिश किया, उसके बाद प्राइमर की एक परत लगाई और फिर पेंट किया। प्रत्येक चट्टान पर एक तरफ एक प्रेरक उद्धरण है और दूसरी तरफ मंदिर के किसी हिस्से को चित्रित किया गया है। 8 वर्षीय रेवा करिया, जिन्होंने इस रविवार को पत्थरों को उपहार बक्सों में पैक किया है, उन्होंने बताया कि उन्होंने उपहार का नाम "छोटा खजानारखा है क्योंकि बच्चे उन्हें अपने छोटे हाथों से इसे बना रहे हैं।

**14** फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करने के लिए आज रवाना होंगे प्रधानमंत्री मोदी



### मंदिर में अयोध्या नगरी को पत्थरों की संरचना में उकेरा

मंदिर में सात देवी-देवता विराजे है, जिसमें राम-सीता, शिव-पार्वती शामिल हैं। बाहरी दीवारों के पत्थरों पर हैंड क्राफ्ट से महाभारत, गीता की कहानियां दर्शाई गई हैं। दीवारों पर पत्थरों द्वारा पूरी रामायण, जगनाथ बात्रा और शिव पुराण भी उकेरे गए हैं। पूरी अयोध्या नगरी को पत्थर की संरचना में उड़ी प्रारूप में उकेरा गया है, जितनी कहानियां हमने बचपन में सुनी हैं, मंदिर परिक्रमा में नक्काशी के रूप में देख सकेंगे।

### खराब मौसम ने मोदी का कार्यक्रम किया छोटा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 'अहलान मोदी' को छोटा कर दिया गया है। इस कार्यक्रम की तैयारियों में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि यूएई में खराब मौसम की वजह से यह फैसला लिया गया है। दरअसल, रात भर बिजली की चमक के साथ भारी बारिश हुई है, जिसके कारण शहर में ट्रैफिक जाम और जलभराव की स्थिति है। बता दें, लोगों की भागीदारी की संख्या 80 हजार से घटाकर 35 हजार कर दी गई है।